आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी
एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता
की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 164 • नई दिल्ली, गुरूवार 21 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 अधिकारों में हकमारी के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने दिया धरना...

## 18 साल बाद पुराने सचिवालय पहुंचे नीतीश, अटेंडेंस चेक की, चैंबर में नहीं मिले मंत्री और अधिकारी

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 18 साल बाद अचानक से सुबह 9:30 बजे पुराने सचिवालय पहुंच गए। सचिवालय पहुंचकर CM ने अपने अधिकारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। पुराने सचिवालय के कैबिनेट सचिवालय, वित्त विभाग, सामान्य प्रशासन समेत कई विभागों में घूम-घूमकर कर्मचारी और अधिकारियों के अटेंडेंस की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगे भी आते रहूंगा। आखिरी बार 2005 में सचिवालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे CM। इस दौरान मंत्री अनीता देवी, वित्त प्रधान सचिव अरविंद चौधरी, सामान्य प्रशासन अपर के मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र अपने चैंबर में नहीं मिले। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि अब वो यहां सप्ताह में तीन दिन आएंगे।

**गलियारों में घूम-घूमकर निरीक्षण किया-** नीतीश कुमार ने सीएम बनने के बाद दूसरी बार मुख्य सचिवालय का निरीक्षण किया। अपने कैबिनेट मंत्री के चैंबर में जाकर वहां की सुविधाएं और साफ सफाई को देखा। अपर मुख्य सचिव के चैंबर में बाहर से झांका। मुख्य सचिवालय के गलियारों



में घूम-घूमकर निरीक्षण किया। तकरीबन दस मिनट तक कार्यालय का निरीक्षण किया। हालांकि, मुख्य सचिवालय से निकलते वक्त मुख्यमंत्री ने फिर जायजा लिया। इस दौरान मंत्री अनीता देवी, वित्त प्रधान सचिव अरविंद चौधरी, सामान्य प्रशासन अपर के मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र नहीं मिले। बुधवार सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सचिवालय पहुंच गए। उनके साथ उनका अमला था। मुख्य सचिवालय पहुंचने के तुरंत बाद सीएम निरीक्षण करने लगे। सीढ़ी से ऊपर जाने के बाद वित्त मंत्री की चैंबर की ओर बढ़े।कैबिनेट हॉल के ठीक बाद वित्त मंत्री विजय चौधरी के चैंबर तक गए। वित्त मंत्री चैंबर में मिले। विजय चौधरी सीएम नीतीश कुमार को अपने चैंबर में ले गए। दोनों में बातें हुई। वित्त मंत्री 9 बजकर 5 मिनट पर कार्यालय पहुंचे थे। इसके बाद वित्त प्रधान सचिव अरविंद चौधरी की चैंबर की ओर बढ़ें। वह चैंबर में नहीं थे।

**साफ-सफाई को लेकर दिए निर्देश** - इसके बाद मुख्यमंत्री मुख्य सचिव और सामान्य प्रशासन अपर मुख्य सचिव के चैंबर का जायजा लेने लगे। अपर मुख्य सचिव चैंबर में नहीं थे। सीएम उनके चैंबर के दरवाजे तक पहुंचे। दरवाजे पर बैठे ऑफिस अटेंडेंट ने बताया कि साहब श्रम संसाधन में बैठे हैं। सामान्य प्रशासन के ठीक सामने कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ का चैंबर है। डॉ. सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को अपने चैंबर में आने का आग्रह किया, लेकिन सीएम अंदर तक नहीं गए।वो दरवाजे से ही वापस अपने चैंबर की ओर लौट आए। लौटते हुए उन्होंने अपने अधिकारियों से विभाग के बारे में चर्चा करते दिखे। ऑफिस की साफ-सफाई को लेकर निर्देश भी दिए।

**मंत्री अनिता देवी के चैंबर का लिया जायजा-** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने चैंबर में कुछ देर बैठने के बाद फिर जायजा लेने लगे। सीएम नीतीश कुमार सचिवालय से बाहर निकलते समय एक बार फिर मंत्री के चैंबर की ओर निरीक्षण करने लगे। मुख्य सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थिति पिछड़ा और अतिपिछड़ा मंत्री अनिता देवी के चैंबर के पास पहुंच गए। उनके साथ मंत्री श्रवण कुमार थे। दो से तीन मिनट तक चैंबर का जायजा लिया। इसके बाद सीएम ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के साथ दिखे। इस दौरान सचिवालय कर्मियों ने फोटो लेना चाहा तो नीतीश कुमार ने उन्हें मना कर दी। सीएम बोले कि यह क्या कर रहे हैं आप।

**सप्ताह में तीन दिन आएंगे सीएम-** वहीं पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आज मैं सुबह 9:30 बजे पुराने सचिवालय पहुंच गया था। मुझे लगा कि कर्मचारी लेट से आते होंगे। कुछ लोग मिले और कई लोग नहीं भी मिले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मैं आगे भी आता रहूंगा। सप्ताह में तीन दिन मुख्य सचिवालय में सुबह 9:30 बजे पहुंच जाऊंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने अनिल कपूर के नाम आवाज और तस्वीर के इस्तेमाल पर लगाई रोक




**नई दिल्ली**। सोशल मीडिया प्लेटफार्म व वेबसाइटों पर नाम, आवाज और छवि के उपयोग के विरुद्ध दायर वाद पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेता अनिल कपूर को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने कहा कि किसी व्यक्ति के नाम, आवाज, छवि या संवाद का अवैध तरीके से उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मशहूर हस्तियों के समर्थन का अधिकार वास्तव में आजीविका का एक प्रमुख स्त्रोत हो सकता है और इसे अवैध व्यापार की अनुमति देकर नष्ट नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि अब उपलब्ध उपकरण लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके वादी के व्यक्तित्व का उपयोग करने की अनुमति देते हैं। सेलिब्रिटी को निजता का अधिकार भी प्राप्त है। अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी वीडियो वायरल करने पर रोक लगाते हुए अदालत ने सभी लिंक तुरंत हटाने का दूर संचार विभाग और केंद्र सरकार को निद्रेश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले अन्य लिंक को ब्लॉक करने का आदेश जारी करेगा। इसी तरह के एक मामले में इससे पहले हाई कोर्ट ने 25 नवंबर 2022 को महानायक अमिताभ बच्चन को राहत दी थी।

### चेन्नई जा रहे विमान का आपात गेट खोलने से मचे हड़कम्प के बाद आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। दिल्ली से चेन्नई जा रही 6 ई 6341 इंडिगो विमान उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की। यात्री की पहचान मणिकंदन के रूप में हुई है। यात्रियों की जान जाखिम में डालने वाले इस यात्री को एयरपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, आगे की जांच के लिए आरोपी को सीआईएसएफ को सौंप दिया गया है। इंडिगो कंपनी भी यात्री के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएगी क्योंकि उसने अपनी ही नहीं बल्कि दूसरों की जान भी जोखिम में डाली। बता दें कि इससे पहले भी 8 जुलाई को हैदराबाद से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में एक यात्री ने टेक ऑफ के दौरान विमान के इमरजेंसी गेट का कवर खोल दिया था। इसकी शिकायत दिल्ली एयरपोर्ट पर की गई थी। फ्लाइट लैंड होते ही आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया था।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की स्मार्ट मोबाइल योजना महिलाओं और छात्राओं को मोबाइल मिलने से खिले चेहरे, हाथों में मोबाइल लेकर चेहरों में मुस्कान

**कर्मपाल सिंह सवाली, गोगुंदा, उदयपुर**। कांग्रेस की शानदार इंदिरा स्मार्ट मोबाइल योजना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेत्तृत्व में पूरे राजस्थान के साथ-साथ गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र बड़गांव क्षेत्र की इस सवाल ग्राम पंचायत के अमराराम का गुड़ा में कैंप के दौरान सरपंच हेमंत श्रीमाली मैं ग्रामीणों को अपने हाथों से एक गहलोत सरकार का विधवा महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल की है जो हमेशा आगे चलकर मजबूत होंगे में ग्रामीण महिलाओं और पढ़ने वाली छात्राओं को मोबाइल देकर ईसवाल ग्राम पंचायत ग्राम साथी प्रेमी बाई पटेल ने अपने हाथों से मोबाइल देते हुए महिलाओं और छात्राओं के चेहरे में शानदार मुस्कान आई और उनके चेहरे खुशी से खिले हुए। इस समय गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस युवा नेता और प्रबल दावेदार बालू भील ने कांग्रेस की योजनाओं को लेकर गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र के बहुत सारे गांव पंचायत समिति बड़ागांव का तूफानी दौरा किया करते समय ग्रामीणों के रूबरू होकर कांग्रेस नेता बालू भील ने कांग्रेस के गहलोत सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूछा यह मोबाइल किसी की तरफ से आए हैं ग्रामीणों ने कहा यह हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत और कांग्रेस की सरकार ने सभी महिलाओं को और छात्राओं को उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए भी मोबाइल एक रामबाण साबित होगा। जिससे आने वाले समय में बेटियों भी गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा में फर्स्ट सेकंड स्थान प्राप्त करके गौरव बढ़ाने में आगे आएगी। यूथ कांग्रेस गोगुंदा विधानसभा अध्यक्ष और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवार के रूप में गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में सर्व समाज के आशीर्वाद से अपना भाग्य आजमाने के लिए बालू भील इस दंगल में उतरे हैं।



## महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित, समर्थन में 454 और विरोध में पड़े 2 वोट

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) बुधवार को लंबी चर्चा के बाद तो-तिहाई बहुमत से लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पर्ची से वोटिंग कराई। गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा।

महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

**राहुल गांधी बोले- ओबीसी कोटा बिना ये बिल अधूरा** - महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में हुई डिबेट में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने इस दौरान ओबीसी को भी इस बिल में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण बिल अधूरा है। राहुल गांधी ने कहा, मेरे विचार से यह विधेयक आज ही लागू किया जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़ने के मकसद से तैयार नहीं किया गया है।

**तीन दशक से अटका था महिला आरक्षण बिल** - संसद में महिलाओं के आरक्षण का प्रस्ताव 3 दशक से अटका हुआ था। पहली बार 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद 2010 में मनमोहन सरकार ने राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण बिल को बहुमत से पारित करा लिया था। लेकिन तब सपा और आरजेडी ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया। दोनों पार्टियों ने तत्कालीन UPA सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दे दी थी। इसके बाद बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया गया।

### गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का दिया जवाब

महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देशभर में दिया। उन्होंने कहा कि गुजरात में उन्होंने जागरूकता पैदा की। इससे लिंगानुपात में सुधार हुआ था। अमित शाह ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई का फायदा ये हुआ कि एक ओर लिंगानुपात में सुधार हुआ, दूसरा गुजरात में प्राइमरी एजुकेशन में 37 फीसदी ड्रॉपआउट रेशो था, लेकिन जब मोदीजी प्रधानमंत्री बने तो ये ड्रॉपआउट रेशो घटकर 0.7 फीसदी रह गया। शाह ने कहा, ये हमारे लिए



राजनीति नहीं, मान्यता और संस्कृति का मुद्दा है। महिला सशक्तीकरण संविधान संसोधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि ये महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता का मामला है। मोदीजी ने जिस दिन पीएम पद की शपथ ली, ये संकल्प लिया। ये सरकार का संकल्प है, जिसे पूरा किया गया। गृहमंत्री ने इसके साथ बिल को पास कराने के लिए सहयोग मांगा।

## कनाडा संकट पर बैठकों का दौर जारी, पीएम मोदी से मिले जयशंकर

### केंद्रीय मंत्री शाह से मिलने पहुंचे एनएसए डोभाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कनाडा के गंभीर आरोप के बाद बुधवार को दिल्ली में ताबड़तोड़ मुलाकातों का दौर जारी हैं। इस बीच, सुबह विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच संसद भवन में बातचीत हुई है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि दोनों के बीच कनाडा से बढ़े तनाव पर बातचीत हुई है। मामले में भारत सरकार का अगला कदम क्या होगा, इस पर भी चर्चा हुई है। दरअसल, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में खुलेआम आरोप लगाया है कि वहां खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट्स का हाथ है। भारत ने इस पर नाराजगी जताकर कड़ी प्रतिक्रिया देकर जैसे को तैसा वाला ऐक्शन लेकर कनाडा के भी एक राजनयिक को देश से बाहर कर दिया। बुधवार को दूसरी बड़ी बैठक गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच हुई है। खास बात यह है कि इसमें भी खालिस्तानी घटना पर ही बात हुई। कनाडा ने अपने लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। वहां सिखों की अच्छी खासी तादाद हैं। वे करीब 9 लाख की संख्या में हैं। पंजाब के लोग वहां नौकरी करने जाते हैं। कनाडा की सरकार में भी सिखों का अच्छा-खासा प्रभाव है लेकिन हाल के समय में खालिस्तानी तत्वों की सक्रियता काफी बढ़ी है। चिंता की बात है कि भारत सरकार के लगातार आग्रह के बावजूद कनाडा सरकार खालिस्तानियों को संरक्षण दे रही है और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर आंखें मूंदें बैठी है। बुधवार संसद परिसर में शाह के ऑफिस में एनएसए डोभाल के पहुंचने से कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। टीवी रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर दोनों के बीच बातचीत हुई है। हाल में कश्मीर के अनंतनाग में हुए एनकाउंटर में खालिस्तानी कनेक्शन पता चला है। एनआईए जांच कर रही है। इसके बाद गृह मंत्री के ऑफिस में आज इसी मुद्दे पर बात हो सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कश्मीर के मुद्दे पर काफी सक्रिय रहते हैं। इसके बाद सरकार की तरफ से किसी बड़े फैसले पर भी बात हो सकती है।

## हिंदुओं को कनाडा से भारत भेजने वाले खालिस्तानी पन्नू की धमकी पर जस्टिन ट्रूडो ने साधी चुप्पी

**एजेंसी। ओटावा**

खालिस्तान आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले गुरवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को धमकाया है। पन्नू ने साफ कहा है कि भारतीय-कनाडाई हिंदुओं को कनाडा छोड़कर चले जाने में ही भलाई है। इधर पन्नू की धमकियों के बावजूद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो चुपचाप बैठे हुए हैं। बता दें कि भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनातनी जारी है। हाल ही में पन्नू का एक वीडियो सामने आया है जिसमें उसे भारत को धमकाते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही उसने 29 अक्टूबर के वैंकुवर में जनमत संग्रह के



लिए कनाडा में बसे सिखों से वोटिंग करने के लिए कहा है। पन्नू का वीडियो सुनकर सन् 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों के साथ जो गुजरा था, वो वाकया याद आ जाएगा। गौरतलब है कि पन्नू को भारत ने आतंकी घोषित किया हुआ है। पन्नू यह को कहते हुए सुना जा सकता है, भारतीय-हिंदुओं ने कनाडा के संविधान का अपमान किया है। इसलिए कनाडा को छोड़ दो, भारत चले जाओ।

## चंद्रयान के बाद गगनयान की तैयारी पर जयराम रमेश ने ली चुटकी

**नई दिल्ली**। राज्यसभा में पीयूष गोयल ने बुधवार को भारत के गगनयान मिशन की चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन के बाद अब भारत गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने इस पर चुटकी लेते हुए सरकार पर कटाक्ष किया। राज्यसभा में पीयूष गोयल ने बताया कि गगनयान मिशन आने वाले वर्ष 2024 के लिए प्लान किया गया है। पीयूष गोयल ने इस दौरान राज्यसभा में चंद्रयान-3, आदित्य एल 1 मिशन, स्पेस मिशन में इस्तेमाल हो रही स्वदेशी तकनीक और इसरो के वैज्ञानिकों एवं कार्यकलापों का जिक्र किया।

## मणिपुर में 5 मैतेई युवा गिरफ्तारः इन पर सेना की वर्दी पहनने और हथियार लूटने पर UAPA का आरोप; रिहाई के लिए प्रदर्शन शुरू

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर पुलिस ने शनिवार 16 सितंबर की रात को सेना की वर्दी पहनकर पुलिस शस्त्रागार से हथियार लूटने के आरोप में पांच मैतेई युवाओं को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आरोप लगे हैं। उधर, इंफाल में आरोपियों की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मैतेई महिलाओं के एक समूह मीरा पैबिस और पांच स्थानीय क्लबों ने 19 सितंबर को दो दिन का बंद बुलाया था। जिसके चलते राज्य के लोगों को परेशानी हो रही है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को पास दो राइफलें,128



राउंड से अधिक गोला-बारूद बरामद हुआ है। इन्होंने मई और जून में पुलिस शस्त्रागार से हथियार लूटे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक की पहचान मोइरंगथेम आनंद सिंह के रूप में हुई है, जो केसीपी के एक गुट में जाने से पहले प्रतिबंधित विद्रोही संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PAL) के कैडर में था। उसे पहले भी राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि वो राज्य में शांति बहाल के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद से 175 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

**वीडियो में पता चला वर्दी में मैतेई युवक थे** - टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में सामने आए वीडियो फुटेज से पता चला है कि पिछले दिनों पल्लेल और कांगपोकपी के कुकी गांवों में हमले करने वाले युवक सेना के वर्दी में मैतेई उग्रवादी थे। उनके पास फर्जी आईडी कार्ड थे। जिसकी वजह से राज्य में तैनात 15000 सैनिक, 12500 पैरामिलिट्री फोर्स और 3000 सेना और असम राइफल्स के जवानों को ड्यूटी करने में परेशानी हो रही थी।

**निरीक्षण** नियमित निरीक्षण रहेगें जारीः उपायुक्त

## डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं का उपायुक्त ने किया मैराथन औचक निरीक्षण

**बरहीडीह**। डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से आज 20 सितम्बर को उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरही व पदमा प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस निरिक्षण प्रक्रिया के दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा मौजुद रहीं। उपायुक्त के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने सर्वप्रथम +2 हाई स्कूल,बरही में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। विद्यालय में लगभग तीन करोड़ रूपये की लागत से अतिरिक्त वर्ग कक्ष, चाहरदिवारी, पेभर ब्लॉक, वर्ग कक्षों की मरम्मती, शौचालय निर्माण आदि कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थल पर उपस्थित संवेदक को सभी निर्माण संबंधी कार्य में गति व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए 10 अक्टूबर तक कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू हुई एवं पढ़ाई में बेहतर करने की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त बरहीडीह-1 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरिक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में साफ सफाई एवं विभिन्न पंजियों के व्यवस्थित संधारण में घोर अभाव के कारण खासी नाराजगी जताते हुए उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं सहायिका को कड़ी चेतावनी देते



हुए महिला पर्यवेक्षिका के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त अनुमंडलीय अस्पताल,बरही पहुंची। यहाँ उन्होंने लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, फार्मेसी, कोल्ड चेन आदि का निरीक्षण किया। अस्पताल में एक्सरे मशीन के क्रियाशील नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने अगले 24 घंटे में दुरुस्त कराने का सख्त निर्देश दिया। मौके पर मौजुद उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उपायुक्त से अस्पताल में महिला चिकित्सक की कमी एवं बेबी केयर कीट की अनुपलब्धता के बारे मे बताया,इस पर उपायुक्त ने महिला चिकित्सक की रिक्ति को डीएमएफटी मद से पूर्ण करने का निर्देश संबंधित को दिया। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के अगले चरण में रामनारायण +2 उच्च विद्यालय,पदमा पहुंची। इस विधालय लगभग 1.5 करोड़ रूपये की लागत से ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल द्वारा विद्यालय में चाहरदिवारी, बहुद्देशीय भवन, पेभर ब्लॉक, प्रयोगशाला आदि का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने सभी निर्माणाधीन कार्यों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि केमेस्ट्री प्रयोगशाला का उपयोग लम्बे समय से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास तिवारी को इस ओर रुचि लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने पदमा के केवटा नदी पर लघु सिंचाई विभाग के द्वारा निर्माणाधीन लिफ्ट ईरिगेशन का अवलोकन किया एवं उपस्थित कार्यपालक अभियंता को निर्देशित करते हुए नवम्बर माह तक लिफ्ट ईरिगेशन को क्रियाशील करने को कहा ताकि रबी फसल के मौसम में किसान इसका समूचित लाभ ले सके। उपायुक्त ने बताया कि योजनाओं की गुणवत्ता एवं उपयोगिता की जांच करने के लिए आज स्थल भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, कौशल विकास आदि के क्षेत्र में सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं योजनाओं की गुणवत्ता एवं जनोपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण औचक निरीक्षण किए जायेंगे।

# खास ख़बर

## सभी संकायाध्यक्षों की आवश्यक बैठक

**मधेपुरा**। विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं सभी संकायाध्यक्षों की आवश्यक बैठक कुलपति की अध्यक्षता में 21 सितंबर, 2023 (गुरूवार) को अपराह्न 12:30 बजे से केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार में निर्धारित है। कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी संबंधितों से अनुरोध किया है कि ससमय बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए।

## प्रभार ग्रहण आज

**मधेपुरा**। पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव 21 सितंबर (गुरुवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने दी।

## महिला आरक्षण बिल पेश होने पर जिप सदस्य अंजली कुमारी ने प्रधानमंत्री को दी शुभकामना

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम प्रस्तुत किये जाने पर जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी ने प्रधानमंत्री को बहुत बहुत बधाई दी।उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा। यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करने का एक ऐतिहासिक फैसला होने वाला है। अब लगता है महिला आरक्षण बिल पास हो जाएगी।इस बिल के पास होने से एक सामान्य परिवार की महिला भी संसद के सीढी तक चढ़ पाएगी। वही देश क विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य करेगी। उन्होने कहा कि मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी।चिर प्रतीक्षित फैसले का स्वागत करते हुए देश की समस्त माताओं, बहनों और बेटियों को "नारीशक्ति वंदन अधिनियम" की बहुत-बहुत बधाई दी गई।उन्होंने बताई की मुझे उम्मीद हैं की दोनों सदनों मे पास होकर जल्द ही कानून का रूप ले इस ऐतिहासिक कार्य के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भाजपा सरकार को देश की सभी महिलाओं क़ी ओर से हार्दिक बधाई।

## डकैती कांड का उद्भेदन 06 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही लुटा गया समान बरामद



**रानीगंज**। 17 सितंबर की रात्रि करीब 12.30 बजे रानीगंज थाना अंतर्गत रिंकू नायक, पिता स्व० श्यामदेव - नायक, सा०- काला बलुआ के घर में 10-12 नकाबपोश अपराधकर्मियों द्वारा गृह डकैती की घटना को अंजाम गया और वादी के घर से 5500 रूपए, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, मोबाईल, अटैची आदि सामान को लूट लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में रानीगंज थाना अंतर्गत कांड संख्या-367/23, दिनांक - 17/0923, धारा -395 भा० द० वि० अंतर्गत दर्ज किया गया था। प्रतिवेदित कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसन्धान एवं आसूचना संकलन के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में शामिल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है साथ ही लुटा गया रूपया 3000.0हजार, 03 मोबाइल, चांदी के जेवरात - 02 चैन, 01 अंगूठी, 02 जोड़ी पायल, बर्तन, कपड़े कागजात आदि एवम घटना में प्रयुक्त 01 नकाब खंती को भी गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बरामद कर लिया गया है। अन्य अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। उपर्युक्त संबंध में रानीगंज थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## आर्य कुमार पुस्तकालय में एसडीओ की अध्यक्षता में सदस्यों के साथ बैठक आयोजित, पुस्तकालय के जिरणोद्धार समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर के आर्य कुमार पुस्तकालय में अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सदस्यों के साथ एक बैठक किया।इस बैठक में पुस्तकालय के जिरणोद्धार समेत अन्य समस्याओं को लेकर एसडीओ को अवगत कराया गया।पुस्तकालय भवन की मरम्मती कराने, छात्र छात्राओं समेत अन्य लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, किताबों की संख्या बढ़ाने एवं किताबों के रख रखाव की व्यवस्था करने, प्रवेश द्वार का चौङाई बढ़ाने, पुस्तकालय प्रवेश स्थल पर मिट्टी भराई कराने,सदस्यों की संख्या बढ़ाने, पुस्तकालय में असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने लगाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई । बैठक में पुस्तकालय आय व्यय का लेखा-जोखा पेश किया गया।इस बैठक में विमल मस्करा, अनिल बैरोलिया,शिव शंकर ठाकुर, बौआ झा, नारायण यादव, शीतल राउत, सुरेंद्र प्रसाद, सुमन शर्मा, सुभाष शर्मा एवं जय नारायण यादव समेत अन्य मौजूद थें ।

# जन संवाद कार्यक्रम के आयोजन में दी गई महत्त्वपूर्ण जानकारी

**फारबिसगंज**। जिला पदाधिकारी, अररिया के दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा जन समस्याओं की जमीनी जानकारी एवं निदान के लिए पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फारबिसगंज प्रखंड अन्तर्गत हरिपुर, पंचायत सरकार भवन में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह एवं उपस्थित माननीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधी सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित कर जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागतगान से किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि यह जन संवाद कार्यक्रम समस्या और समाधान, आम जनता तथा प्रशासन के बीच सेतु का काम कर रहा है। जनसंवाद का मकसद योजनाओं की जानकारी उसके क्रियान्वयन और आम आदमी तक इसका लाभ पहुंचाना है। कई योजनाओं की जानकारी बेहद जरूरी है। इसे कैसे लागू किया जाए यह जानना भी आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी के साथ संवाद स्थापित करना, सुझाव प्राप्त करना, समस्याओं का समाधान करना ही इसका मुख्य मकसद है। उन्होंने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी हर लोगों




को नहीं है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा लोगों से संवाद भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा साईबर क्राईम तथा महिला हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी से आम जनों को अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम को उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा, अनुमंडल पदाधिकारी, फारबिसगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया सहित माननीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी गण ने भी संबोधित किया। जन संवाद कार्यक्रम में सिविल सर्जन अररिया द्वारा उपस्थिति लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुमण्डल अस्पतालों और जिला अस्पताल में सभी प्रकार आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध है। सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा विभिन्न पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) अन्तर्गत मोट्रराईज्ड ट्राईसाईकिल का लाभ प्राप्त करने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रकार जिला प्रबंधक डीआरसीसी द्वारा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवाओं को आवेदन की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला अल्पसंख्य कल्याण पदाधिकारी द्वारा मौलवी एवं फौकानिया के प्रथम श्रेणी के मुस्लिम छात्र/छात्राओं को एकमुश्त दी जा रही प्रोत्साहन राशि तथा महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा सहायता योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानाकारी दी। इसी प्रकार जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपाकल अभियंता पीएचईडी, विद्युत, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, डीपीएम जीविका, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम जनों को योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे जानकारी देते हुए योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किय। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में मत्स्य पालन की योजनाओं से लाभान्वित श्री विरेन्द्र कुमार, मत्स्य पालक ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभवानाएं हैं, जिसका लाभ लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) अन्तर्गत मोट्रराईज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त लाभुक श्री गौतम कुमार मेहता ने कहा कि मोट्रराईज्ड ट्राईसाईकिल मिलने से उन्हें अब किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ता है। इसी प्रकार पशुपालन विभाग से संचालित योजना से लाभान्वित गुलाम मुस्तफा, किसान क्रेडिट कार्ड योजना से लाभान्वित मो0 जावेद, कुशल युवा कार्यक्रम से लाभान्वित अंशु कुमारी आदि ने अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर भूमि सुधार उपसमाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अररिया, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी फारबिसगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी फारबिसगंज, अंचलाधिकारी फारबिसगंज सहित संबंधित पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में हरिपुर पंचायत के आमजन उपस्थित थे।

# जीविका रानीगंज ने किया रोजगार मेला का आयोजन

**रानीगंज**। जीविका रानीगंज द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत रानीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई रानीगंज अररिया की ओर से रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन 20 सितंबर 2023 दिन बुधवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रीतम कुमार चौहान, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री चेतन कुमार, प्रबंधक संचार-सह-प्रबंधक रोजगार श्री नारायण कुमार, प्रबंधक रोजगार कटिहार श्री अमित सागर और सीएलएफ की लीडर्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रीतम कुमार चौहान ने कहा कि युवाओं के लिए यह बहुत ही अच्छा मौक़ा है। बेरोज़गारी के इस दौर में रोज़गार मेला बहुत बड़ा सहारा है। इस मेला में भाग लेकर रोजगार प्राप्त करें। वहीं जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार ने भी युवाओं से इस मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए यह संगठित क्षेत्रो में रोजगार पाने का बहुत ही अच्छा अवसर है। अधिक से अधिक संख्या में युवा इसका लाभ उठाएं। इस मेले में नवभारत फर्टिलाइजर्स, होप केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन टास्क इंडस्ट्रीज, एलएनटी क्विस कॉर्प, एसबीआई लाइफ, केपीआर मिल्स, डीबीटेक सोसाइटी, हिंदुस्तान लेटेक्स, इंफोबेली, मनरेगा, आरसेती आदि कंपनियों और एजेंसियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इस मेले में 1252 युवाओं ने अपना निबंध करवाया साथ ही 218 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर भी दिया गया। साथ ही में स्वरोजगार हेतु 352 युवाओं ने बंधन करवाया एवं डीडीयू- जीकेवाई के तहत प्रशिक्षण हेतु 241 युवक-युवतियों ने अपना निबंध करवाया।





इस रोजगार मेले में ऐसजेवाई वाइपी सौरभ रंजन, प्रशिक्षण अधिकारी श्री प्रमोद कुमार दत्ता, कार्यालय सहायक श्री सुरेंद्र मोहन मिश्रा समेत प्रखंड जीविका कार्यालय से प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री चेतन कुमार क्षेत्रीय समन्वयक चंदन कुमार एवं राहुल कुमार, लेखपाल सतेंद्र कुमार, कार्यालय सहायक मुकेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक रुकिया अंसारी अमृता, राखा, पवन, अनिलेश, निरंजन, वीरेंद्र, जेआरपी राजीव लोचन के अलावा सभी प्रकार के कैडर्स् ने हिस्सा लिया।

## महिला आरक्षण बिल को पेश करना प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक कदम



**अररिया**। ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को पेश करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार. यह बातें जिला भाजपा की मंत्री डा.सुस्मिता ठाकुर ने कही. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र व मजबूत होगा. यह विधेयक लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार करने का है. चाहे नीति हो या नेतृत्व, भारत की नारी शक्ति ने साबित किया है कि वे किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं. देश की महिला शक्ति को उनका अधिकार देने वाली मोदी सरकार का यह निर्णय, आने वाले समय में एक विकसित व समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा.

## कुलपति का सम्मान समारोह आयोजित



**मधेपुरा**। बीएनएमयू के कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण के स्वर्णिम कार्यकाल पूरा होने पर विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. रमण ने कहा कि मधेपुरा ही उनकी जन्मभूमि एवं कर्मभूमि दोनों है। उन्होंने यहीं से शिक्षा प्राप्त की और यहीं लंबे समय तक शिक्षक भी रहे। उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें कुलपति के रूप में अपनी जन्मभूमि की सेवा का अवसर मिला। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रो. रमण का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा। इनके कार्यकाल में लगातार दो दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। सरकार द्वारा स्नातकोत्तर के अठारह ने विषयों की मान्यता मिली। सभी स्नातकोत्तर विभागों में एक, दो, चार के अनुपात में शिक्षकों का पद सृजन करने में सफलता मिली। प्रो. रमण के कार्यकाल में नार्थ कैंपस में 15 स्मार्ट क्लास रूम, वीसी, प्रोवीसी, नार्थ कैम्पस में काफी निर्माण कार्य किया गया। वहां भव्य अतिथिशाला, डाटा कलेक्शन सेंटर, चारदीवारी एवं गेट निर्माण हुआ। स्नातक स्तर पर सीबीसीएस पाठ्यक्रम को लागू किया गया। स्नातक का सत्र भी लगभग नियमित हो गया। ओल्ड कैंपस में पुलिस चौकी का निर्माण हुआ। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. भूपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. अशोक कुमार, शंभू नारायण यादव, डॉ. राजेश्वर राय आदि उपस्थित थे।

## जिले में डेंगू नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में जुटा स्वास्थ्य विभाग



**अररिया** । जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। लिहाजा स्वास्थ्य विभाग इस पर प्रभावी नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में जुटा है। जिले में डेंगू नियंत्रण संबंधी पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं। हर दिन डेंगू संबंधी मामलों की समीक्षा की जा रही है। अगस्त माह से अब तक जिले में डेंगू रोग के सत्यापन के लिये कुल 431 संदेहास्पद मरीजों का एलीजा टेस्ट किया गया है। इसमें अब तक डेंगू के 10 मामले सामने आये हैं। इसमें अधिकांश मरीज डेंगू की चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में डेंगू का महज एक एक्टिव केस है। गौरतलब है कि अब तक मिले के अधिकांश डेंगू मरीज पटना, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब जैसे शहरों से रोगग्रस्त होकर घर लौटे हैं। विभागीय स्तर से मरीजों की सेहत की समुचित निगरानी की जा रही है। इधर डेंगू के संभावित खतरों से निपटने व मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में विभिन्न स्तरों पर जरूरी पहल की गयी है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिये विभाग पूरी तरह तैयार है। इसके लिये सदर अस्पताल में 10, अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में 06 बेड सहित सभी पीएचसी में दो बेड़ क्षमता वाला विशेष डेंगू वार्ड संचालित किया जा रहा है। सभी पीएचसी में डेंगू जांच किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सदर अस्पताल अररिया व अनुमंडल अस्पताल फारिसगंज में डेंगू मरीजों के लिये प्लेटलेट्स जांच की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू के संभावित खतरों से निपटने के लिये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जरूरी पहल की जा रही है। डेंगू के वैसे मरीज जिन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत हो उन्हें पूर्णिया मेडिकल कॉलेज या भागलपुर मेडिकल कॉलेज भेजने के लिये निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।

**जागरूक** | स्वयं सहायता भत्ता में वर्ग - (20 से 25 वर्ष) के सभी व्यक्ति / छात्र / युवा भाग लेंगे

# आर्थिक हल युवाओं को बल" के अंतर्गत संचालित योजनाओं का जिला प्रशासन की टीम ने कॉमर्स कॉलेज आकर बच्चों को किया जागरूक

**मधेपुरा**। जिला पदाधिकारी मधेपुरा के आदेशानुसार चयनित स्थल भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा के वर्ग कक्ष में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को 'आर्थिक हल युवाओं को बल" के अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट योजना , स्वयं सहायता भत्ता योजना एवम कुशल योजना प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी मधेपुरा के ज्ञापांक 275 दिनांक 11 सितंबर के आलोक में महाविद्यालय आई टीम में जफर इकबाल ए एम एस डी आर सी सी मधेपुरा, कुंदन कुमार झा, सुमित कुमार सत्येंद्र कुमार एस डब्ल्यू ओ, संजीत कुमार एवम कमलेश कुमार सिंह एम पी ए डी आर सी सी मधेपुरा आए थे। इस आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने बताया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मधेपुरा द्वारा संचालित तीनों योजना यथा



बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम के मासिक रैंकिंग प्रतिवेदन के समीक्षा के दौरान यह ज्ञात हुआ हैं कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना में जिले की स्थिति आशा अनुरूप नहीं है। इन योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के स्थिति में सुधार हेतु व्यापक एवं सघन प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। उक्त के आलोक में +2 विद्यालय, महाविद्यालय, मदरसा, संस्कृत महाविद्यालय, पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले काउंसिलिंग कार्यक्रम में उस पंचायत के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य, विकास मित्र, टोला सेवक, आंगनवारी सेविका / सहायिका के अतिरित उस पंचायत में निवास करने वाले न्यूनतम 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 15 से 30 आयु (कुशल युवा कार्यक्रम में सामान्य वर्ग-28, पिछड़ी जाति वर्ग 31 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग-33, बिहार स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए सभी वर्ग के लिए 25 वर्ष स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के लिए एवं 30 वर्ष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए तथा स्वयं सहायता भत्ता में वर्ग - 20 से 25 वर्ष) के सभी व्यक्ति / छात्र / युवा भाग लेंगे। पंचायत स्तर पर कार्यरत आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका / विकास मित्र / टोला सेवक एवं जीविका कर्मियों आदि के द्वारा गाँव-गाँव प्रचार-प्रसार किया जायेगा एवं वे स्वयं भी प्रखंड स्तर / पंचायत स्तरीय काउंसिलिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे। काउंसिलिंग कार्यक्रम में डी०आर०सी०सी० स्तर पर गठित दल द्वारा संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं उपस्थित व्यक्तियों का फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। +2 विद्यालय, महाविद्यालय, मदरसा, संस्कृत महाविद्यालय, पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय काउंसिलिंग कार्यक्रम हेतु इस पत्र के साथ माइक्रोप्लान संलग्न कर दी जा रही है जिसका अनुपालन निर्धारित तिथि के अनुसार संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

नौ सूत्री मांगों के समर्थन में सिकटी प्रखंड मुख्यालय में उप मुखिया, वार्ड सदस्यों ने किया आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन

# बिहार सरकार के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने दिया धरना, अधिकार वापस करने के लिए दिखाए एकजूटता

**अररिया/सिकटी**। अधिकार कटौती व नौ सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को अररिया जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय परिसर में उप मुखिया-वार्ड सदस्य संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रखंड मुख्यालयों में उपमुखिया वार्ड सदस्य संघ के प्रतिनिधि व पदाधिकारी व उपमुखिया व वार्ड सदस्य उपस्थित होकर एकजूटता दिखाते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाया। साथ ही अधिकार हनन को लेकर बिहार सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जाहिर किया। सदर प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष तंजूर रहमान, रानीगंज में नीरज झा, भरगामा में यदुनंदन मेहता, सिकटी में मतीउर रहमान, कुर्साकाटा में संजय कुमार मंडल, जोकीहाट में याकूब आलम आदि के अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं अररिया, सिकटी कुर्साकांटा प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने सरकार के विरुद्ध हुंकार भरा। जिला अध्यक्ष सहित शिष्ट मंडल ने बीडीओ को नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप से पूर्व की तरह वार्ड एवं क्रियान्वयन प्रबंधन समिति को अधिकार वापस करने, पूर्व की तरह ऑफलाइन चेक काटने, मानदेय को पांच सौ से बढ़ाकर दस हजार करने, मनरेगा योजना



में स्वीकृत एवं भुगतान का अधिकार देने सहित मांगों के विरुद्ध संघ ने एकजुट दिखाई। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि बिहार प्रदेश के आह्वान पर आगामी तीन अक्टूबर को जिला मुख्यालय में वार्ड सदस्यों का विशाल प्रदर्शन, आक्रोश मार्च व धरना का आयोजन किया जाएगा। बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर प्रहार करते हुए जल्द अधिकार वापस करने की मांग की। मौके पर उपाध्यक्ष नरेश झा, मीडिया प्रभारी सरफराज आलम, वीरेंद्र कुमार चौधरी, अनवर आलम, गंगाधर साह, वीरेंद्र मंडल, नूर बेला बेगम, गौतम सिंह, मनोज मांझी, घनश्याम महथा, रुद्रदेव झा, आनंद झा, वीणा देवी, देवानंद मंडल, अररिया सदर में जिला उपाध्यक्ष हाजी तौहीद, प्रखंड उपाध्यक्ष सफीक आलम, प्रखंड को कोषाध्यक्ष नीलम देवी, जिला उपाध्यक्ष हाजी तौहीद, अफरोज, मनोज कुमार सिंह, अनवार, रिंकी देवी, जानकी देवी, वारिश, तस्लीम सहित बड़ी संख्या में उप मुखिया व वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# ख़ास ख़बर

### युवा जदयू द्वारा पप्पू कुमार यादव को जदयू युवा का प्रखंड अध्यक्ष बनाने को लेकर कार्यकर्ता में हुई खुशी



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में पप्पू कुमार यादव को जदयू का युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ता ने खुशी जाहिर की है। वही युवा प्रखंड अध्यक्ष ने बताया की पार्टी के द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है उसको में ईमानदारी से निभाउंगा और पार्टी को और मजबूती करने का कार्य करूंगा। हर हाल में पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करूंगा ।सभी को साथ लेकर चलूंगा। पार्टी ने मेरे साथ जो विश्वाश जमाया है उसके विरुद्ध हम कार्य नहीं करेंगे जब भी कोई कार्य करेंगे परिवार के हित में करूंगा। साथ ही सभी शीर्ष, नेतृत्व सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष जेडीयू के साथी मेरे शुभ चिंतक जिन्होंने मेरे युवा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दिया है। सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सड़क पर उतरे प्रशासन



**जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल शहर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अनुमंडल प्रशासन एवं नगर परिषद प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को अतिक्रमण हटाओ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के मध्य से गुजरने वाली एनएच 327 ई पर ब्लॉक चौक से लेकर चिलौनी नदी तक पैदल घूम- घूमकर प्रशाशनिक अधिकारियों की टीम ने अस्थाई अतिक्रमणकारियों को जल्द से जल्द संबंधित प्रतिष्ठानों को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही नहीं हटाने की स्थिति में कड़ी कार्यवाई की नसीहत दी। वही प्रशासन के इस कार्यवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। वहीं दुकान के बाहर समान सजाकर रखने वाले दुकानदारों को कारी चेतावनी देते हुए उसके अंदर रखने को कहा। अन्यथा कार्यवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम ने ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को पूर्वी दिशा में चिलौनी नदी, पश्चिम दिशा में जिला परिषद भवन, उत्तर दिशा में मंगल बाजार जबकि दक्षिण दिशा में मेला ग्राउंड में लगाने का निर्देश दिया है। वहीं ठेला वालों को मंगल बाजार में ठेला लगाने की कड़ी चेतावनी दी। अतिक्रमण हटाओ अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी शंभूनाथ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार, मुख्य पार्षद संगीता कुमारी यादव, नप के कार्यपालक पदाधिकारी राज साहिल, थानाध्यक्ष केबी सिंह, व्यापार संघ के अध्यक्ष सज्जन कुमार संत आदि शामिल रहे।

### करजाईन में गणेश उत्सव का हुआ आयोजन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मंदिर परिसर करजाईन में प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान धूमधाम से गणेशजी की पूजा अर्चना की जा रही है। 10 दिवसीय गणेश उत्सव अनंत चतुर्दशी के दिन संपन्न होगा। विधिवत पूजा कर गणेशजी को लड्डू का भोग लगाया जा रहा है। संध्या वेला में पुष्पांजलि एवं आरती कार्यक्रम में स्थानीय श्रद्धालू भाग ले रहे है। इस दौरान श्रद्धालुओं के गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से वातावरण गूंज उठता है। पूजा समापन के बाद लड्डू प्रसाद का वितरण किया जाता है। पूजा समिति के द्वारा पूजन स्थल पर श्रीगणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं पूजा कार्यक्रम में पूजा समिति के अध्यक्ष गोपाल शारदा , उपाध्यक्ष आनंद अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष कृष्णा सोमानी उर्फ गोलू, सुजीत मेहता सचिव, अभिनव मेहता उपसचिव, गणेश गुरुमैता सहित गणेश पूजा व मेला समिति के सदस्य सक्रिय हैं।

### 261 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद, तस्कर फ़रार



**सोनू आलम/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत ललितग्राम ओपी पुलिस ने बुधवार की अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर मिरचैया नदी के समीप एनएच 57 पर 261 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद किया है। जबकि शराब तस्कर बाइक से शराब फेंक कर भागने में सफल रहा। जानकारी देते ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह गस्ती के दौरान एनएच 57 स्थित मिरचैया पुल के समीप से शराब तस्कर अपनी बाइक पर बोरी में शराब लेकर जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस को शक होने पर जब उसे रोकने का प्रयास किया तो तस्कर बाइक से बोरी को फेंक कर तेज गति से भाग निकला। बताया कि जब शराब की तलाशी ली गयी तो 300 एमएल का 261 बोतल एवं कुल 78.3 लीटर नेपाली दिलवाले शराब बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दो शराब कारोबारी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर थाना के थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की बुधवार सुबह को विशेष समकालीन अभियान के दौरान सुबह लगभग 6 बजे थरिया वार्ड नंबर 01 स्थित रामचन्द्र चौधरी के घर के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था,उसी क्रम में पूर्वी कोशी तटबंध के तरफ से थरिया रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे दो व्यक्ति अपने अपने सायकिल के हेनल्डिंग में एक एक झोला लटकाकर आ रहा था एवं एक लाल रंग के मोटरसाइकिल के आगे वाला सुरक्षा गार्ड में एक झोला लटका कर आ रहा था, जो अचानक पुलिस वाहन को देखकर अपना अपना सायकिल और मोटर सायकिल छोड़कर भागने लगे। ससत्र बल के द्वारा भागने वाले तीनों व्यक्ति पीछा किया गया। जिसमे से सायकिल सवार दोनो व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ा गया एवं मोटर सायकिल चालक पानी एवं कीचड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पकड़ाए व्यक्ति मलाढ वार्ड नंबर 12 निवासी चरितर सदा और मलाढ वार्ड नंबर 09 निवासी चनेश्वरी सदा के रूप में पहचान किया गया। भागने वाले व्यक्ति के बारे में पूछ ताछ करने पर बताया की वह मलाढ वार्ड नंबर 14 निवासी प्रमोद यादव था जो भागने में सफल रहा। चरितर सदा के सायकिल में लटकाए प्लास्टिक का झोला में 10 लीटर देशी चुलाइ शराब वही दूसरे सायकिल चालक चंदेश्वरी सादा के सायकिल में लटके झोला से से कुल 07 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ। मोटर सायकिल के सुरक्षा गार्ड में लटके झोला से कुल 11 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद हुआ। सायकिल एवं मोटर सायकिल से तीन प्लास्टिक के झोला में बरामद कुल 28 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब,दो सायकिल एवं एक मोटर सायकिल जब्द किया है। अवैध शराब का कारोबारी करने के आरोप में तीनों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है। पकड़ाए दोनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

## विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर हासा चमेलवा में किया गया सांस्कृत कार्यक्रम





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर,सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के नौआबाखर पंचायत के हासा चमेलवा में दरभंगा जिला से आए शंभू यादव ने अपने कलाकारों के सहयोग से अपने कला को दर्शक के बीच बड़े ही श्रद्धा से छलकाया,जिसमे दर्शक गण भाव विभोर हो गए। वही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साह ने फिता काटकर सास्कृत कार्यक्रम की शुरुआत किया । वहीं रातभर देवी गीत को सुन झूमते रहे दर्शक। वहीं दूरदराज से आए हुए कलाकार शंभू यादव ने कहा की हम अपने कलाकारों के साथ गांव मुहल्ले में पहुंचकर लोगो को सच्चे संदेश देता हूं। दर्शकों के बीच ऐसा कलाकारी दिखा रहा हूं की इससे छोटे छोटे बच्चे भी सच्चे मार्ग पर चलने को मजबूर हो जाता है। मेरा संगीत सिर्फ धर्म से जुड़ा हुआ है जिसमे तनिक भी अश्लीलता नही है। हमलोग मिथला वासी है इसलिए मिथिला की जो भाषा है उसको साथ लेकर चलता हूं जिससे मेरे चाहने वाले को एक नया सिख भी मिलता है। हालांकि सास्कृत कार्यक्रम में पुरुष से अधिक महिला दर्शक देखने को मिला।

## महिला आरक्षण बिल पर जताई खुशी



**अभिषेक आनंद/ दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र के बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत जिप सदस्य ने संसद के विशेष सत्र में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पेश करने पर सुपौल जिला भाजपा की उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इससे महिलाओं की राजनीति समेत सभी क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार महिलाओं के विकास व शिक्षा के लिए काफी काम कर रही है। महिला आरक्षण बिल लाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा से नारी शक्ति का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब राजनीतिक तौर पर भी सशक्त होंगी। ल देश की आज़ादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक फैसले से पूरे देश की महिलाओं में आत्मा सम्मान और आत्म विश्वास का भाव पैदा होगा।

## श्री गणेश पूजा के अवसर पर रासलीला का उद्घाटन







**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत श्रीगणेश पूजा व मेला समिति करजाईन बाजार के द्वारा मध्य विद्यालय करजाईन के मैदान पर रासलीला का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार की संध्या में क्षेत्रीय विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि रासलीला के माध्यम से मनुष्य को सही मार्ग पर चलने की सीख दी जा जाती है। उन्होंने कहा कि मन को एकार कर रासलीला का आनंद लें तथा भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी से प्रेरणा लेकर उसे अपनी जीवन में उतारें। विधायक ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से अच्छे कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। रासलीला को समझ कर समाज के अंदर की बुराई को दूर करने की जरूरत है। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व श्रीगणेश पूजा व मेला समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं उद्घाटन के बाद वृन्दावन से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### 9 सूत्री मांगो को लेकर वार्ड सदस्यों ने किया धरना



**डॉ0विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में वार्ड सदस्य संघ द्वारा बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सात पंचायतों से धरना में शामिल होने के लिए वार्ड सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय सुबह 10 बजे से पहुंचना शुरू कर दिया। प्रखंड कार्यालय में वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष वीर बहादुर यादव के नेतृत्व में बीडीओ मो.जफरुद्दीन को नौ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया हमारी मांग सरकार से है। इस धरना के माध्यम से हमारी मांगों को विभागीय स्तर से बिहार सरकार तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार सात निश्चय योजना से वार्ड सदस्यों को अलग रखी है, जबकि सात निश्चय योजना के तहत ही गांव के गलियों में सड़क व नाली निर्माण कार्य किया जाता था लेकिन अब यह योजना सरकार वार्ड सदस्यों को नहीं दे रही है और गांव का विकास कार्य बाधित है। मनरेगा में वार्ड सदस्यों का कोई भूमिका नहीं है। गांव एवं वार्ड से जुड़े लोगों को रोजगार नहीं मिल रही है। लाभ से वंचित ग्रामवासी वार्ड सदस्यों को विकास कार्य नहीं होने एवं रोजगार नहीं देने का दोषी मान रहे हैं। सरकार जब तक उन्हें सम्मान नहीं देंगी, तबतक उनका सरकार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन व आंदोलन चलता रहेगा। इस मौके पर वार्ड सदस्य पुलकित यादव, प्रीतम मुखिया, जितेंद्र साह, विनोद राय, मो.शमशाद, मो.हलीम, बबिता देवी सहित 7 पंचायतों से जुड़े सभी वार्ड सदस्य व अन्य मौजूद थे।

### अधिकारों में हकमारी के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने दिया धरना



**जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिवेणीगंज मुख्यालय के मवेशी अस्पताल के परिसर में बुधवार को बिहार राज्य वार्ड सदस्य महासंघ के आह्वान पर वार्ड सदस्यों ने एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन प्रखंड वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष समतोला देवी के अध्यक्षता में किया गया। इसके बाद आयोजित बैठक में वार्ड सदस्यों के अधिकारों में की जा रही कटौती एवं पंचायत में वार्ड सदस्यों के हो रहे अधिकारों के हनन के खिलाफ अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित विचार - विमर्श किया गया। इस दौरान वार्ड सदस्यों ने कहा कि हम लोगों की अधिकारों की हाकमरी की जा रही है एवं एक षड्यंत्र के तहत हमारे अस्तित्व को मिटाने की कोशिश की जा रही है। कहा की सरकार जब तक हमारी 9 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करती। तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इसके उपरांत वार्ड सदस्यों ने वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। नौ सूत्री मांगो में वार्ड क्षेत्र में क्रियान्वित प्रत्येक योजना में अभिकर्ता अनिवार्य रूप से संबंधित वार्ड सदस्य को ही बनाया जाए, ग्राम पंचायत में चल रहे भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा मनरेगा योजना की एक सौ प्रतिशत कार्य वार्ड सदस्यों के द्वारा कराई जाए, ताकि वार्ड क्षेत्र से मजदूर की पलायन रुक सके, प्रत्येक माह सभी वार्ड सदस्यों को दस हजार रुपया दिया जाए, सांसद विधायक के तर्ज पर पेंशन दिया जाए आदि मांगे शामिल है। धरना में चंद्र किशोर मेहता, रंजीत उराव, पप्पू यादव, तरुण कुमार, बबलू ऋषिदेव, ललिता देवी आदि वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### भीमनगर वार्ड 15 में एसडीएम और आरडीओ ने प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला भवन का उदघाटन किया



**अभिषेक आनंद/दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसन्तपुर प्रखंड के भीमनगर पंचायत के वार्ड 15 अंतर्गत बुधवार को वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार और बसन्तपुर आरडीओ कुमार मनीष भारद्वाज ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला फीता काटकर उदधाटन किया। जानकारी अनुसार 15 वी वित्त आयोग के अन टाइड योजना के 14 लाख 99 हजार 700 रुपये की लागत से इस भवन का निर्माण किया गया है।अभी वर्तमान समय मे शिफ्टेड प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला बसन्तपुर पंचायत के वार्ड 03 बैद्यनाथपुर में संचालित हो रहा था।जो साढ़े तीन किलोमीटर दूर था।और बच्चों को इतनी ही दूरी तय कर विद्यालय जाने में परेशानी होती थी। इस विद्यालय के भवन के निर्माण का कार्य पूरा हो जाने से बच्चों को परेशानी भी नही होगी और स्कूल में बच्चे की उपस्थिति भी पूरी होगी।वर्ष 2008 की कुसहा त्रासदी के दौरान ही इस विद्यालय का भवन समाप्त हो गया था। जिससे विद्यालय को प्राथमिक विद्यालय बैद्यनाथपुर में शिफ्ट कर दिया गया था।आज उदघाटन के बाद बच्चों को दूर पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ेगा भवन निर्माण हो जाने से यहां के आसपास को बच्चों को आने में आसानी होगा। इस मौके पर पंचायत के मुखिया बबलू यादव,पीओ राजेश कुमार रमन,आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**महापर्व** इस दौरान जैन धर्मवलंबी के लोगों ने एक दूसरे को क्षमा याचना किया

## क्षमा याचना के साथ संपन्न हुआ प्रयूषण महापर्व





**डॉ0बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत जैन श्वेतांबर धर्मावलंबी का पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन बुधवार को क्षमा याचना के साथ पर्व का समापन हो गया। इस मौके पर जैन उपासक श्रीमती सीमा वैध एवं श्रीमती मंजू कोठारी कोलकाता से चलकर निर्मली पहुंची। पर्यूषण पर्व को लेकर नगर में खास चहल-पहल देखने को मिला नगर के तेरापथ भवन में भव्य आयोजन की गई थी। इस दौरान जैन धर्मवलंबी के लोगों ने एक दूसरे को क्षमा याचना किया। कहा जाता है कि बीते 1 वर्षों में कहीं किसी से शिकवा गिला होने पर प्रयुषण पर्व के मौके पर सभी एक दूसरे को क्षमा का दान देते हैं। उसदिन से सभी प्रेम एवं सद्भाव से अपना जीवन व्यतीत करते हैं। प्रयूषण के मौके पर तेरापथ भवन में जैन बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के प्रतिभा दिखाया गया। जिसमें बेहतर प्रतिभा दिखाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कलकता से आए जैन उपासक ने सभी जैन परिवारों को धर्म के प्रति जागरूक किया। वहीं बीते 8 दिनों से अठई तपस्या में लीन तेरापंथ युवा परिषद के अध्यक्ष मुकेश कुमार नाहर ने बुधवार को तेरापंथ भवन में अपना आठाई तपस्या को संपन्न करते हुए क्षमा याचना किया। मौके पर सभा के अध्यक्ष निशांत बोथरा, निवर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल सुराना, महिला मंडल की मंत्री वर्षा चोपड़ा, मोना पोहार, सोनिका नाहर, ज्ञानश्ला की परशिक्षिका प्रियंका नाहर, सह मंत्री तरुण जैन, आशीष जैन, विनीत नाहर, विकास सुराना, मदन पोहार सहित जैन समुदाय के लोग मौजूद थे।

## स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर सफाई, किया जागरूक






**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले के छातापुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भीमपुर पंचायत में बुधवार को बिहार लोहिया स्वच्छ मिशन अभियान के अंतर्गत पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छ्ता पर्यवेक्षक राजकुमार साह के अलावे अन्य स्वच्छता कर्मी मौजूद थे। स्वच्छता अभियान के दौरान सर्वप्रथम पंचायत के वार्ड 9 से साफ, सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसके बाद पंचायत भ्रमण करके विभिन्न सरकारी संस्थानों सार्वजनिक जगहों एवं चौक चौराहों पर सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत के मुखिया रंजन कुमार भारती ने बताया कि इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज सभी स्वच्छता कर्मियों के द्वारा वार्ड 9,10 और 12 के विभिन्न स्थानों पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई है। वहीं लोगो से अपील किया जा रहा है कि अपने घर एवं आस-पास को साफ सुथरा रखें। इसके साथ पंचायत के सभी वार्डों सदस्य को अपने स्तर से समय समय पर स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक करें और पंचायत को स्वच्छ बनाने में अहम भागेदारी निभाने की बात कही। स्वच्छ्ता पर्यवेक्षक राजकुमार साह ने बताया कि पंचायत में स्वच्छता कर्मियों के नेतृत्व में पंचायत के सभी सड़कों, गलियों, सभी घरों, सार्वजनिक जगहों, सरकारी संस्थानों, सरकारी विद्यालयों को साफ सुथरा करना अंतिम लक्ष्य है।

## ख़ास ख़बर

### मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने 5 लोगों पर लगाया जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** कनीय विद्युत अभियंता दिनारा, विकास कुमार शर्मा ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन कर पंचायत-भड़सरा के ग्राम-गंजभड़सरा में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी की गई। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर देवन्ती देवी पर 21942, कलावती देवी पर 27114, निखिल कुमार पर 28558, धर्मेंद्र चौधरी पर 26204, उपेंद्र चौधरी पर 22988 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। सभी अभियुक्तों के खिलाफ दिनारा थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। जांच दल में क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री जितेन्द्र शर्मा, रवि कुमार, श्रीभगवान सिंह, शैलेन्द्र कुमार अखिलेश कुमार मौजूद थें।

### ट्रेन गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा। भोजपुर।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर घटी घटना आरा दानापुर-पीडीपीयू रेलखंड पर कारीसाथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 28 वर्षीय युवक मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया घटना को लेकर लोगों के बीच अपना अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना आरा रेल थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस आरा सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुड़ गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह कारीसाथ रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो पर वह चलती ट्रेन पर चढ रहा था। उसी दौरान असंतुलित होकर वह ट्रेन गिर पड़ा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद आरपीएफ पुलिस द्वारा संपूर्ण क्रांति सुपरफास्ट ट्रेन से उसे आरा स्टेशन लाया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### दिनदहाड़े पीएनबी बैंक से 30 लाख की लूट

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** बक्सर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। जहां बेखौफ अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक से 30 लाख रूपये लूट लिये और हथियार लहराते मौके से फरार हो गये। घटना सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनपुरा की है जहां दिनदहाड़े लूट की बड़ी घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया है। अनुमंडल में बेखौफ लूटेरों ने बुधवार की शाम सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनपुरा गांव स्थित पंजाब नैशनल बैंक में लूट की भीषण घटना को अंजाम दिया है। घटना बुधवार की शाम करीब 4 बजे की है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई। तत्काल सिमरी पुलिस के साथ ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए है। हालांकि लूटेरों की संख्या कितनी थी तथा बैंक से कितना रूपया लूटा गया है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल बैंक प्रबंधन तथा पुलिस इस मामले में कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर रही है। बता दें कि पिछले एक महीने में अनुमंडल में लूट की यह तीसरी वारदात है। इसके पहले कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में दो सीएसपी संचालकों से लूट की घटनाएं हो चुकी है।

### नासरीगंज में नौ सूत्री मांगों को ले वार्ड संघ ने दिया धरना



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर पर वार्ड संघ ने संघ के आह्वाहन पर नौ सूत्री मांगों को ले शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन वार्ड संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के अध्यक्षता में बुधवार को हुआ। इस अवसर सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। इस अवसर पर सभी वार्ड सदस्यों ने हमारी मांगें पूरी करो,वार्ड सदस्यों को न्याय दो, वार्ड सदस्य के अधिकार रक्षा करना होगा समेत अन्य नारे लगाये गये। इस अवसर पर वार्ड सदस्यों ने वार्ड क्षेत्र में प्रत्येक योजना में वार्ड सदस्यों को अभिकर्ता बनाये जाने,सदस्यों के अधिकार के हनन को ले उच्चस्तरीय जांच करने,मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना एवं नली गली का कार्य वार्ड स्तर पर किये जाने का नियम बनाने समेत 09 सूत्री मांगपत्र बीडीओ को सौंपा। इस अवसर पर वार्ड सदस्यों ने कहा कि सरकार हमारी मांगें शिघ्र पूरी करे अन्यथा संघ के आहवाहन पर आंदोलन किया जायेगा। संचालन राजेन्द्र कुमार पेंटर ने किया। मौके पर बीरेंद्र कुमार चौधरी,संगीता देवी,कुमार आकाश,मो.गुफरान,सिंघासन ठाकुर, जितेंद्र पासवान,सन्तोष कुमार,धर्मेंद्र कुमार,जवाहर लाल साह, समेत बड़ी संख्या में वार्डसद्स्यगण उपस्थित थे।

नियमित ऑफिस में नहीं बैठने से ग्रामीणों को राशन कार्ड बनवाने में कठिनाइयों का करना पड़ता है सामना

# नासरीगंज प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुख्यालय से रहती है गायब








**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज प्रखंड मुख्यालय में पदस्थापित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी नैन्सी कुमारी अक्सर अपने प्रखंड मुख्यालय से गायब रहती है। नैन्सी कुमारी प्रखंड मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में महीने के तीस दिन में प्रायः एक या दो दिन ही उपस्थित रहती हैं और उस एक या दो दिन में मात्र एक या दो घण्टे किसी भी समय प्रकट हो जाती हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नैन्सी कुमारी अपने कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने के कारण राशन कार्ड बनाने या कार्ड सम्बन्धी समस्या के निवारण के लिए आए ग्रामीण नैन्सी कुमारी से मिलने की आस में टकटकी लगाये बैठे रहते हैं और कार्यालय अवधी समाप्त होने के बाद खाली हाथ बैरंग लौट जाते हैं। उक्त समस्या के समाधान को ले सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों के ग्रामीण समेत नगर के विभिन्न वार्डो की बुजुर्ग महिला,पुरुष फरियादी चिलचिलाती धूप में,वर्षा में कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी साहिबा के अनुपस्थित रहने के कारण उनका अधिकार उन्हें मिल नहीं पा रहा है। इस सम्बंध में (1) स्थानीय कहते हैं कि जब से नैन्सी कुमारी ने पदभार सम्भाला है तब से वह अपने कार्यालय से अनुपस्थित रहती चली आ रही हैं। राशन कार्ड के विषय में बताने वाला कोई नहीं है कैसे लोगों की समस्या का समाधान होगा।(2) प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की अनुपस्थिति से सभी अवगत हो गये हैं उच्च अधिकारी भी इनपर मेहरबान हैं। गरीबों के अधिकार का हनन हो रहा है और किसी को कोई परवाह ही नहीं है। (3) कहते हैं कि राशन कार्ड बनाने के लिए चढ़ावा लिया जाता है,राशन कार्ड बनाने के लिए दो से तीन हजार जिसने दिया उसका बनेगा जो नहीं दिया वो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के आने की टकटकी लगाता रहे कुछ नहीं होने वाला। पूरा मामला फिक्स है। ऊपर से नीचे तक सबकी राशि पहुंच जाती है।(4) प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार कहते हैं कि बैठक कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से कार्यालय में अनुपस्थित रहने का कारण पूछा जाएगा। राशन कार्ड से लोग वंचित हुए लोगों का राशन कार्ड बनना चाहिए। राशन कार्ड बनवाने के लिए प्रतिदिन वृद्ध महिलाएं व पुरुष प्रखंड मुख्यालय का चक्कर काट रहे है। प्रखंड क्षेत्र में राशन कार्ड बनाने में लीपा-पोती करने की शिकायत मिल रही है। उक्त मामले को ले जिलाधिकारी से भी शिकायत से हस्तक्षेप करने को कहा जाएगा। इस सम्बंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नैन्सी कुमारी से पूछे जाने पर बताया गया कि गत एक सप्ताह से जातीय जनगणना में,ततपश्चात अनुमंडल में अतिक्रमण हटाओ अभियान में मुझे तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सरकारी क्रयों में ड्यूटी लगने के कारण कार्यालय में समय नहीं दे पाना स्वाभाविक है।इसके पूर्व नियमित कार्यालय में अनुपस्थित रहना मेरी लोगों की समस्या सुनना उसका निवारण करना मेरी दिनचर्या होती थी। राशन कार्ड सम्बन्धी मामलों को ले लोगों की समस्या का समाधान का प्रयास लगातार करती रहूंगी। बीडीओ मो. जफर इमाम ने कहा कि एमओ के नियमित कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने से उनके विभाग की समस्या को ले आने वाले लोगों को कठिनाई होती है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को नियमित कार्यालय में उपस्थित रहना चाहिए ताकि लोगों की शिकायतो का निवारण हो सके। एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नैन्सी कुमारी को अपने कार्यालय में लगातार उपस्थित रहने का निर्देश दिया जा चुका है। कार्यालय से अनुपस्थित रहने की शिकायत मिलने पर उचित कारवाई की जाएगी।

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कव्वाली महामुकाबला कार्यक्रम का आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** नासरीगंज धुस के निकट विद्युत पावर सब स्टेशन परिसर में मंगलवार को रात्रि में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कव्वाली महामुकाबला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाराणसी यूपी से आई कव्वाली कलाकार रूखसाना बानो व गया के प्रसिद्ध कव्वाल बच्चा नसीम की जुगलबंदी ने दर्शकों का मन मोह लिया। वही कार्यक्रम का उदघाटन विद्युत जेई पंकज कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जेई ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कव्वाली का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम मन व मस्तिष्क की शांति का घोतक है। दोनों कलाकारों ने रात भर एक से बढ़ कर एक सवाल जवाब से लैस कव्वाली का कलाम पेश किया।अंत में मुकाबला दोनों के बीच टाई हुआ। कार्यक्रम मंगलवार देर रात से शुरू होकर बुधवार सुबह तक चलता रहा और दर्शक एवं श्रोतागण रात भर कार्यक्रम का आनन्द लेते रहे। मौके पर दीनानाथ राय, जितेंद्र कुमार,काराकाट जेई आशीष कुमार,रेयासत इदरीसी,मनोज कुमार,बटेश्वर कुमार,हरिनारायण प्रसाद,सोनू कुमार,समेत बड़ी संख्या में विद्युत अधिकारी, कर्मी स्थानीय महिला पुरुष दर्शक उपस्थित थे।

## सहायक विद्युत अभियंता का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** धुस स्थित पावर सब स्टेशन कार्यालय में विगत दो वर्षो से पदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता धीरेंद्र कुमार के पटना हस्तानांतरण होने पर कार्यालय परिसर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह जेई पंकज शर्मा के अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समस्त जिले से आये विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ,बुके,अंगवस्त्र एवं उपहार व माला देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जेई ने कहा कि सरकारी सेवाकाल में हस्तानांतरण एवं पदस्थापन एक प्रकिर्या है कि जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। निवर्तमान सहायक विद्युत अभियंता का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा। वह सबके प्रति सहयोगी एवं लोकप्रिय अधिकारी रहे। हम सभी इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हस्तानांतरित हुए सहायक विद्युत अभियंता ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पावर सब स्टेशन कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मी हमारे प्रति सहयोगी रहे जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर काराकाट जेई आशीष कुमार,डेहरी सहायक अभियंता रवि कुमार,अभियंता सेंट्रल स्टोर डेहरी देवेंद्र कुमार,लेखापाल हरिशंकर दिवाकर,इम्तेयाज आलम,रेयासत हुसैन, रफीक आलम,मुकीम अंसारी,बटेश्वर कुमार,लव कुमार,समेत बड़ी संख्या में विद्युत अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### डीआईजी ने ली परेड की सलामी किया औचक निरीक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** वार्षिक निरीक्षण के लिए डेहरी पहुंचे शाहाबाद डीआईजी नवीन चंद्रःपरेड की ली सलामी, विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण; दिए आवश्यक निर्देश रोहतास में शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा ने बुधवार को पुलिस लाइन, डेहरी के वार्षिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। सबसे पहले उन्हें पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद उन्होंने एक सुसज्जित वाहन में परेड की सलामी भी ली। उन्होंने पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। मौके पर एसपी विनीत कुमार, एसडीपीओ विनीता कुमारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### शांप काटने से 14 वर्षीय छात्रा मालती कुमारी के मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया भाई दिनेश ने

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा भोजपुर।** भाई दिनेश ने कहा की बहुत ही दुखद घटना की सूचना मिला सुनकर मन बहुत दुखित हुआ सामाजिक कार्यकर्ता जय राम सिंह के छोटे भाई शंकर सिंह ग्राम बालदेव सिह के टोला के सुपुत्री मालती कुमारी उम्र 14 वर्ष का रात में सोने के दौरान जहीरिला शांप के काटने से मौत हो गया है । भाई दिनेश ने कहा की सुनकर मन बहुत दुखित हुआ ,पीड़ित परिवार से फोन कर बात कर संतावना दिए । भगवान से प्रार्थना की पीड़ित परिवार को दुख सहन की शक्ति दे। भाई दिनेश ने कहा की थाना से जल्द पोस्ट मार्टम के लिए कागज तैयार करने और सदर अस्पताल के प्रबंधक से जल्द पोस्ट मार्टम करने के लिए बोले । भाई दिनेश ने जिला पदाधिकारी से सरकार के संकल्प के अनुसार शाप काटने से मृत्यु होने पश्चात पीड़ित परिवार को अपादा के तहत चार लाख रुपए दिया जायेगा ,उस मुआवजा को जल्द देने के लिए बोले । पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर भी जाऊंगा । घटना की जानकारी पूर्व वार्ड सदस्य जय राम सिंह और यदुनन्दन सिंह ने दिया ।

### मुख्यमंत्री को स्वागत करने को लेकर बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, आरा भोजपुर।** बुधवार को बी आर सी भवन पीरो के प्रांगण में शिक्षा सेवक/शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की एक बैठक की गई। जिसमे कल दिनांक 19/09/2023को बिहार सरकार द्वारा शिक्षा सेवक/शिक्षा सेवक तालीमी मरकज का मानदेय में दुगुना वृद्धि तथा हर साल 5%वृद्धि का घोषणा हुई। जिससे सभी शिक्षा सेवको में खुशी का माहौल हैं। सभी शिक्षा सेवक ने बिहार सरकार के महागठबंधन इस फैसला का स्वागत किया तथा सभी शिक्षा सेवको ने सरकार के इस फैसला का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवम उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का पटना में स्वागत समारोह करने की जानकारी दी एक आशा के साथ की शिक्षा सेवको का भविष्य और बेहतर बनाने के लिए बिहार सरकार आने वाले दिनों में और भी निर्णय लिया जा सकता हैं।

### दो दिवसीय रोजगार मेला का आज होगा आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा।** जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज, सिकन्दरपुर, आरा में 21 एवं 22 सितम्बर 2023 को दो दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के सचिव सह जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि विशेष रूप से आरा नगर, भोजपुर जिला एवं बिहार राज्य के प्रतिभावान युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला का उद्घाटन 21 सितम्बर को पूर्वाह्न 11.00 बजे श्री राज कुमार, भा.प्र.से., जिला पदाधिकारी भोजपुर, आरा द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वरूप श्री प्रमोद कुमार यादव, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक भोजपुर, आरा का सान्निध्य प्राप्त होगा। साथ ही नगर एवं जिला के कई गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर आमंत्रित किये गये हैं।डॉ0 जैन का मानना है कि इस क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला एक अत्यन्त लाभाकारी आयोजन सिद्ध होगा। विदित हो कि हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी, आरा नगर एवं भोजपुर जिला में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। बामपाली स्थित ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय और सिकन्दरपुर स्थित जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज इसी सोसायटी के अन्तर्गत् संचालित है। समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आदि भी इस सोसायटी द्वारा लगाये जाते हैं। जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के सिद्ध बिजय जैन ने बताया कि इस रोजगार मेला में नियोजक के रूप में स्थानीय स्तर से लेकर राज्य, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक की कम्पनियां भाग ले रही हैं। इन कम्पनियों में लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेन्ट, ई-डैक, एक्स्ट्रा मार्क्स, रीनो हेल्थकेयर, कीमिया केमिकल्स, ए.जी.एस.ई., भारतीय जीवन बीमा निगम, नागरमल शिवनारायण एण्ड सन्स, इन्टैब, द बॉम्बे फैशन, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, जेन्ट एक्वा प्रा. लि., अपरोर लर्निंग, एच.डी.एफ.सी., सिडको, बजाज फाईनान्स लि., पीपल ट्री ऑनलाईन प्रा. लि., ब्लैक बॉक्स, इन्टेक आदि कम्पनियां मुख्य रूप से भाग ले रही हैं। अरिहन्त बिजय जैन ने बताया कि इस मेला में मिश्रित पद के लिए चयन किया जाएगा। अर्थात् किसी भी योग्यता के युवक-युवति भाग ले सकते हैं। उदाहरण स्वरूप प्रबन्धन, एकान्टेन्सी, शिक्षा, तकनीकि ज्ञान, हेल्थकेयर, फाइनान्स, मार्केटिंग, किसी विशेष क्षेत्र में कुशल आदि। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए युवाओं से किसी प्रकार की राशि नहीं रखी गई है। यह पूर्णतः निःशुल्क होगा। साथ ही अरिहन्त ने क्षेत्र के सभी युवाओं से अपील किया कि वे इस मेला में अवश्य भाग लें। हो सकता है आपके उपयुक्त रोजगार आपको यहीं मिल जाए। जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनन्द मोहन ने रोजगार मेला की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए बताया कि इस मेला में सभी कम्पनियों का पृथक स्टॉल रहेगा। रोजगार के तलाश के इच्छुक युवा अपनी योग्यता से सम्बन्धित कम्पनी से सम्पर्क करेंगे, उन्हें अपना रिज्यूम और वांछित डॉक्यूमेन्ट समर्पित करेंगे और सम्बन्धित कम्पनी द्वारा उपयुक्त समझते हुए उनका साक्षात्कार लिया जाएगा। पूर्ण सम्भावना होगी कि वांछित पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति का चुनाव स्थल पर ही 'कैम्पस सलेक्सन' के तर्ज पर करते हुए ज्वाईनिंग पत्र दे दिया जाएगा।

अभियान | 20 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को ले दवा खिलाने का कार्य शुरू







**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** 20 सितंबर को नगर परिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 05 स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत की गई। जिसका विधिवत उदघाटन रोहतास जिलाध्यक्ष प्रमुख संघ सह प्रखंड प्रमुख बिक्रमगंज राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली ने फीता काटकर किया। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 20 सितंबर से शुरू होकर 6 अक्टूबर तक चलेगा। जिले के सभी विद्यालय व आंगनवाडी केंद्रों पर तीन दिन तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा खिलाने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान के तहत तीन तरह का दवा खिलाने के कार्य किया जाएगा, जिसमे मुख्य रूप से एल्बेंडाजोल, डी0 ई0 सी0, आइबर भेकटीन शामिल है। इस संबंध में डॉक्टर अमरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दवा 2 वर्ष से ऊपर के सभी आयु के लोगों को खिलाया जाता है। इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नहीं है पूर्ण रूप से परीक्षण किया हुआ है। इस दवा के उपयोग से हमारा देश फाइलेरिया मुक्त बनेगा और यह दवा आयु एवं लंबाई के अनुसार खिलाया जाता है। यदि इस दवा का उपयोग नहीं किया जाता है तो फाइलेरिया के कारण हाथी पांव होने का खतरा बना रहेगा। इस दौरान उच्च माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज में प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह और लाली ने रोहतास जिले सहित अपने प्रखंड क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए विद्यालय कैम्पस में ही फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वयं दवा खाकर इसकी शुरुआत की और अन्य सभी लोगो से इस दवा को खाने के लिए अपील किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधक व स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भी दवा खाकर लोगो से दवा खाने के लिए अपील किया। मौके पर डॉ0 अमरेंद्र कुमार सिंह, फार्मासिस्ट अखिलेश कुमार स्वास्थ्य प्रबन्धक अशोक कुमार, डीपीएचओ पिरामल कुश कुमार, बीसीएम अनीश नारायण, एसडीसी पिरामल सतीश कुमार, फाइलेरिया सुपरवाइजर मोहम्मद रिजवान हुसैन, प्राचार्य अनिल कुमार सिंह, शिक्षक डॉक्टर कन्हैया सिंह, रंजन कुमार, धर्मराज सिंह के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# आटो ई रिक्शा चालक संघ ने दिया धरना



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास ऑटो ई रिक्शा चालक सेवा समिति द्वारा डेहरी नगर क्षेत्र के थाना चौक पर डेहरी नगर परिषद क्षेत्र में बस स्टैंड को छोड़कर शहर के चौक चौराहे एवं सड़क पर नाजायज ऑटो ई रिक्शा चालक से नगर परिषद और जिला परिषद द्वारा अवैध टैक्स काटने के विरोध में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला महासचिव सर्वेश पासवान के नेतृत्व में किया जिससे कई घंटे तक थाना चौक पर जाम की स्थिति बनी रही। सभी ऑटो और ई रिक्शा थाना चौक पर ही अपने बैनर तले और अपने वाहन को खड़ा कर धरना प्रदर्शन करने लगे जिसके कारण थाना चौक पर कई घंटे तक जाम लग रहा। धरना प्रदर्शन के कारण शहर में ऑटो ई रिक्शा बहुत ही कम चली जिसके कारण लोगों को भी यातायात में काफी परेशानी हुई।जिसे देखकर प्रशासन ने रूट परिवर्तन कर जाम की समस्या को निजात दिलाई तांर बांग्ला चौक पर देहरी नगर थाना द्वारा बैरिकेड कर थाना चौक आने वाले वाहनों को रामारानी तरफ जाने के लिए रूट में परिवर्तन किया जिससे जाम पर नियंत्रण पाया गया इधर अपनी मांगों को लेकर घंटा तक थाना चौक एम किया गया महासचिव सर्वेश पासवान ने कहा कि हमारी मांग है कि नगर परिषद द्वारा और जिला परिषद के द्वारा गरीब ऑटो और ई रिक्शा चालकों से अवैध टैक्स असली जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा रोक लगाई जाना चाहिए उन्होंने कहा कि ऑटो रिक्शा आई चालक आकस्मिक दुर्घटना एवं मृत्यु पर सरकार द्वारा आर्थिक मदद ज्योति जाती है वह भी नहीं मिलता है इसके लिए सरकारी दफ्तर का कितना भी चक्कर लगा लिया जाए इसमें भी सुधार हो और दुर्घटना में चालक की हुई मृत्यु पर सरकार द्वारा तय राशि जल्द दिया जाए। और अन्य मांगों को लेकर हम दो दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे हैं कल भी हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा अगर सरकार प्रशासन द्वारा हमारी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो यह धरना प्रदर्शन भव्य रूप में शहर में किया जाएगा धरना प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी गणेश पांडे नौशाद आलम बबलू अंसारी दीपू यादव आदि लोग शामिल रहे।

## ख़ास ख़बर

### घर में सोई हुई महिला को सांप ने काटा सदर अस्पताल में इलाज जारी

**दैनिक भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर) भभुआं।** रामपुर बरली गांव में घर में सोई हुई एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया जिससे महिला अचेत हो गई आनन-फानन में घर के लोगों ने महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला का इलाज चल रहा है जानकारी के अनुसार अचेत महिला करमचट थाना क्षेत्र के बरली गांव निवासी शिव वचन शर्मा के 65 वर्षीय पत्नी शारदा देवी है जो घर में सोई हुई थी तभी जहरीले सांप ने उनको काट लिया है जिससे महिला गंभीर रूप से अचेत हो गई। जहां चिकित्सकों द्वारा महिला को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है वहीं गांव के लोगों के द्वारा सांप को कुचल कर मार दिया गया है।

### 20000 से कम का लेनदेन मेन शाखा से नहीं

**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर,** दुर्गावती स्टेट बैंक से20000 से कम जमा और निकासी में शाखा से नहीं होगा इसके लिए सहायक शाखा जाना होगा (csp) जाना होगा। बता दे की दुर्गावती स्टेट बैंक हो या पंजाब नेशनल बैंक या इंडियन भोजपुरी बैंक इन शाखों में 20000 से कम जमा और निकासी काउंटर पर बैठे कैशियर यह कहकर टाल देते हैं कि 20000 से कम जमा नही होगा न निकासी होगा इसके लिए आप सब को सहायक शाखा में जाना होगा ।वर्तमान समय में स्टेट बैंक के द्वारा सख्ती से इस मामले पर निर्देश दिए जा रहे हैं ।सीएसपी संचालक के द्वारा आधार कार्ड के आधार पर पैसा निकाले की प्रक्रिया है जिसके तहत पैसे की निकासी होती है ।कुछ बुजुर्ग व्यक्ति ऐसे भी हैं जिनका अंगूठा पूर्ण रूप से घिस गया है वैसे व्यक्तियों को पैसा देने से शाखा और उप शाखा भी इंकार कर देते हैं ऐसी स्थिति में वह पैसा लेने कहां जाएगा ।कहीं-कहीं उप शाखा में अंगूठे को दो-दो बार लगाकर भोले भाले लोगों से पैसे निकाल लिए जाते हैं जब इसकी शिकायत उप शाखा संचालक से की जाती है तो संचालक मानने के लिए तैयार नहीं होते और पैसे एक बार जगह दो बार निकल जाता है। इसके शिकायत करने पर मुख्य शाखा के मानने को तैयार नहीं है। ऐसे मामलों में आरबीआई को चाहिए कि उप शाखा में भी फार्म के द्वारा पैसे की जमा निकासी का नियम लागू कर दिया जाए ताकि ग्रामीण भोली भाली जनता को राहत मिले सके और अंकुश लग सके ताकि उप शाखों की लूट और ठगी से जनताबच सके।

### दो वारंटी भेजे गए जेल

**दुर्गावती सदर। शुभ भास्कर।** काफी लंबे समय से न्यायालय में चल रहे एक मामले में पुलिस ने दो लोगों को न्यायालय से समन आने के बाद गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गावती थाना क्षेत्र के ग्राम ईसरी टोला छेरावरी से गुड्डू बिंद और सुखवंती देवी का न्यायालय में एक परिवाद चलरहा था जिस मामले बार-बार नोटिस किए जाने के बाद यह दोनो हाजिर नहीं हो रहे थे। जिस के बाद न्यायालय ने दुर्गावती पुलिस को वारंट जारी की और नोटिस मिलने के बाद दुर्गावती पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ग्राम रामगढ़ से घर मे चोरी कर रहे दो चोरो को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल




**भगवानपुर कैमूर।** इसकी जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रशाद ने देते हुए बताया की ग्राम रामगढ़ निवासी शिवसदन दुबे ने सुचना दिया की हमारे घर मे घुसकर दो चोरी कर रहे थे जिनको ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया गया है 1 सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस ग्राम रामगढ़ पहुंची तथा दो चोरो को गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाई 1 पूछताछ मे दोनों ने अपना नाम नीरजन राम पिता छैबर राम ग्राम उमापुर तथा फिरोज इदरीसी पिता हामिद इदरीसी ग्राम रामगढ़ बताया दोनों चोरो का समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### बेतरी मुण्डेश्वरी पथ के बीच मोकरी सड़क पर फैले गंदगिया से गुजर रहे लोगो के बीच करना पड़ता है मुस्किल का शामना



**दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर।** भभुआ प्रखंड के मुंडेश्वरी मोकरी रोड पर मंदिर पूजा के लिए जा रहे दर्शनार्थियों को रोड पर करना पड़ता है मुस्कील का शामना खुले में शौच से आ रहे दुर्गोंधो से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है आपको बता दें की मोकरी पूरे भारत मे अपना एक पहिचान है। जो की महीन और अच्छा चावल के लिए जाना जाता है। वही कुछ लोगो के द्वारा खुले में सौच कर के गांव का नाम और गंदगी फलने का काम करते है। एक तरफ कैमूर के ज्यादा तौर अधाकारी माता मंदिर का पूजा करने के लिए जाते है। लेकिन किसी का भी ध्यान नहीं है।

# जीबी कॉलेज के रसायन विभाग में प्रयोजिक व्याख्यान का आयोजन







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, अनुमंडल रिपोर्टर मोहनिया, मोहनियां (कैमूर)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जीबी कॉलेज रामगढ में 15 सिंतबर 2023 को "चरमप्रेमी जीवों का अनुकूलनः उत्तरजीविता रणनीतियाँ" पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया उसके बाद मुख्य अतिथि डॉ देवाशीष दास चटर्जी एवं प्रधानाचार्य डॉ राधेश्याम सिंह तथा आयोजनकर्ता डॉ मधु लता शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद मुख्य अतिथि तथा व्याख्यानकर्ता डॉक्टर देवाशीष दास चटर्जी को रामगढ़ ग्राम भारती महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉक्टर राधेश्याम सिंह ने अंग वस्त्र एवं बुके देकर उनका स्वागत किया।इस व्याख्यान को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को रसायन विज्ञान में हो रहे नए नए रिसर्च से अवगत कराना तथा इसे बारीकि से जानना है। इस व्याख्यान का आयोजन रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट (डॉ) मधुलता शुक्ला द्वारा किया गया। डॉ शुक्ला केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया, बिहार और झारखंड लोकल चैप्टर की कोऑर्डिनेटर भी है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह ने बताया कि यह कॉलेज के लिए बहुत गर्व की बात है कि डॉ मधुलता शुक्ला को सी आर एस आई ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है और वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है। इसके लिए प्राचार्य ने सी आर एस आई को भी धन्यवाद दिया। आगे इन्होंने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी को भी धन्यवाद किया जिसने इस कॉलेज में रिमोट लेक्चर ऑर्गनाइज करने का मौका दिया। इस तरह के व्याख्यान से UG, PG तथा Ph.D के छात्र छात्राओं को बहुत लाभ मिलेगा। इस लेक्चर वर्कशॉप में आई आई टी के प्रोफेसर तथा सी आर एस आई के ब्रोंज मेडलिस्ट डॉ स्नेहाशीष दास चक्रबर्ती अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। भारतीय राष्ट्रीय अकादमी के बैनर तले हुए इस व्याख्यान का आयोजन रसायन शास्त्र में हो रहे नए नए रिसर्च से अवगत कराना है। डॉ स्नेहाशीष ने बताया कि कैसे चरमप्रेमी जीव अपने आप को किसी प्रतिकूल वातावरण में भी अपने को उसमें रहने के काबिल बना लेते है। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा अन्नू पांडेय ने किया अतिथि का परिचय भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ अजय चौधरी ने की। व्याख्यान के समय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ दिनेश सिंह, प्राचीन इतिहास के विभागाध्यक्ष विमल सिंह, शिक्षक संघ के सचिव बीरेंद्र सिंह, तथा अन्य शिक्षक तथा कई छात्र छात्रा मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग अभियान की थाना प्रभारी ने स्वम संभाली कमान



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** कैमूर के आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर वहान जांच के लिए एक विशेष अभियान दुर्गावती थाने के थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर चलाया गया।जिस अभियान के अंतर्गत 20वाहनों से कुल 20500 रुपए वसूले गए ये सभी वाहन बिना कागजात और हेलमेट के अभाव में पकड़े गए। साथ ही दुर्गावती थाना प्रभारी ने वैसे वाहन चालकों को चेतावनी दी और समझाया कि बिना कागजात के और बिना हेलमेट के वाहन चलाना एक गैरकानूनी काम है इसलिए आप लोग कानून को हाथ में न ले ।जो भी कानून सरकार ने बनाया है आप सबों के सुरक्षा के लिए है। बता दे कि प्रति दिन वाहन जांच अभियान चलाया जारहा है फिर व्यक्ति समझने के लिए तैयार नहीं है।इस तरह वाहनों के प्रति चलाए जारहे अभियान से जनता को भी जागरूक होना चाहिए ताकि सुरक्षित यात्रा और सुरक्षित रूप से आपने परिवार से यात्रा के बाद मिलन हो सके ।इसके लिए प्रशासन तो समय-समय पर जांच करती है लेकिन प्रशासन से ज्यादा जिम्मेवारी हम सब वाहन चालकों का है। चालकों को भी अपनी जिम्मेदारियां को समझना चाहिए क्योंकि लापरवाही बरतना खतरे से खाली नहीं ।

## शाहपुर पृथ्वीपट्टी के पास खुनियां पुल में डूबने से किशोर की मौत



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में सरायगढ़ भपटियाही थाना क्षेत्र के शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत स्थित रामनगर नहर पुल पर मंगलवार की रात रेलिंग टूटे होने के कारण गिरकर डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना के 12 घंटे के बाद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर शव को बरामद कर लिया। मृतक के घर कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि नगर पंचायत सिमराही के धर्मपट्टी वार्ड 1 निवासी ललटू शर्मा (15) पिता रामचन्द्र शर्मा मंगलवार को नाच देखने सरायगढ़ गया था। वापस रात करीब 9 बजे साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में पुल के रैलिग टूटे होने के कारण वह साइकिल सहित नीचे गिर गया। घटना के बाद आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने इसकी जानकारी थाना पुलिस को दिया। लोगों का आरोप है कि घटना के बाद कई घंटों तक एनडीआरएफ टीम के जवान मौके पर नहीं पहुंचे। जिस कारण किशोर को अपनी जान गंवानी पड़ी। हालांकि बुधवार सुबह ग्रामीणों ने किशोर के शव को बरामद कर लिया है। सरायगढ़ भपटियाही थानाध्यक्ष बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर, घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## अगलगी में चार परिवार के नगदी सहित लाखों का सामान राख



**अभिषेक आनंद/दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड के रतनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत बायसी चकला वार्ड नंबर- 11 में मंगलवार की देर रात बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में घोघन पासवान, ब्रह्मदेव पासवान, इनरदेव पासवान एवं चंदन पासवान का लाखों का समान, नगदी आदि जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रतनपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। अग्निशमन की गाड़ी भी बीरपुर से आई तबतक ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू कर लिया गया था। हालांकि लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक चारों परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो चुका था। पीड़ित घोघन पासवान, ब्रह्मदेव पासवान, इनरदेव पासवान एवं चंदन पासवान ने बताया कि देर रात्रि में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में 70 हजार नगदी, अनाज, लकड़ी, कपड़े, घरेलू उपयोग के सामान, बिजली के उपकरण आदि जलकर खाक हो गए। पीड़ित घोघन पासवान, ब्रह्मदेव पासवान व इनरदेव पासवान ने बताया कि इस घटना में 70 हजार की नगदी सहित करीब तीन लाख का सामान जलकर राख हो गई। वहीं चंदन पासवान ने बताया कि घर सहित करीब एक लाख की क्षति हुई है। स्थानीय मुखिया संतोष कुमार मेहता, राजेश्वर स्वर्णकार पूर्व पंसस तपेश चन्द्र मिश्र, मंजीत मंडल, विजय मंडल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अविलंब पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। इस बारे में सीओ बसंतपुर ने बताया कि हल्का कर्मचारी को निरीक्षण के लिए भेजा गया है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

**फेयरवेल** सत्र 2019-22 के छात्रों क्या हुआ विदाई तो सत्र 2023 26 के छात्रों का हुआ स्वागत

# बीसीए डिपार्मेंट द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनिया अनुमंडल।** रामगढ़ ग्राम भारती महाविद्यालय पर आज बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) डिपार्टमेंट के द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ग्राम भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने फीता काटकर तथा मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दिप प्रज्वलन के साथ आयोजन का शुभारंभ किया। फेयरवेल में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि जब से यहां पर वोकेशनल कोर्स का पढ़ाई शुरू हुआ है तब से बीसीए के विभाग अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला और मेरे द्वारा यहां पर छात्रों के लिए हर संसाधन की की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, वहीं उन्होंने छात्रों को कहा कि आज इस तरह के कोर्स के लिए अभिभावक अपने छात्रों को दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, बेंगलुरु इत्यादि जगहों पर भेजते हैं जिनमें बहुत ज्यादा खर्च भी आता है और आज भी यहां के छात्रों में हीन भावना है कि हम ग्राम भारती महाविद्यालय से यह कोर्स किए हैं तो अपने अंदर से यह हीन भावना निकाल दें जो मान्यता बेंगलुरु के डिग्री की है वही मान्यता ग्राम भारती महाविद्यालय के डिग्री की भी है। आगे प्राचार्य ने कहा की जब वोकेशनल कोर्स की शुरुआत हुई तब ग्राम भारती महाविद्यालय का परिणाम हमेशा शीर्ष पर रहा है जिसमे बीते कुछ सालों से मुझे गिरावट नजर आ रही है तो मैं सभी छात्रों से अनुरोध करता हूं की इस महाविद्यालय को पुनः शीर्ष पर ले जाने का प्रयास करें, वहीं उन्होंने फेयरवेल में सम्मिलित सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग भारत या विदेश के किसी भी कोने में जाएं मैं यही कामना करता हूं कि रामगढ़ और ग्राम भारती महाविद्यालय का नाम आप लोग हमेशा शिखर पर रखें। आपको बता दें कि बीसीए डिपार्टमेंट के सत्र 2019-22 के 9 छात्रों को आज विदाई दिया गया, इस संबंध में जानकारी देते हुए विभाग अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि पूरे कैमूर में रामगढ़ की छात्रा दीक्षा जायसवाल ने 76.64 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं महाविद्यालय की बात करें तो रिमझिम सिंह तथा सरस्वती ने 74 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और विष्णु मोहन पांडे ने 71.87 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मिस फेयरवेल दीक्षा जायसवाल तथा मिस्टर फेयरवेल विष्णु मोहन पांडे को बनाया गया कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कुमार यादव तथा वर्षा सिंह ने किया वहीं आयोजन में सत्र 2023-26 के नए छात्रों का भी स्वागत किया गया जिसमें विभाग अध्यक्ष ने बताया कि कुल 15 छात्रों का नामांकन हुआ है जो आज फ्रेशर पार्टी में सम्मिलित हैं जिनका की विद्यालय में स्वागत किया गया है मौके पर प्रधानाध्यापक प्रोफेसर राधेश्याम सिंह कोऑर्डिनेटर राधेश्याम सिंह वर्सर चंद्र भूषण सिंह बीसीए के विभागाध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला बीसीए के सहायक आशुतोष राज सिंह तथा आयोजन समिति में बीसीए के जूनियर छात्रों में प्रियांशु वर्मा, शुभम सिंह, देव, वर्षा, लक्ष्मी, राहुल गुप्ता, राहुल इत्यादि शामिल रहे।

### शहादत दिवस पर बिक्रमगंज आने को प्रचार अभियान चलाया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चारों धाम मिश्रा, दावथ (रोहतास)।** आगामी 24 सितम्बर को बिक्रमगंज आरा रोड के एक निजी विद्यालय के प्रांगण में बिहार लेनिन स्व जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस मनाया जाएगा। जिसे ले जगदेव प्रसाद के अनुयाइयों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर आने को लेकर जनजागरण अभियान चलाया गया। जन-जागरण के दौरान क्षेत्र के उसरी,केदार चवरी, सुंदर, मिर्जापुर, भुंडाडीह समेत आधा दर्जन गांवों में भ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को आने का आग्रह किया गया। भ्रमण के दौरान संयोजक डा अरूण कुमार ने बताया कि जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस आगामी 24 सितम्बर को मनाया जा रहा है। जिसके अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री आलोक मेहता, अनीता देवी, जयंत राज, स्थानीय सांसद महाबली सिंह, पुर्व मंत्री कांति सिंह, काराकाट विधायक अरूण कुमार, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, डुमरांव विधायक अजीत कुमार, डेहरी विधायक फतेह बहादुर सिंह, सासाराम राजेश कुमार गुप्ता मौजूद रहेंगे। वहीं भ्रमण दल में हरिचरण सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, संजय सिंह, चितरंजन पासवान, सुरेश सिंह, प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नीव की ईंट फाउंडेशन की सदस्य सम्मानित





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सूनील कूमार, सासाराम (रोहतास)।** नीव की ईंट फाउन्डेशन के स्वाभिमान फैलो श्री जय प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, सुश्री विध्यांचल कुमारी एवं शिवमुनि कुमार को आज दिनांक 20.09.2023 को डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। नीव की ईंट फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रोजेक्ट स्वाभिमान के तहत प्रथम चरण में (अक्टूबर 2022 से जून 2023) जिले के सासाराम प्रखंड तथा तिलौथू प्रखंड के 12 ईंट भट्टों में कार्य कर रहे मजदूरों एवं उनके बच्चो को अक्षर लर्निंग सेंटर के द्वारा बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं केन्द्र सरकार, राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कलयाणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। द्वितीय चरण में 100 अतिरिक्त ईंट भट्टो मे काम करने वाले मजदूरों को जोड़ने की योजना है। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 1380 मजदूर तथा उनके 411 बच्चे इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुये है। नीव की ईंट फाउंडेशन द्वारा ईंट भट्टो में काम करने वाले लागो का एक सर्वे कराया गया था जिसमें यह बात उभर कर सामने आई कि कामगारों के बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित है क्योंकि मजदूर 7-8 माह भट्टो में काम करने हेतु परिवार सहित पलायन कर जाते है तथा बरसात के मौसम में अपने गृह स्थान पर आ जाते है। स्थाई आवासन न होने के कारण उनके बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित रह जाते है तथा श्रमिक लोग केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते है। विभिन्न योजनओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने हेतु नीव की ईंट फाउन्डेशन द्वारा जिला प्रशासन रोहतास के सहयोग से समत्व कैम्प लगवाए गये जिनमे कामगारो को श्रमकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोले गये एवं स्वास्थ्य की जाँच करायाआख गया तथा बीओसीडब्लू( भवन एवं अन्य सन्निर्माण की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्त्ता रोहतास, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### परीक्षा के सुरक्षा पर लगे एनसीसी कैडर के छात्रों के साथ कुछ असमाजिक तत्वों ने मारपीट,करीब आधा दर्जन छात्र घायल



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर के डीबी कॉलेज में आंतरिक परीक्षा के सुरक्षा पर लगे एनसीसी कैडर के साथ स्थानीय कुछ असमाजिक तत्वों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिसमें करीब आधा दर्जन कैडर चोटिल होने की सूचना है। विरोध में कॉलेज प्रशासन व छात्रों के द्वारा कुछ देर के लिए मुख्य सड़क एनएच 527 बी को जाम कर विरोध जताया। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया।सभी घायलों का इलाज जयनगर अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।घायलों एनसीसी कैडरों में 17 वर्षीय रंजन कुमार ,17 वर्षीय युसुफ अंसारी,17 वर्षीय अमर कुमार ,17 वर्षीय रामानंद राउत ,17 वर्षीय शिवम कुमार सिंह 18 वर्षीय लक्षमण कुमार एवं 19 वर्षीय प्रकाश कुमार के अलावे एक कॉलेज छात्र शामिल हैं। सबसे अधिक रंजन कुमार नामक कैडर को मार लगी है। जिससे उसका सिर फट गया। प्राचार्य डॉ नंद कुमार ने बताया कि कॉलेज में बीए पार्ट वन के परीक्षा को लेकर विधि व्यवस्था को लेकर कॉलेज प्रशासन के द्वारा स्थानीय प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से सुरक्षा बल की मांग की गई थी। लेकिन प्रशासन के द्वारा आवेदन के आलोक में कोई कारवाई नहीं किए जाने पर कॉलेज में शांति व्यवस्था बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन के द्वारा एनसीसी कैडर को लगाया गया था। बुधवार को स्थानीय कुछ असमाजिक तत्वों ने कॉलेज में प्रवेश कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। वही घटना की सूचना मिलते ही एमएसयू के सदस्य शशि सिंह ने अनुमंडल अस्पताल में जाकर घायल छात्रों से मिलकर घटना की जानकारी ली।इस मौके पर छात्र नेता शशि सिंह ने कहा इस घटना में जो भी दोषी है उस पर प्रशासन के द्वारा करवाई किया जाए नही तो हमलोग बाध्य होकर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।साथ अनुमंडल प्रशासन के मांग करते है।परीक्षा के समय कॉलेज परिसर में सुरक्षा बल की तैनाती की जाए।

## ख़ास ख़बर

### हत्यारे को बचाने में जुटी पुलिस पीड़ित का हो रही उत्पीड़न,सीपीएम नेता का बड़ा आरोप



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी ,दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव में 1 सितंबर को रामनाथ चौहान 70 वर्ष की शव घर में मृत अवस्था में मिली थी। जिसमें परिजनों ने जमीनी विवाद में अज्ञात में हत्या में मुकदमा दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस मानसिक स्वास्थ्य खराब थी उसी लड़के से गलत तहरीर दी।आज तक खुलासा नहीं कर पाई ,बल्कि उल्टा पीड़ित परिवार का ही उत्पीड़न कर रही है ।पुलिस आए दिन घर पर महिलाओं को टॉर्चर कर रही है और थाने बुलाकर भयभीत कर रही है । यही नहीं पुलिस ने घर में रखा हुआ आटा चक्की का सामान भी थाने लेकर चली आई और इस घटना को दुर्घटना में मोड़ने का कार्य कर रही है। उक्त बातें सी पी एम जिला सचिव विजय बहादुर सिंह पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार की मांग की साथ हो उन्होंने कहा कि पुलिस आज तक घटना का खुलासा नहीं किया उल्टा पीड़ित परिवार को ही थाने बुलाकर धमकाना बेइज्जत करने कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर परिवार को उत्पीड़न पुलिस ने बंद नहीं किया तो धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### एसडीएम के देखरेख में हुई तालाबों की नीलामी, उमड़ी लोगों की भीड़

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी ,जखनियां गाजीपुर ।** जखनियां तहसील सभागार में आज सुबह 10:00 बजे से जखनियां तहसील के अंतर्गत अधिकांश गांव के तालाबों की नीलामी प्रक्रिया एसडीएम कमलेश सिंह के निगरानी में शुरू की गई। जिसमें काफी बोली लगाने वालों को तालाब नीलामी की गई। उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह ने बताया कि 10 तालाब यानी की 25 बीघा कि आज नीलामी हुई जिसमें 9,90000 राजस्व प्राप्त की गई। उन्होंने कहा कि अन्य नीलामी का डेट 27 सितंबर, 4 अक्टूबर, 11 अक्टूबर को रखी गई है।

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम से मिले माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में आज बुद्धवार को शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल अपने सात सूत्रीय मांगो को लेकर जिलाधिकारी से मिला। शिवकुमार सिंह ने बताया कि महावीर इंटर कालेज मलिकपुरा गाजीपुर का जुलाई, अगस्त 2023 का वेतन अध्यापिकों व कर्मचारियों के उसी खाते में स्थानांतरित किया जाये जिस खाते में जून 2023 का वेतन भेजा गया था। मुख्यमंत्री जी के आकांक्षी योजना के तहत तबादले पर आये हुए शिक्षकों का वेतन भुगतान तुरंत किया जाये। शिवकुमार सिंह ने बताया कि महावीर इंटर कालेज मलिकपुरा का वेतन यूनियन बैंक में न भेजकर दूसरे बैंक में भेजा गया है जिससे शिक्षकों को काफी पेरशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं को निस्तारित करने का आश्वासन दिया।

### गोरा बाजार पुलिस की तत्परता से 24 घंटे के अंदर मिली चोरी गई मोटरसाइकिल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाज़ीपुर।** शहर के अर्धनिर्मित ट्रामा सेन्टर के समीप से सिक्युरिटी गार्ड का बीते सोमवार को हुए मोटर साइकिल चोरी की घटना का गोराबाजार पुलिस चौकी की पुलिस ने मंगलवार की साम को या कहें तो 24 घंटे में ही सक्रियता दिखाते हुए मोटर साइकिल को जिला अस्पताल से कुछ दूरी पर सुनसान जगह से बरामद कर लिया है । मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को अर्ध निर्मित ट्रामा सेंटर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहे करंडा ब्लॉक के मानपुर निवासी अजय सिंह का मोटरसाइकिल चोर उस वक्त चोरी कर ले गए जो यह पूरा घटना क्रम पास में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया।उ इसका उन्होंने संबंधित प्रशासन को सुचना भी दिया इसके बाद गोराबाजार पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह चंदेल ने चोरी की घटना की जानकारी होते ही मुस्तैदी दिखाते हुए चेकिंग अभियान प्रारंभ कर दिया जिसके फल स्वरुप पकड़े जाने कि भय से चोर ने मोटरसाइकिल को जिला अस्पताल से कुछ दूरी पर सुनसान स्थान पर मोटरसाइकिल को छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोटरसाइकिल चोर की तलाश जारी है वही मोटरसाइकिल बरामद कर मोटरसाइकिल के मालिक को कागजात के आधार पर सुपूर्द कर दिया गया है।

# बिजली विभाग का शौचालय हुआ कमीशन का शिकार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे,गाजीपुर ।** जनपद में जितने भी बिजली विभाग के कैश काउंटर है जहां पर उपभोक्ता अपना बिजली का बिल जमा करते हैं उनकी सुविधा के लिए शासन के द्वारा हर पावर हाउस पर शौचालय का निर्माण करना है एक शौचालय की कीमत शासन ने तय कर रखी है 40000 से 50000 जो की सभी उपभोक्ताओं को शौच के लिए जाने की सुविधा उपलब्ध शासन द्वारा कराई जा रही है। वही गाजीपुर के बिजली विभाग के ठेकेदार शाहनवाज खान द्वारा घटिया मटेरियल से निर्माण कराया जा रहा है शौचालय का जिसमे ईट घटिया किस्म का है और मटेरियल भी घटिया नजर आ रहा है ,शौचालय की कहीं न्यू खोदी ही नही गई बस जमीन के सातह से ही शौचालय का काम शुरू हो गया। जब इस विषय में ठेकेदार व उनके सहयोगियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिजली विभाग में बहुत ज्यादा कमीशन देना होता है इसी कारण हम लोग किसी तरह निर्माण करते हुए काम को पूरा कर लेते हैं। जब इस विषय में पावर हाउस वर्तमान JE से बात की गई तो उनके भी शब्द लड़खड़ाते नजर आए और उन्होंने यह भी बताया कि मुझे विभाग ने कोई जानकारी नहीं दी है ठेकेदार अपने मन से काम कर रहा है और मुझसे एक बार भी समझने का प्रयास नहीं किया की कहां बनाना है और कैसे बनाना है। EE CIVIL वेद प्रकाश अपना नाम बताने में सोचने लगे और उन्होंने अपना नाम भी नहीं बताया।ऐसे ही बन रहा गाजीपुर जनपद में कई जगह शौचालय हो रहा कई लाख का घोटाला आखिर कौन होता है जिम्मेदार। धन्य है बिजली विभाग व उनके ठेकेदार और कमीशन खोर कर्मचारी।






### पंपसेट पाकर खिल उठे किसानों के चेहरे पूर्व मंत्री ने वितरित किया किसानों में पंप सेट



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो उमाकांत विश्वकर्मा बलिया, बलिया।** जनपद के नगरा से है जहां मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत दर्जनों किसानों में पूर्व मंत्री छट्ठू राम ने अपने हाथों से पंपसेट का वितरण किया उन्होंने कहा कि कृषि में सिंचाई की आवश्यकता और उन पर होने वाले व्यय को ध्यान में रखते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना को किसानों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया है योजना का उद्देश्य किसानों को निजी सिंचाई सुविधा प्रदान करना है जिससे वह आत्म निर्भर बन सके और देश की आर्थिक विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कि किसानों की आय दुगनी करेंगे और किसानों को खुशहाल बनाएंगे उसी के तहत पंपसेट लघु सिंचाई विभाग के तरफ से किसानों को वितरित किया गया। पंपसेट पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर ब्लॉक के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे वितरण कार्यक्रम का आयोजन रुद्रा कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर के प्रोपराइटर नीतिश शर्मा के द्वारा किया गया था।

## सड़क हादसे में गई जान

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,ग़ाज़ीपुर।** नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहंदा पावर हाउस के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से लगभग 60 वर्षीय जख्मी गिरधर गोपाल निवासी दशवंतपुर निवासी का बीते मंगलवार की देर शाम को इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई । सूचना पर परिजनों में जहाँ कोहराम मच गया , वहीं इस घटना के बाद से ही गाँव में सन्नाटा पसर गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया । इधर पीडित परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस वाहन व चालक की तलाश में जुट गई है । मृतक के भतीजे प्यारेलाल ने बताया कि उसके चाचा गिरधर गोपाल बीते मंगलवार की शाम को अपने निजी कार्य से नगसर गये थे । उन्होंने बताया कि लौटते समय बगल के ही गाँव के एक बाइक सवार युवक से उनकी मुलाकात हो गई । जिसके बाद उसके चाचा ने बाइक सवार के साथ बैठकर चल दिए । इसी दौरान गोंहदा पावर हाउस के समीप पिछे से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के धक्के से दोनों बाइक सवार गंम्भीर रूप से जख्मी होकर गिर पडे ।सूचना पर ग्रामीणों की मदद से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहाँ उसके चाचा की इलाज के दौरान मौत हो गई ।जबकि चार पहिया वाहन चालक मौके फायदा उठा फरार हो गया । उन्होंने बताया कि मृत उसके चाचा घर पर ही रहकर मजदूरी करके अपने परिवार का जीविकोपार्जन चलाते थे । उन्होंने बताया कि मृत चाचा की पत्नी रेशमी व पुत्र ऋषिकेष तथा पुत्रियां गुड़िया ,पूजा का रो रोकर बुरा हाल था।




## मैंने अपने पति को पढ़ाया अब वह जेई बनते ही मुझे दे रहा धोखा, रिया यादव ने पति पर लगाया आरोप

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर।** ज्योति मौर्या व आलोक मौर्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि एक दूसरा मामला सामने आया है। हालांकि, यह उससे थोड़ा उल्टा है। दरअसल, गाजीपुर के कासमिाबाद में खजुहा गांव की एक महिला ने अपने अधिकारी पति पर उसे छोड़ने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि जब उसका पति नौकरी की तैयारी कर रहा था तो उसने एनजीओ व स्कूल में काम करके उसे पैसे देकर पढ़ाया और उसकी मदद की, लेकिन उसके पति ने अब धोखा दे दिया।पति ने दूसरी शादी करने का मन बनाया है। उसकी एक दो साल की बेटी है और एक पांच माह का बच्चा गर्भ में पल रहा है।डुमरांव उर्फ भटवलिया की शाजिदा उर्फ रिया यादव पत्नी धीरेंद्र कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। उसने बताया है कि धीरेंद्र कुमार यादव से 15 नवंबर 2017 को मऊ के बनदेवी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उसका विवाह हुआ। वह एनजीओ में काम करके पांच हजार रुपये महीना कमाती थी और प्राइवेट विद्यालय में 2500 रुपये मासिक पर कार्य करती थी। धीरेंद्र की पढ़ाई में कोई बाधा ना आए इसलिए उसने कई बार पैसा भेजा।इसी बीच वर्ष 2019 में धीरेंद्र सिंचाई विभाग में जेई बन गया। वर्ष 2021 में मर्जिपुर सिंचाई खंड-6 में अवर अभियंता के पद पर नियुक्त हुए। यहां वह अपनी सास के साथ किराए के मकान में रहती थी। 17 सितंबर 2021 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। दूसरा बच्चा भी उसके गर्भ में पांच माह से पल रहा है। धीरेंद्र और उनके परिवार वाले उसे 18 अगस्त को डुमराव उर्फ भटवलिया ले आए और उसी दिन शाम को तीन बजे पंचायत के बहाने उसे घर से निकालने लगे। विरोध करने पर सभी ने मारपीट की। आरोप लगाया कि अब वह दस लाख रुपये दहेज मांग रहे हैं और नहीं देने पर दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं। दोनों के साथ रहने के उसके पास काफी फोटोग्राफ व वीडियो भी हैं। उधर, धीरेंद्र यादव ने बताया कि साजिदा के लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है। वह व उसके परिवार वाले मेरे यहां मजदूरी करते थे तो वह कैसे धन देकर मुझे पढ़ा लिखा व तैयारी करा सकती है। वह उसकी पत्नी नहीं है।



### दिव्यांग बच्चों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनवाने का शिविर आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय,मरदह गाजीपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मरदह पर बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनवाने का शिविर आयोजित किया गया बेसिक शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने 98 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु पंजीकृत किया गया जिसमें से 92 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र तुरंत बन गया शेष बच्चों को मानसिक चिकित्सालय वाराणसी व काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के लिए रेफर किया गया जनपद की टीम में स्वास्थ्य विभाग की टीम में ऑर्थो सर्जन ,आई सर्जन ,और ईएनटी सर्जन के साथ-साथ तीन और तकनीकी स्टाफ ने प्रतिभाग किया बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मरदह में कार्यरत समस्त विशेष शिक्षक ,खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा पूर्ण प्रतिभागिता करके कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया ।

### पच्चास लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण के साथ दो को करंडा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** करंडा थाना पुलिस ने पच्चास लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने वाले उपकरण के साथ दो को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शस्त्र तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 20.09.2023 को थानाध्यक्ष करण्डा मय पुलिस बल व आबकारी टीम गाजीपुर द्वारा चोचकपुर में भ्रमणशील होकर अपराध व अपराधियों के बारे बातचीत की जा रही थी कि मुखबिर खास की सूचना पर दो अभियुक्ता को पच्चास लीटर अवैध कच्ची शराब, दो जरिकेन मे व शराब बनाने के उरकरण के साथ ग्राम सबुआ से गिरफ्तार किया है।पकडें गये महिला को मु0अ0स0 112/23 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के जुर्म का बोध कराते हुये अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्ता मंजु पत्नी प्रदीप निवासी ग्राम खटगा थाना घाघरा जिला गुमला झारखण्ड व व्रिन्दा पत्नी स्व0 प्रदीप निवासी ग्राम खटगा थाना घाघरा जिला गुमला झारखण्ड है।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में चन्द्रजीत सिंह आबकारी निरीक्षक, प्रशान्त कुमार चौधरी थानाध्यक्ष करण्डा, उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार ओझा थाना करण्डा,हेड कांस्टेबल अजय कुमार मिश्रा आबकारी,हेड कांस्टेबल कृष्ण चन्द्र चौरसिया थाना करण्डा, कांस्टेबल राजकुमार थाना करण्डा, कांस्टेबल आजाद हिन्द थाना करण्डा व महिला कांस्टेबल किरन यादव थाना करण्डा शामिल थे।

### ट्रेन से कटकर 35 वर्ष महिला की हुई मौत

**वाराणसी।** राजातालाब बुधवार को राजातालाब के रखौना हरिजन बस्ती की 35 वर्षीय महिला इंदु देवी ट्रेन के नीचे आने से हुई दर्दनाक मौत मिली जानकारी के अनुसार इंदु देवी का मायका जयपुर था। और इंदु देवी के दो बच्चे हैं। इंदु देवी काफी दिनों से बीमारियों से ग्रसित चल रही थी और उनका मानसिक संतुलन ठीक ना होने के कारण आज बुधवार को ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई।

### एसडीएम के देखरेख में हुई तालाबों की नीलामी



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर ।** जखनियां तहसील सभागार में आज सुबह 10:00 बजे से जखनियां तहसील के अंतर्गत अधिकांश गांव के तालाबों की नीलामी प्रक्रिया एसडीएम कमलेश सिंह के निगरानी में शुरू की गई। जिसमें काफी बोली लगाने वालों को तालाब नीलामी की गई। उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह ने बताया कि 10 तालाब यानी की 25 बीघा कि आज नीलामी हुई जिसमें 9,90000 राजस्व प्राप्त की गई। उन्होंने कहा कि अन्य नीलामी का डेट 27 सितंबर, 4 अक्टूबर, 11 अक्टूबर को रखी गई है।

व्यापार | अंतरराष्ट्रीय मेले में भारत से विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट नोएडा मेले में प्रतिभा कर रहे हैं

## इंटरनेशनल ट्रेड शो नोएडा में व्यापार का अपार अवसर बलिया के 4 उधमियो को प्रतिभाग का मिला अवसर

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो उमाकांत विश्वकर्मा बलिया , बलिया।** प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में 21 सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार की उत्पादों की झलक एक ही छत के नीचे दिखाई देगी अंतरराष्ट्रीय मेले में पूरे भारत से उद्यमियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट नोएडा मेले में प्रतिभा कर रहे हैं जिसमें तमाम ऐसे लोगों को रोजगार व्यापार का एक बड़ा अवसर मिलेगा ।जनपद बलिया से उद्यमियों ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय मेले में चार उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें बृजेश शर्मा m/s एल डी इंडस्ट्रीज माधोपुर रसड़ा बलिया से होम क्लीनिंग प्रोडक्ट एवं जैविक खाद (वर्मी कंपोस्ट) नोएडा मेले में प्रदर्शन करने का एक बेहतर अवसर मिला है इस मेले में पूरे भारत से विभिन्न प्रकार के उत्पादन का एक बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है तकरीबन 40 देश से आ रहे मेहमान भी प्रतिभाग करेंगे जिससे व्यापार में व उत्पादन में एक नई क्रांति आएगी मेले में विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट का ट्रेड शो में देखने को मिलेगा स्थानीय स्तर से भी प्रोडक्ट का उत्पादन कर अपने व्यापार में काफी लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकता है साथ ही और भी उद्यमी प्रतिभाग हेतु जेपी प्लास्टिक पाइप व फर्नीचर एवं सत्तू साथ में odop बिंदी रितु श्रीवास्तव भी बलिया जनपद से अंतरराष्ट्रीय मेले में प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित हुआ है । इस मेला का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना है। इस मेले में बलिया जनपद के चार उद्यमियों को अपने उत्पादो का प्रदर्शन करने का मौका मिला है। जिससे बलिया जनपद का नाम तो रोशन होगा ही साथ ही व्यवसाय के क्षेत्र में भी जनपद आगे बढ़ेगा।



## अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे प्रमुख सचिव और डीजीपी

**वाराणसी।** करसड़ा उत्तर प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और डीजीपी विजय कुमार बुधवार को रोहनिया करसड़ा स्थित अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने पहुचे। विद्यालय में विश्व स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। करसड़ा में ६६.५४ करोड़ रूपयों से और १२ एकड़ क्षेत्रफल में विद्यालय व हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। आवासीय विद्यालय के निर्माण मेंबालक-बालिका हॉस्टल, कैंटीन आदि शामिल है। विद्यालय में बने भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पंजीकृत श्रमिकों के बालक व बालिकाओं को इस स्कूल में कक्षा बारह तक की शिक्षा मिलेगी। अभी चालू सत्र में कक्षा ६ के बच्चों की पढ़ाई होगी। शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क होगा।बालक- बालिका के लिए हॉस्टल की सुविधा रहेगी। इस स्कूल में पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। गौरतलब हैं कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक, बालिकाओं के लिए वाराणसी मण्डल में यह अटल आवासीय विद्यालय बनवाया गया है। विद्यालय में स्मार्ट क्लासेज से लगायत बच्चों की पढ़ाई के लिए सभी तरह की अत्याधुनिक सुविधा होगी। बच्चों का कौशल विकास भी निखारा जाएगा। सबसे बड़ी बात होगी कि इस स्कूल में बच्चों के रूचि को ध्यान में रखकर अध्ययन की व्यवस्था होगी। अनाथ बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे या असाध्य बीमारी से ग्रसित लोगों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्रमुख सचिव ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्तालाप किये। और बच्चों से स्कूल व्यवस्था की जानकारी ली। कक्षा 6बी में पढ़ने वाला जौनपुर निवासी छात्र विकास मौर्य ने प्रमुख सचिव को बताया कि वह आईएएस बनना चाहता है। कक्षा 6ए गजापुर राजातालाब निवासी छात्रा सुजाता ने निरीक्षण करने आए प्रमुख सचिव और डीजीपी के स्वागत में शिव तांडव स्त्रोतम गाया। इसके अलावा प्रमुख सचिव ने सभी बच्चों से एक-एक कर हाथ मिलाया। निरीक्षण के दौरान डीएम यशराज लिंगम, पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन, वरुण जोन डीसीपी मनीष साड़ियल, के अलावा अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।





## ख़ास ख़बर

### पुलिस ने एक वारन्टी को किया गिरफ्तार



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** पटरंगा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर समय से न्यायालय में हाजिर न होने वाले एक वारन्टी अभियुक्त को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस वारन्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक वारन्टी अभियुक्त अपने घर पर है।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रामकरन प्रसाद का0 अंकुल कुमार के साथ उक्त स्थान पर पहुँच अभियुक्त भग्गू पासी पुत्र जगरूप निवासी दीवाली को गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एंटीरोमियो दल ने छात्राओं को किया जागरूक



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** थाना मवई पुलिस ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत एंटीरोमियो दल ने रामकुमार यादव इंटर कॉलेज सांडवा में की बालिकाओं को जागरूक किया।जागरूक करने के बाद बालिकाओं की समस्याओं को सुना आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।बालिकाओं को वोमेन हेल्प लाइन 1090,181,डायल 112,सीएम हेल्पलाइन 1076,एवम साइबर अपराध के बारे में भी जागरूक किया।इस अवसर पर उपनिरीक्षक गुलाम रसूल कांस्टेबल अनूप चौधरी,महिला,कांस्टेबल उजाला, सरस्वती राजपूत उपस्थित रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर अनमोल मिश्रा।** क्षेत्र के गढ़ी गाँव जोकि वजीरगंज थाने के अंतर्गत आता है वहां के रहने वाले एक युवक की मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम अयोध्या जनपद में कराया गया है। गढ़ी ग्राम पंचायत के दूबे पुर का रहने वाला विजय प्रताप सिंह उम्र लगभग 47 वर्ष पुत्र इंद्रसेन सिंह बिजली से संबंधित कार्य करता था। मंगलवार की रात करीब 09 बजे वह खाना खा रहा था कि तभी उसके मोबाइल पर एक फोन आया और वह खाना छोड़कर उठ गया। उसकी पत्नी संगीता ने जब पूछा तो उसने कहा कि किसी की मौत हो गई है वहीं जा रहा हूं। पति के जाने के थोड़ी देर बाद जब पत्नी ने पति के मोबाइल पर फोन किया तो उसका फोन परसहना गाँव की आशा कार्यकत्री पिंकी ने उठाया और कहा कि आओ विजय की तबीयत बहुत खराब है इसे बचा लो। सूचना मिलने के बाद परिजन जब मौके पर पहुंचे तो पिंकी वहां मौजूद थी और विजय मरणासन्न अवस्था में पडा था। परिजन विजय को गाँव के ही राज राजेश्वरी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया।

### तहसील में 1875 से अब तक नहीं बना फल, सब्जी मंडी

**बलरामपुर ब्यूरो चीफ।** मंगलवार को रेलवे संघर्ष समिति अध्यक्ष कमाल अहमद सिद्दीकी ने विधायक राम प्रताप वर्मा को ज्ञापन सौंप कर उतरौला में फल, सब्जी व गल्ला मंडी बनाए जाने का मांग की है। कमाल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि 1875 में उतरौला तहसील स्थापित हुई थी। मंडल की सबसे पुरानी तहसील होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। तहसील क्षेत्र में फल, सब्जी व गल्ला मंडी न होने से व्यापारियों व किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उतरौला नगर पालिका क्षेत्र आदर्श तो हो गया लेकिन नगर क्षेत्र में फल, सब्जी व गल्ला मंडी की व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई, जो खेद का विषय है। जबकि इसके बहुत बाद की तहसील क्षेत्र तुलसीपुर, पचपेड़वा व बलरामपुर में फल, सब्जी व गल्ला मंडी की स्थापना हो चुका है। उतरीला में मण्डी की व्यवस्था न होने के कारण किसानों को मजबूरन स्थानीय व्यापारियों से अपने उत्पाद को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस मौके पर खालिद खां, अकरम, आफताब आलम, संकट प्रसाद, रामदीन, ताजुद्दीन, खेसाल सिद्दीकी व अन्य मौजूद रहे।

### दिव्यांगजनों को दिए गए आवास की पहली किश्त, खिले चेहरे

**बलरामपुर ब्यूरो चीफ। सौरभ पांडे।** दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त की धनराशि लाभार्थियों के डिजिटल खाते में उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने स्थान्तरित कर आवास स्वीकृति पत्र भेंट किया। यह कार्यक्रम उतरौला ब्लाक सभागार क्षेत्र पंचायत में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना अन्तर्गत आयोजित किया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा व ब्लाक प्रमुख महिपाल ने वहां मौजूद दिव्यांगजनों को आवास स्वीकृत पत्र भेंट किया। स्वीकृति पत्र पाकर सभी दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। विधायक ने कहा कि आज बहुत ही गौरव पूर्ण क्षण का अनुभव हो रहा है। भाजपा सरकार सभी वर्गों के हित को देखते हुए काम कर रही है। बलरामपुर ब्यूरो चीफ सौरभ पांडे। मत्स्य विभाग का पोर्टल 20 सितंबर को खोला जाएगा। यह जानकारी सहायक निदेशक मस्त डॉक्टर विनोद वर्मा ने दी। कहा कि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भरवाए जाएंगे। किसानों को मछलियों के शिकार नदियों व जलाशयों की देखभाल के लिए अधिकृत किया जाएगा। बलरामपुर ब्यूरो चीफ। गन्ना सर्वे का सट्टे का सत्यापन 29 सितंबर तक चलेगा। सभी समितियों पर 10 दिवसीय मेला लगेगा।

# तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे, दो बाइक मिली



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** थाना बाबा बाजार पुलिस ने त्रिनेत्र पोर्टल व सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को चोरी की दो बाइक के साथ बेतवा नाला पुल से गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार थाना बाजार पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक कुँवर सिंह,सुधीर त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल भूपेश सिंह,का0 कुलदीप शर्मा, आकाश कुमार,सचिन सिंह, सलिल कुमार के साथ स्थानीय थाना पर चोरी में वांछित हिस्ट्रीशीटर तीन अभियुक्तों हिमांशु श्रीवास्तव उर्फ रम्मन,अरविंद श्रीवासतव उर्फ छोटू पुत्र गण कृष्ण बिहारी श्रीवास्तव निवासीगण शंकर पुर हरैया वर्तमान पता एनडीए परिसर कुमारगंज, रमेश पांडेय पुत्र स्व.रामराज पांडेय निवासी कड़बड का पुरवा मजरे एकमा को गिरफ्तार कर लिया।कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक 18.09.2023 को अज्ञात चोरो द्वारा वादी की मोटर साइकिल स्पेलेण्डर प्लस वाहन सं0 यू0पी0 42AY7845 व दिनांक 15.09.2023 को दूसरे वादी की मोटर साइकिल एच0एफ0डीलक्स वाहन सं0 यू0पी0 42 ए सी 5936 माँ कामाख्या मन्दिर परिसर से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया था ,उक्त के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीम गठित किया गया । अभियान आपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत लगवाये गये सीसीटीवी कैमरो की मदद से उक्त अभियोग से सम्बन्धित चोरी का फुटेज निकालकर आस-पास के थानो व जिले मे प्रसारित किया गया व त्रिनेत्र पोर्टल की सहायता ली गयी।आपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत लगवाये गये कैमरो की मदद से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।तीनो अपराधी के विरुद्ध भिन्न भिन्न थानों के संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## डीएम एक्शन में, ग्राम चौपालों में प्राप्त जन शिकायतों पर मांगी कार्यवाही रिपोर्ट

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर सख्त हो चली हैं। इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विभागों से आख्या मांगी है। तीन दिन का समय दिया गया है। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों पर प्रमुखता से कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनशिकायतों पर चलताऊ टिप्पणी या रिपोर्ट मंगाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही, शिकायतकर्ताओं का पूरा विवरण भी दर्ज किया जाए, जिससे जरूरत पड़ने पर उनका फीडबैक लिया जा सके। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा जिले की कमान संभाली थी। उनके द्वारा 20 जून को ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई। अगस्त तक सभी 16 विकासखण्डों के 96 ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं ग्रामों में पहुंचकर शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जनपद के दूर-दराज के इलाकों से कलेक्ट्रेट तक आने वाले ग्रामीणों को इन ग्राम चौपाल से काफी राहत मिली। गांव की समस्या का समाधान गांव में ही सुनिश्चित किया गया। ग्राम चौपाल में जनसुनवाई के साथ अब जिलाधिकारी स्वयं एक-एक शिकायत पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर रही हैं। सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा गया है। जिलाधिकारी कार्यालय से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग को विशेष रुप से नोटिस भी जारी किया गया है। जिनमें, ग्राम चौपालों में प्राप्त विभाग से संबंधित कार्यवाही के संबंध में आख्या प्राप्त न होने के संबंध में नाराजगी जताई गई है। इनके साथ ही, सभी अन्य विभागों को भी तीन दिन में सूचनाएं उपलब्ध कराने को कहा गया है। उन्होंने साफ किया है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## गणपति बाप्पा मोरया के नारो के साथ शुभारम्भ



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** अयोध्या के शिवालय परिवार के श्री गणेश महोत्सव का गणपति बप्पा मोरिया के नारो के साथ शुभारंभ हुआ ॐ शिवालय परिवार के 11 दिवसीय 16 वे श्री गणेश महोत्सव का शिवालय परिवार समस्त सिंधी समाज के महंत श्री गणेश राय दास जी ने सभी देश वासियों को श्री गणेश महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं इस शुभ अवसर पर दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें तुलसीदास जी और रोशन लाल जी के भजनों ने सभी भक्तों का मन मोह लिया , प्रथम पूज्य श्री गणेश जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर महंत श्री बृजमोहन दास,संत श्री कपिल राम जी,सिंधी समाज के मुखिया श्री राजकुमार मोटवानी जी , मुखिया श्री धर्मपाल रावलानी जी सभी ने प्रभु को केक का भोग लगाया युवा महंत कान्हा राय ने सभी को जानकारी दी उत्सव में निरंतर 11 दिनों तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा सोमवार को प्रभु की छठी उत्सव आयोजन किया गया है मगंलवार को प्रभु को 56 प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया जाएगा बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है गुरुवार को बैंड बाजे के साथ प्रभु की शोभा यात्रा गुप्तारघाट के लिए प्रस्थान करेगी जहा प्रभु की दिव्य आरती के उपरांत नम आंखों से प्रभु का विसर्जन किया जायेगा।

## सपा जिलाध्यक्ष के बिगड़े बोल, कार्यकर्ता के फोन पर जहां चाहेंगे वहीं बजेगा पुलिस का सायरन, खड़े रहेंगे थानाध्यक्ष





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** मिशन 2024 को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने क्षेत्र के महेशपुर गाँव में अयोध्या - बस्ती हाइवे पर स्थित होटल ड्रीमलैंड में बुधवार को बैठक की।इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सपा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा सभी लोग पूरे लगन के साथ आगामी लोकसभा की तैयारी में जुट जाएं। मौजूदा सरकार को निशाने पर लेते हुए जिलाअध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा सरकार दलालों की सरकार है इस सरकार के नेता जो पहले तीन सौ रुपए का कुर्ता पहनते थे वो आज बारह सौ रुपए का कुर्ता पहनकर इधर-उधर दलाली कर रहे हैं। घोसी में चुनाव जीतने के बाद इंडिया गठबंधन का साम्राज्य दिनों-दिन बढ़ रहा है। इस बार उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी के 40 सांसद चुनाव जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह के हाथों को मजबूत करेंगे। पूरे प्रदेश में लोग छुट्टा जानवर, पुलिस उत्पीड़न, सीएचसी पर दवाओं की अनुपलब्धता व दलालों से परेशान है। अब जनता बदलाव के मूड में है इस बार बड़ा परिवर्तन होगा। 2027 के चुनाव में प्रदेश में सपा सरकार बनने पर पुलिस का सायरन आपके सम्मान में बजेगा, आपके आदेश पर बजेगा। सपा कार्यकर्ता थानाध्यक्ष को जहां कहेंगे वह वहां खड़ा रहेगा। पर्दे में वोट पड़ना है बच्चों के और अपने भविष्य को देखते हुए आप सभी को मतदान करना है। सपा में सभी कार्यकर्ताओं का बराबर सम्मान किया जाता है। बैठक में जिला पंचायत सदस्य रणजीत सिंह बब्लू, संभावित लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह,, सुभाष यादव प्रधान कटरा भोगचंद , कैसरगंज लोकसभा व गोंडा लोकसभा के सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधायक संसद में



**बलरामपुर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पौत्री अंजली मिश्रा ने बताया कि पुराने संसद से नए संसद की ओर सभी सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूँच किया, वहीँ ऐतिहासिक विधेयक “नारी शक्ति वंदन अधिनियम” को पारित करने के उद्देश्य से संसद के समक्ष प्रस्तुत किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पौत्री अंजली मिश्रा ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए अपने ग्राम प्रवास के दौरान महिलाओं से बात चीत करते हुए यह बातें कहीं उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह बिल भारतीय संस्कृति में उल्लिखित “यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता” को चरितार्थ करता है। 27 सालों के लटका यह बिल अपने मूल रूप में आने को तैय्यार है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के लगातार प्रयास करने के बावजूद विपक्ष के षड्यंत्र के कारण यह बिल आज तक संसद में पास नहीं हो पाया ना ही कानून नहीं बन पाया । मगर आज वाजपेयी जी का यह सपना साकार होता दिख रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए इस फैसले का स्वागत किया है। बुधवार को इस विधेयक पर संसद में बहस की जाएगी।

### यूपी गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा द्वारा बुधवार को थाना स्थानीय की पुलिस टीम उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह, विजय यादव, राजविमल द्वारा मु0अ0सं0 198/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट मे नामजद वाँछित अभियुक्त हरीराम उर्फ चरन यादव 30 वर्ष पुत्र त्रिवेणी यादव निवासी ग्राम पोखरभिटवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर उम्र को उसके घर पोखरभिटवा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों चार दिवसीय महाअभियान के प्रथम दिन विद्युत कनेक्शनधारियों से राजस्व वसूली

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** उ०प्र० शासन एवं जिलाधिकारी, बलरामपुर श्री अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बालकृष्ण द्वारा जनपद बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह सितम्बर 2023 के आवंटित/निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य के प्राप्ति की स्थिति को सन्तोषजनक स्थिति में लाते हुए माह के अन्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक राजस्व हानि वाले चिन्हित 11केवी पोषकों को अधिक राजस्व हानि श्रेणी से बाहर करने के साथ-साथ क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति कराने हेतु जनपद बलरामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय महाभियान को आज प्रथम दिन चलाया गया। इस महाभियान के प्रथम दिन अधिक राजस्व हानि वाले फीडरों से जनपद बलरामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1105 कनेक्शनधारी से राजस्व वसूली रु0 38 लाख, बकाया पर संयोजन विच्छेदन 346 कनेक्शनधारी से रु0 18.22 लाख की कार्यवाही करते हुये राजस्व लाभ प्राप्त किया गया। बताया कि बकाये पर विच्छेदित किये जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को तत्काल भुगतान प्राप्त होने के उपरान्त विच्छेदित किये गये कनेक्शनों को पुनः जोड़ने की कार्यवाही भी प्राथमिकता पर महाभियान के दौरान ही करायी गयी। काटे गये कनेक्शनों की निगरानी लाइन स्टाफ, क्षेत्रीय अवर अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, यदि किसी भी बकायेदार विद्युत उपभोक्ता द्वारा बकाये पर काटे गये कनेक्शन को बिना भुगतान किये, पुनः जोड़कर विद्युत का उपभोग करते हुए पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगा। जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों यह राजस्व वसूली महाभियान आगे और तेजी से चलाया जायेगा। भुगतान न करने वाले बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं (विशेषकर रू० पाँच हजार एवं उससे ऊपर के बकायेदार विद्युत उपभोक्ता) से अपील है कि विभाग द्वारा बकाये पर दर्ज करायी जाने वाली प्राथमिकी के साथ-साथ की जाने वाली अन्य अप्रिय कार्यवाहियों से बचने के लिए तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने के लिए अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान तत्काल करें। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से यह भी अपील है कि कृपया जमा किये जाने वाले बिलों के भुगतान रसीद को अपने परिसर पर ही सुरक्षित रखें, जिससे कि महाभियान के दौरान परिसर पर जाने वाली निरीक्षण टीम को परिसर पर उपस्थित परिवार/ प्रतिष्ठान का कोई भी सदस्य जमा रसीद तत्काल दिखा सके, जमा रसीद को निरीक्षण टीम को दिखाये न जाने की स्थिति में परिसर पर बकाया मानते हुए संयोजन को विच्छेदित कर दिया जायेगा, जिससे उत्पन्न होने वाली विषम परिस्थितियों की जिम्मेदारी सम्बन्धित उपभोक्ता की होंगी।

**प्रशिक्षण** रंगीन मछलियां घरों में सजावट हेतु पाली जाती हैं, इनके उत्पादन से अच्छी आय प्राप्त होती है

# मत्स्य पालन तकनीक विषय पर रोजगार परक प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोंण्डा आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के मत्स्य अनुभाग द्वारा संचालित पांच दिवसीय रोजगार परक प्रशिक्षण आज दिनांक 20 सितंबर 2023 को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पीके मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों से रंगीन मछलियों का पालन कर स्वरोजगार करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि रंगीन मछलियां घरों में सजावट हेतु पाली जाती हैं । इनके व्यवसायिक उत्पादन से अच्छी आय प्राप्त होती है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने मछलियों की उन्नतशील प्रजातियों कतला रोहू नैन सिल्वर कार्प, ग्रास कार्प,कामन कार्प तथा रंगीन मछलियों की गोल्डफिश, गप्पी, मोली, टेट्रा आदि की प्रजातीय विशेषताओं की जानकारी दी । उन्होंने मत्स्य आहार प्रबंधन, बायोफ्लॉक तकनीक, तथा रीसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर आदि की जानकारी दी । डॉक्टर राम लखन सिंह ने धान के साथ मत्स्य पालन तथा तालाबों के बंधे पर अरहर की खेती की जानकारी दी । डॉ. एके सिंह वत्स ने कीट एवं रोग प्रबंधन के लिए एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तकनीक को उपयोगी बताया । डॉक्टर एमके सिंह ने मत्स्य तालाबों के बंधों पर सहजन की खेती को लाभकारी बताया । उन्होंने बताया कि सहजन की खेती बंधे पर करने से भूमि का कटाव नहीं होता है । सहजन की खेती से अतिरिक्त आय प्राप्त होती है । डॉक्टर डीके पांडेय ने तालाबों में जल प्रबंधन की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि मत्स्य तालाबों के जल की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए । गंदे पानी से मछलियों में बीमारियां फैलती हैं । उनका उत्पादन भी कम प्राप्त होता है । रोजगार परक प्रशिक्षण में अमर सिंह, तिलकराम यादव, युवराज यादव, श्रीमती सुनीता, श्रीमती पूनम आदि ने प्रतिभाग कर रंगीन मछलियों के पालन एवं प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्राप्त की ।

## ‘एसिड अटैक’ में पंजीकृत अभियोगों की जांच व अभियोजन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला



**ब्यूरो गोंण्डा।** आज दिनाकं 20.09.2023 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री शिवराज ने महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन (W.C.S.O) के तहत महिला सहायता प्रकोष्ठ, SJPUअपराध शाखा, प्रार्थना पत्र प्रकोष्ठ, समस्त पेशी के कर्माचरीगण, व थानों से आये हुए अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने महिला एवं बाल अपराधों को गम्भीरता से लेते हुए उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण को विस्तृत से जानकारी दी गयी कि महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (डब्ल्यूसीएसओ) एक ऐसा संगठन है जो अपराध को रोकने और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने का प्रयास करता है। यह राज्य में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने में मदद करता है। जिसका उद्देश्य महिला सम्मान प्रकोष्ठ, महिला सहायता प्रकोष्ठ और 1090 महिला पावर लाइन जैसी विभिन्न इकाइयों को एक एडीजी रैंक अधिकारी के साथ एक आम मंच के तहत काम करना है ताकि महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना सुनिश्चित किया जा सके। डब्ल्यूसीएसओ थाना स्तर पर महिला अधिकारों के बड़े पैमाने पर प्रचार और प्रसार के माध्यम से जनता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और नागरिक समाज के बीच एक पुल के रूप में कार्य करता है। संगठन सामान्य, सार्वजनिक और साथ ही कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न के संबंध में लड़कियों/महिलाओं के बीच सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से जागरूकता पैदा करके महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए सार्थक कदम उठाने का प्रयास करेगा। इस प्रकार के अपराधों मेंऐफ आई आर पंजीकरण, पीडिता का उपचार, आरोपी की पहचान, घटना स्थल से भौतिक साक्ष्यों का संग्रह, तेजाब खरीद मामले की जाँच, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की स्वीकार्यता, मेडिकल रिपोर्ट व पीडिता के मुआवजा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, डब्ल्यू सी एस ओ प्रभारी, ऐ एच टी यूप्रभारी,ऐस जे पी यू प्रभारी अन्य कार्यालयों व थानों से आये हुए अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### ग्रामीणों की शिकायत पर जांच को पहुंचे अधिकारी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया(गाज़ीपुर)** । खबर क्षेत्र के बरूइन गांव से जहां ग्रामीणों की उपजिलाधिकारी से राशन विक्रेता की शिकायत के बाद जांच को पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक। आपको बता दे कुछ दिन पूर्व उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ने गांव में जन चौपाल का आयोजन कराया था,जिसमे ग्रामीणों ने राशन विक्रेता की उपभोक्ताओं से अभद्रता व घटतौली की शिकायत की थी,जिसके उपरांत उपजिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था,इसी क्रम में शुक्रवार को जांच करने पहुंचे अधिकारी के आने की सूचना पर ग्रामीण भी इकट्ठे होने लगे,और जब ग्रामीणों ने शिकायत की तो वहा उपस्थित राशन विक्रेता कृष्णकांत उर्फ भोला ग्रामीणों से भिड़ गए जिस पर बहुत देर तक इनके बीच तू तू मैं मैं होती रही,ग्रामीणों का कहना है कि राशन लेने जाने पर विक्रेता राशन न होने का हवाला दे कर गुमराह तो करता ही है साथ में अभद्रता भी करता है,कभी कभी दुकान खोलता है,महिलाए दुकान पर घंटो इंतजार करती है,इस संबंध में जब हमने पूर्ति निरीक्षक से जांच संबंधी जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट उपजिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया जायेगा। पूर्ति निरीक्षक ने बाइट देने से मना किया।

### मधुपुर आरपीएफ ने स्थापना दिवस पर रन फॉर युनिटी, योगा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल ने स्थापना दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी, योगा,प्लेटफॉर्म क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। वहीं आरपीएफ बैरक परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि आरपीएफ का स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को वृक्षारोपण के साथ-साथ योगा एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में ब्रेक परिसर एवं स्टेशन में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। श्री प्रसाद ने बताया कि परिसर में पौधा रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आरपीएफ के द्वारा पीपल व नीम के पौधे रोपित किए गए हैं। इनके अलावा जामुन, शीशम, अमरूद, आम पौधे लगाए गए हैं।उन्होंने बताया कि फलदार और छायादार पौधे दोनों का अपना-अपना महत्व है। जिससे मनुष्य के साथ-साथ पशु -पक्षी और जानवरों को छाया व खाने के लिए फल प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ समय बाद आज हम सब के द्वारा लगाए गए यह पौधे 1 दिन बड़े पेड़ का रूप लेंगे और छाया तथा फल दोनों देकर प्राकृतिक को आनंदित करेंगे और आने वाले पीढ़ियों को आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इस अवसर पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार, एएसआई शौकत कमाल समेत आरपीएफ के पदाधिकारियों जवान उपस्थित थे।

### आरपीएफ ने रेल यात्रियों के बीच स्टेशन में चलाया जागरूकता अभियान




**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त आसनसोल राहुल राज के निर्देश पर मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में मधुपुर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया । मौके पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद एएसआई शौकत कमाल ने संयुक्त रूप से यात्रीयों को बताया कि महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और चलती ट्रैन पर पत्थर ना मारे सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी गई। यह भी कहा कि जो व्यक्ति ट्रेन में पत्थर फेंकते हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है । बेवजह अनावश्यक कोई ट्रैन का जंजीर न खींचे। ।साथ ही यात्रियों के सामान कि चोरी कि घटना से अवगत करते हूए वैसे लोगो के बिरुद्ध गुप्त सुचना देने कि अपील किया। वहीं उन्होंने कहा कि महिला बोगी में महिला ही यात्रा करें पुरुष यात्रा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विकलांग बोगी में विकलांग ही सफर करें। यात्रा के दौरान कोई समस्या हो तो पैसेंजर हेल्प लाइन नंबर 139 पर सुचना देकर मदद लेने हेतु जागरूक किया । मोके पर स्टेशन प्रबंधक एस.के पाठक सवास्थ निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, टीआई युके चौधरी, एसएसई ( कैरेज) आर के सिंहा, बुकिंग पर्यवेक्षक मनोज कुमार समेत आरपीएफ के हेड कांस्टेबल एंव कांस्टेबल के जवान मौजुद थे।

# विस अध्यक्ष ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी ,नाला/जामताड़ा**। बुधवार को स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कालीपहाड़ी और बाघाकुड़ी के बीच जोड़िया पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।इस अवसर पर आयोजक समिति तथा स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से शिलापट का अनावरण कर फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर विधिवत रूप से पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को पश्चिम बंगाल जाने में कम दूरी का सामना करना पड़ेगा। यहां के लोग मुख्यालय तक आवागमन सुगमता पूर्वक कर



सकेंगे।इसके अलावे उन्होंने अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क आदि के क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर आम लोगों को अवगत कराया। कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास कर रही है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के बारे में भी आम जनता को अवगत कराया ।उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज से किसानों को उचित मूल्य मिल पाएगा । इसके अलावे उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेंशन के क्षेत्र में बेरकेटिंग हटा दिया है ।कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी जरूरतमंद लोगों को पेंशन से अच्छादित किया इसके अलावा मारांग गोमके योजना के बारे में भी जानकारी दी कहा कि अब हमारे क्षेत्र के गरीब गुरवे छात्र भी विश्व भर में अच्छे शैक्षणिक स्थान में भी पढ़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिनों में क्षेत्र की शैक्षणिक स्थिति के सुधार के लिए ग्रामीणों की मांग पर प्लस टू उच्च विद्यालय में अपग्रेड की जाएगी। इसके अलावा आने वाले पीढ़ी के लिए विकास की विभिन्न परिकल्पना की जा रही है वही जनरल अनुमंडल बनने की प्रक्रिया भी जारी है। इस दौरान स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के कार्य शैली से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने अन्य पार्टी को छोड़ झामुमो का दामन थामा वहीं स्थानीय विधायक झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने सभी नए कार्यकर्ताओं को माला पहनकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कास्ता अजय नदी घाट में पुल निर्माण की मांग की।

## मधुपुर अनुमंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणेश उत्सव



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । मधुपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणेश उत्सव। गांधी चौक स्थित पूजा पंडाल में भक्तों की काफी भीड़ हुई। भगवान गणेश की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं के द्वारा की गई। वही पूजा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मधुपुर शहर के दिल कहे जाने वाले गांधी चौक को आकर्षक रोशनी से सजाया गया।यह पूजा बड़े-बड़े शहरों में देखने और सुनने को मिलता था मगर अब हर छोटे बड़े शहरों में भी पूरे उत्सव के साथ मनाया जा रहा है। शहर के रामजस रोड ,गांधी चौक, काली पोर्टन, भेड़वा रोड इत्यादि जगहों पर गणेश पूजा की धूम देखी गई। वही झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण खेलकूद कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन ने शहर के तमाम गणेश पंडालों का निरीक्षण किया। कहा आपस में मिलजुल कर रहे और शांति ढंग से त्योहार मनाए यही हमारी सभी से कामना है।

## कुछ उचक्कों ने महिला का चैन और मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए



**वाराणसी** । पहलाद घाट इलाके में बुधवार को कुचक्कों ने घर से सब्जी लेने निकली किरन सिंह को नशीला कपूर सुंगाकर सोने की चेन और मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए महिला के मुताबिक जब उचक्कों ने उन्हें कपूर सुघाया तो वह कुछ देर के लिए बेहोश हो गई इसी बीच उनके गले में पड़ी सोने की चेन और मंगलसूत्र लेकर उचक्के कर में बैठकर भाग निकले घटना के संबंध में प्रहलाद घाट निवासिनी किरन सिंह पत्नी मुन्ना सिंह ने आदमपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है आदमपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है जहां पर घटना हुई है वहां से चंद कदम की दूरी पर आदमपुर थाने की पुलिस पिकेट कट भी है इसके बावजूद भी उचक्के सरेआम घटना को अंजाम देकर पिकेट पर मौजूद पुलिस कर्मियों के सामने से भाग निकले किरन सिंह के मुताबिक सोने की चेन और मंगलसूत्र की कीमत डेढ़ लाख से ज्यादा है आदमपुर पुलिस सूचकों के घर पकड़ के नाम पर केवल सीसीटीवी फुटेज चेक करने में लगी है ।

# अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चों को कृमि की गोली खिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/देवघर** । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद और मंत्री स्वास्थ्य प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद के द्वारा बच्चों को कृमि की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपाधीक्षक ने कहा कि कृमि मुक्ति हेतु यह कार्यक्रम आज सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र में चलाया जा रहा है। इसके लिए कृमि की दवा एल्बेंडाजोल स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचा दिया गया है। ताकि 2 वर्ष से 18 साल तक के बच्चों को कृमि की दवा खिलाई जा सके। कहा कि यह दवा बच्चों को खाली



पेट में नहीं खिलाना है। खाना खाने के बाद ही इस दवा का सेवन करना चाहिए। यह दवा बच्चे, किशोर ,किशोरियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। अगर बच्चे के आंत में कृमि है तो उसका मानसिक और शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। शरीर में खून की कमी हो जाती है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाता है । कृमि से रोकथाम हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। फल और सब्जी बिना धोए हुए सेवन नहीं करने की सलाह दी ।खुले में शौच नहीं करने का और नाखून हमेशा छोटा रखने की हिदायत दी। कहा कि कृमि से बचाव हेतु बाहर नंगे पैर नहीं चलने को कहा।इसको लेकर सहिया आंगनबाड़ी सेविका एवं शिक्षकों को दवा खिलाने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया जा चुका है ताकि 100% बच्चों को दवा खिलाई जा सके। उपाधीक्षक ने कहा कि अगर कोई बच्चा बीमार या अनुपस्थित रहने के कारण दवा नहीं खा पाता है ,तो 29 सितंबर को माप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने अपील किया कि किसी भी सूरत में एक भी बच्चा कृमि की दवा खाने से नहीं छूटे। मौके पर चिकित्सक ,स्वास्थ्य कर्मी, सहिया मौजूद थे।

### बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तहसील परिसर से लेकर सड़क तक विरोध प्रदर्शन किया

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या ,जमानियां।** बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्तागण अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह के नेतृत्व बुधवार को तहसील परिसर लेकर सड़क तक विरोध प्रदर्शन किया। तथा मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिरीक्षक के खिलाफ जुलूस निकालकर विरोध जताया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार और पुलिस की तानाशाही रवैए को लेकर आक्रोश जताया। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कहा की जब तक हापुण जिले में अधिवक्ताओं के साथ न्याय नहीं किया जाता धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। गोरखनाथ सिंह ने कहा की अंधी बहरी प्रदेश की योगी सरकार पुलिस की बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज घटना को संज्ञान में लेने के बाद किसी तरह की कार्यवाही करना भी चाहती। लेकिन सरकार हापुण जिले के अधिवक्ताओं को जब तक न्याय नही मिल जाता लड़ाई जारी रहेगा। उन्होंने कहा की हापुण जिले में निहत्थे अधिवक्ताओं पर पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज करने तथा गाजियाबाद के अधिवक्ता की हत्या व प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओं की हत्या व जान लेवा हमले तथा शासन प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही किए जाने की घोर निन्दा की जाती है। सिंह ने पुरजोर ढंग से विरोध जताते हुए कहा की मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिरीक्षक भी कार्यवाही करने से पीछे हट रहे हैं। लेकिन बार एसोसिएशन जमानियां के समस्त अधिवक्ता हापुण जिले के अधिवक्ताओं को न्याय के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस दौरान गोरखनाथ सिंह ने कहा कि भ्रष्ट योगी सरकार में जिस तरह अधिवक्ताओं के उपर बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया है।

### यादव महासभा ब्लॉक करण्डा का महासम्मेलन का आयोजन 24 सितम्बर को




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर** । अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर द्वारा करण्डा ब्लॉक अध्यक्ष पद की घोषणा व सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है इस समारोह में गाजीपुर जिले के यादव समाज की चिंता करने वाले सभी जन मानस दल बल से यादव समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए दिनांक 24 सितम्बर रविवार प्रातः काल 11बजे स्थान शिवनाथ चौधरी बालिका इंटर कॉलेज बेदौली करण्डा पहुचेंगे कार्यक्रम के सयोंजक मोती प्रधान बक्सा एक दिन समाज के हित ,मजबूती, एकता भाईचारे के लिए अपने व्यस्तम समय मे से मात्र 2 घण्टे निकालने का अनुरोध जनसम्पर्क करके समाज के प्रमुख लोगो को निमंत्रण दे रहे है सुजीत यादव जिलाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा , गाजीपुर ने प्रेस के माध्यम से बताया कि इस सम्म्मेलन से यादव समाज को एक दिशा मिलेगी और समाज मे भाई चारा का संदेश जाएगा उन्होंने ने बताया कि यादव समाज हमेसा जनहितकारी कार्य किया है ।

### आवास योजना में चयनित 237 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया



**अनिल जायसवाल,म्योरपुर** । ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को खंड विकास अधिकारी हेमंत सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामदुलार सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड ने दिव्यांग आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया ।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में चयनित लगभग 237 लाभार्थियों को चयनित प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।म्योरपुर विकासखंड सभागर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामदुलार सिंह व ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड ने नव चयनित 237 दिव्यांग को प्रमाण पत्र दिए इस दौरान विधायक श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लोगो के विकास के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार में गांव गांव में विकास की गंगा बह रही है कहां की लाभार्थी किसी को सुविधा शुल्क ना दें अगर कोई इसकी मांग करें तो सीधे उन्हें अवगत कराए कार्यक्रम में एडीओ पंचायत काशीराम ठाकुर , व तमाम ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे ।

### प्लस टू उच्च विद्यालय नाला से वॉलीबॉल के खिलाड़ी रांची रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर,सुष्मिता कुमारी , नाला/जामताड़ा** । प्लस टू उच्च विद्यालय नाला से वॉलीबॉल की बालिका वर्ग की टीम रांची रवाना हुए ।मालूम हो कि राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में पिछले दिन उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलाबनी में खेलो झारखंड 2023- 24 के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रखंड से चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्लस टू उच्च विद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न प्रतियोगिता में सफल हुए छात्र-छात्राएं आज बुधवार को प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार मंडल के द्वारा सभी (छात्राओं वॉलीबॉल के) खिलाड़ियों को रांची के लिए रवाना किया गया। विदित हो कि प्लस टू उच्च विद्यालय नाला की छात्र छात्राएं विभिन्न खेलों में चैंपियनशिप हासिल की है।

**बैठक** | प्रभावित 4935 रैयतों के मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला भू अर्जन विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । बुधवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला भू अर्जन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा भू अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि की विवरणी, कुल परियोजना, भू अर्जन पूर्ण परियोजना, भुगतान की जा रही परियोजना, बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया गया। बैठक में समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 16 परियोजना संचालित हैं जिसमें सभी परियोजना की राशि प्राप्त है। सभी परियोजनाओं में कुल 9709 रैयत प्रभावित हुए हैं, जिसमें से 4774 रैयतों का मुआवजा भुगतान हो चुका है, जबकि शेष प्रभावित 4935 रैयतों के मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं की हाईकोर्ट में लंबित मामले, मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात अप्राप्त मामलों सहित वंशावली प्रमाण पत्र अप्राप्त एवं नावल्ड मृत मामलों सहित अन्य कारणों से मुआवजा भुगतान में हो रहे विलंब के कारण की पृच्छा की। उन्होंने नावाल्द का डाटा उपलब्ध कराने को कहा, साथ ही उन्होंने ग्राम सभा या गांव के लोगों से पूछ लें, किसी का भी हकमारी नहीं होना चाहिए, वहीं जिन रैयतों का वंशावली प्रमाण पत्र नहीं मिला उसका वंशावली प्रमाण प्राप्त करते समय नियमानुसार मुआवजा भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि भूमि अधिग्रहण एवं सड़क निर्माण के समय अनावश्यक रूप से स्पीड ब्रेकर नहीं बने, इसके लिए जरूरी अनुमति प्राप्त कर वैध रूप से ही बनें। इसे सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने सभी परियोजनाओं में रैयतों के लंबित मुआवजा राशि के भुगतान में लाभुकों की समस्या का निष्पादन करने तथा उन्हें परेशानी नहीं हो यह सुनिश्चित करने का



निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर भी आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं इसके अलावा उन्होंने लंबित परियोजनाएं ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा इसके अलावे बेवा बाईपास पथ परियोजना, जामताड़ा जेल रोड पथ परियोजना, धतुला मोड़ से नाला पथ परियोजना, अंगुठिया मोड़ से बाबूपुर पथ परियोजना, जामताड़ा बीरग्राम निरसा पथ परियोजना, जामा- जामताड़ा- रूपनारायणपुर पथ परियोजना (आरओबी) जामताड़ा कंबाइंड बिल्डिंग पथ परियोजना, जामताड़ा तिलाबाद से लादना डैम, विद्यासागर लोहारंगी एवं नारायणपुर करमदहा पथ सहित नारायणपुर पथ एवं तरनी चिरुडीह पबिया पथ परियोजना की समीक्षा की गई एवं नियमानुसार कार्य हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि रैयतों की समस्या को संवेदनशील होकर समझें। कहा कि भू अर्जन संचालित जितनी भी परियोजना हैं उनमें किसी भी रैयतों का मुआवजा लंबित न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं, सभी निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें, ताकि प्रभावित रैयतों को शीघ्र मुआवजा भुगतान हो सके।

# गांवों एवं शहर को साफ सुथरा रखने के लिए उपायुक्त ने किया अपील; बोले स्वच्छता में ही देवत्व का निवास

**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन खुले में शौच प्रथा से मुक्ति पेयजल की समुचित व्यवस्था भूजल स्तर, वर्षा जल के भंडारण, प्लास्टिक मुक्त गांव एवं पंचायत सहित स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा के अलावा स्वच्छता शपथ दिलाया गया। उपायुक्त ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी (जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं पदाधिकारी) को मिल जुलकर कार्य करना होगा तभी लोगों में पेयजल, शौचालय आदि के प्रति जागरूकता का संचार संभव हो सकेगा। इसके लिए वार्ड, ग्राम एवं पंचायत स्तर पर व्यापक रूप से अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने पीएचईडी एवं स्वच्छ भारत मिशन अभियान (ग्रामीण) अभियान के तहत कार्यान्वित योजनाओं के



संचालन में समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सभी तक योजना का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों सहित सभी स्थानों पर शुद्ध पेयजल की सुदृढ़ जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने वर्षा जल संचयन, भू गर्भ जल स्तर कैसे बना रहे इस पर विशेष ध्यान देने एवं जल संचयन को लेकर विमर्श कर कहा कि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल का संचयन करना होगा। इसके अलावा उन्होंने गांवों एवं शहर को साफ सुथरा रखने के लिए अपील किया और बोले कि स्वच्छता में ही देवत्व का निवास होता है। उपायुक्त ने कहा कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक प्रत्येक माह किया जायेगा। उन्होंने इसके तहत किए जाने वाले कार्यों को लेकर सभी संबंधित विभागों, पंचायती राज, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, लघु सिंचाई, जनसंपर्क आदि को आपसी सहयोग के साथ कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिया। इस दौरान समिति के कार्य संचालन सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक विमर्श किया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अवशिष्टों के सुरक्षित निपटारे को लेकर सुरक्षित कचड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया। प्लास्टिक पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने एवं अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने हर घर नल से जल योजना की समीक्षा कर सभी घरों तक नल से जल कनेक्शन हेतु निर्देश दिया। वहीं जो भी संचालित योजना हैं उसमें एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति लाएं, उन्होंने ऑन गोइंग योजनाओं पर विशेष ध्यान देने एवं सभी योजनाओं को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित जनप्रतिनिधि गण एवं पदाधिकारियों को खुले में शौच से मुक्ति, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने, शादी विवाह या किसी भी उत्सव में थर्मोकोल के स्थान पर पत्ते एवं मिट्टी से बने सामग्री का उपयोग करने प्लास्टिक को नहीं जलाने, अपने गांव एवं पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर शपथ दिलाया गया।

## ख़ास ख़बर

### आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की अहम भूमिका रहेगीः संजीव सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। भाजपा महानगर तथा जिला की आई.टी. एवं सोशल मीडिया की एक कार्यशाला सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। कार्यशाला को मुख्य रूप से आई.टी. एवं सोशल मीडिया विभाग अवध क्षेत्र के संयोजक आयुष वाजपेई ने सम्बोधित किया।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि सोशल मीडिया वर्तमान में सूचना के आदान प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम है। सोशल मीडिया के माध्यम से अपने विचारों को त्वरित रूप से एक व्यापक स्तर पर प्रचारित व प्रसारित किया जा सकता है। जिसका उपयोग करते हुए भाजपा के विचारों को प्रसारित करने में अपना योगदान देना चाहिए। डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को प्रसारित किया जा सकता है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा आई टी व सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ता सभी सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लगातार एक्टिव रहें। सरकार की नीतियां का प्रचार-प्रसार करें। आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया की अहम भूमिका रहेगी। कार्यकर्ता इसके लिए अभी से तैयारी बनाएं। कार्यशाला में प्रमुख रूप से परमानंद मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, लवकुश यादव, शिवम मिश्र, परवेश मिश्र, शशिकांत, विवेक पाण्डेय, गौरव सिंह, आशुतोष सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिसे मुख्यमंत्री ने हटाया उसी को मसौधा सीएससी पर दोबारा दे दी नियुक्ति

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोद ली गई सीएससी मसौधा में बवालों में रहने वाले जूनियर डॉक्टर अबसार अली अंसारी को सीएमओ ने दोबारा सीएचसी मसौधा में नियुक्ति देकर एक बार फिर से नया विवाद खड़ा कर दिया है। सीएचसी मसौधा पर रहते हुए डा अबसार अली ने महिला आयोग की सदस्य से विवाद कर लिया था। वहां उन पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। समाजसेवी अधिवक्ता श्वेता राज सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर डा अबसार की शिकायत की थी।इसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डा अबसार अली को सीएचसी पूरा भेज दिया गया था। वहां भी अयोध्या विधायक से विवाद के चलते डा अबसार को सीएचसी सोहावल भेज दिया गया था।गत दिनों डीएम के निर्देश पर प्रतिकूल प्रविष्टि भी मिली है।उनका अधीक्षक पद भी छीन लिया गया । ऐसे दागी चिकित्सक को एक बार फिर मुख्यमंत्री की गोद ली गई सीएचसी मसौधा में तैनाती देकर सीएमओ ने मुख्यमंत्री के निर्देश को तो ठेंगा दिखाया ही है साथ ही फिर से एक नए विवाद को हवा दे दी है।

### युवती के अपहरण करने के प्रयास में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर- अयोध्या**। कार सवार आरोपियों द्वारा युवती के अपहरण करने का प्रयास करने के आरोप में कोतवाली पुलिस द्वारा कार सवार दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपहरण करने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे दिन बुधवार सुबह दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी निवासी देवी प्रसाद का आरोप है कि उनकी 23 वर्षीय पुत्री मंगलवार सुबह करीब 5 बजे जलालपुर शाहगंज मार्ग पर दौड़ लगाने के लिए गई थी। जब वह जलालपुर माफी शाहगंज तिराहे के पास पहुंची तो वहां पर पहले से सफेद रंग की कार खड़ी हुई थी। इसी दौरान कार से उतरकर दो आरोपियों द्वारा उनकी पुत्री को पकड़ कर जबरदस्ती कार पर बैठाने लगे। हल्ला गुहार होने पर जब तमाम लोग पहुंच गए तो आरोपी उनकी पुत्री को छोड़कर बीकापुर की तरफ भाग निकले। उसके करीब आधे घंटे बाद 112 पीआरबी पुलिस पहुंच गई। और घटना के बारे में जानकारी किया। रात में कार सवार अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 364, 511 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय द्वारा बताया गया की पीड़ित पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### संपूर्ण राष्ट्र का हर घर राममय हो इसके लिए घर घर संपर्क होगा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये विश्व हिंदू परिषद ने अपनी संगठनात्मक शक्ति लगानी शुरू की,देश भर के संतों का प्रतिनिधत्व हो,आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विहिप की अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में चल रही दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई। विहिप उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने देश के विभिन्न प्रांतो से आये धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि प्राणप्रतिष्ठा समारोह अपने व्यापक स्वरूप को प्राप्त करेगा,संपूर्ण राष्ट्र का हर घर राममय हो इसके लिए घर घर संपर्क होगा।प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर रामभक्त पांच दीपक घर की चौखट पर अवश्य जलायें और दीपोत्सव मनायेंगे।श्रीराय देश के विभिन्न राज्यों से आये धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों के बीच अपने विचार प्रकट कर रहे थे।उन्हों ने कहा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा जिसे विस्मृत नही किया जा सकता है।उन्होंने संपर्क प्रमुखों को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का निर्माण कार्य अपनी गति से चल रहा है।जो समय से पूर्ण हो जायेगा।सोलह जनवरी से चौबीस जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीराम लला विराजमान हो जायेंगे।पूजन उत्सव में प्रत्येक राज्य की सहभागिता हो इसके लिए हर पंथ संप्रदाय और जातियों के संतों से संपर्क आवश्यक है।प्राणप्रतिष्ठा में अयोध्या धाम आने वाले चार हजार संतों के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भोजन आवास की व्यवस्था जा रही है।

# अवध विवि द्वारा ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या|अयोध्या**। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा माधवपुर मसौधा में बांस की उपयोगिता एवं उद्यमिता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला उद्यमी पूर्णिमा साहू ने ग्रामीण महिलाओं को बांस को काटने की विधि, बांस को चिकना करने की विधि तथा उसको जोड़ने की विधि से प्रशिक्षित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने बनाए गए सामान का मूल्य कैसे निर्धारित करना, मूल्य का निर्धारण, सामान की मात्रा के टिप्स दिए। कार्यक्रम में पूर्णिमा ने बताया कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। अपने आस पास की अलग-अलग की चीजों से भी कुछ ऐसी उपयोगी वस्तु बना सकते हैं। ऐसा होने से रोजगार बढ़ाने के साथ-साथ अपनी आय को भी बढ़ा सकते हैं। प्रकृति ने हमें बहुत से ऐसे संसाधन दिए है जैसे बांस, मिट्टी, फूल जिसे आप इन सबसे बहुत सुंदर से सुंदर एवं बहुउपयोगी चीजों को तैयार कर सकते है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बांस का उपयोग कर हम बहुत सी ऐसी चीज बना सकते हैं जैसे बास की बनी बोतल में पानी ठंडा रहता है। मोबाइल स्टैंड, मोबाइल चार्जिंग स्टैंड, फ्लावर पॉट, टेबल लैंप, लेटर बॉक्स इत्यादि चीजों को निर्माण कर सकते है। बांस आसानी से बहुतायत मात्रा में मिल सकता है और इसको बनाने की लागत काफी कम होती है। अपना रोजगार चलाने के लिए बहुत से पैसे की जरूरत नहीं होगी। यदि कोई सामान टूट भी जाता है तो आसानी से मरम्मत कर उपयोग में ला सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्णिमा ने कहा कि यदि इस तरह की चीजों को हम उपयोग में लाते हैं तो पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ0 महिमा चैरसिया ने बताया कि बांस की फसल 5 वर्षों में अपनी उपज देने लगती है। इस पर सूखे तथा बरसात का कोई भी असर नहीं पड़ता है। यह एक ऐसा संसाधन है जिसको हम काट के पुनः लगाकर फिर से उसको उत्पन्न कर सकते हैं। यदि इसका उपयोग करके रोजगार परख वस्तु बनाकर महिलाएं अपनी आय बढ़ती हैं तो इससे अच्छा रोजगार का साधन क्या हो सकता है। इससे बनी चीजों का उपयोग करके दुनिया में व्याप्त प्लास्टिक प्रदूषण को भी कम कर सकते हैं। सरकार भी बांस मिशन योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्य को प्रोत्साहित कर रही है। तथा इस योजना के अंतर्गत बस की बहुत सी प्रजातियां जैसे बैम्बूसा बाल्कोआ, बैम्बूसा न्यूटन्स, बैम्बूसा, डैन्ड्रोक्लेमस हैमिल्टोनी और डैन्ड्रोक्लेमस जाइजेन्टियस जैसी प्रजातियों के पौधे उगाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 स्नेहा पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, डॉ0 मनीषा यादव, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, सुश्री गायत्री वर्मा, संगम लाल वर्मा एवं गांववासी उपस्थित रहें।

# मैरिज लान को काजी हाउस में कर दिया गया तब्दील



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या कैंट छावनी परिषद सदर बाजार में सामूहिक मैरिज लान बनाया गया था लेकिन अब उस मैरिज लान को काजी हाउस में तब्दील कर दिया गया है यहां पर जो सदर बाजार में रहने वाले लोगो ने इसकी सूचना सदर बाजार के CEO को उपलब्ध कराई गई थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई लेकिन आज फिर से विजय यादव जो भारतीय जनता पार्टी महंगे पिछड़ा मोर्चा अयोध्या के महानगर उपाध्यक्ष ने आज CEO कैंट को फिर से इसी सूचना पर अवगत कराना चाहा लेकिन अधिकारी के किसी काम से व्यस्त हो के कारण मुलाकात नही हो पाई ग्रामीण वासी मैं विजय यादव रविंद्र यादव मुकुल यादव पहलाद यादव जोगिंदर यादव सूरज यादव बृजेश यादव चिली यादव वीरेंद्र यादव रामजी यादव बृजेश यादव कल्लू यादव तथा ग्रामीण के लोग भी उपस्थित रहे

### पोषण अभियान रैली को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ भेलसर - अयोध्या**। राष्ट्रीय पोषण माह अन्तर्गत सुपोषित भारत,साक्षर भारत, सशक्त भारत पोषण अभियान रैली का बुधवार को तहसील परिसर से उपजिलाधिकारी रूदौली अंशुमान सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। महिला एवम बाल विकास परियोजना रूदौली की प्रभारी सीडीपीओ सिद्धि धात्री पांडेय के नेतृत्व में आंगनबाड़ी,कार्यकत्रियां ,सहायिका व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं हाथों में शिशु के पोषण का आधार, मां का दूध सर्वोत्तम आहार, हमने भी ठाना है ,कुपोषण को मिटाना है, अंकुरित अनाज खाओ,शरीर को स्वस्थ्य बनाओ स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाती हुई तहसील परिसर से पैदल मार्च करते हुए भेलसर में रैली का समापन किया।

# शातिर चोरों के कब्जे से एक इन्वर्टर व बैट्रा बरामद



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या,मिल्कीपुर-अयोध्या**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से दो शातिर चोरों को चोरी के माल सहित रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों शातिर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल उप निरीक्षक अभिषेक सिंह व उप निरीक्षक कमलेश साहनी एवं कांस्टेबल अमन सचान व राहुल सिंह द्वारा ऊदल पुत्र रामसरन निवासी कोटिया थाना खण्डासा जनपद अयोध्या हाल पता चमरी का पुरवा थाना खण्डासा, व साईंराम पुत्र स्व नन्दलाल निवासी ग्राम पूरे गोसाईं थाना डीह जनपद रायबरेली हाल पता कोटिया थाना खण्डासा को एक ल्युमिनस इन्वर्टर आसमानी व सिल्वर रंग का व एक बैट्रा सफेद व लाल रंग के साथ बहादुरगंज अमानीगंज ब्लाक रोड सिधारी बाजार मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए दोनों साथी चोरों को पुलिस टीम थाने ले आई जहां पॉलिसी आप पूछताछ में उन्होंने चोरी की कहानी बयां कर दी। इसके उपरांत थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 147/23 धारा 380, 457, 411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों अभिव्यक्तियों को जेल भेज दिया गया है।

### इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस का विदेशों में बढ़ता कारवां

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन देश के 14 राज्यों में और उत्तर प्रदेश के 40 से ज्यादा जनपदों में सुचारू रूप से कार्य करके पत्रकार भाइयों बहनों के ऊपर हो रहे अन्य अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़कर न्याय दिलाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सलाहकार बहन सरोज गिरी के अगुवाई में अमेरिका और कनाडा से अंतरराष्ट्रीय सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन के सुप्रीम कमेटी सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी के साथ 14 राज्यों के पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन विश्वकर्मा सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी ने फोन करके अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।अमेरिका एवं कनाडा के पदाधिकारी से जब बात हुई तो इन लोगों ने कहा संगठन द्वारा बनाए नियम कानून का पालन करते हुए संगठन के विस्तार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय पदाधिकारी ने कहा कि संगठन सहित इसका श्रेय बहन सरोज गिरी जी सहित इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन का है जो हमको आज शामिल होने का सौभाग्य हुआ है।

### अत्याचार सहना अत्याचार करने के सामान हैः एसपी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ पूरा बाजार- अयोध्या** । मिशन अपराजिता के अंतर्गत कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर पूराबाजार में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उनके अधिकारों, शासन की अनेक योजनाओं संबंधित जानकारी दी गई। छात्राओं को सुरक्षा से अवगत कराते हुए सुरक्षा की अनदेखी न करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में यसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने छात्राओं से कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस हमेशा तत्तपर है,जरूरत है जागरूकता की । अत्याचार सहना भी अत्याचार करने के समान है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन ने अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं। इसका महिलाओं व छात्राओं को आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग करना चाहिए। अपराजिता पुलिस की पाठशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर, विशिष्ट अतिथि एसओ महाराजगंज अमरजीत सिंह विद्यालय के प्रबंधक भगवान बॉक्स सिंह ,प्रधानाचार्या स्नेह लता ने सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।ततपश्चात विद्यालय की छात्रा वैष्वनी व सौम्या सरस्वती बन्दना व स्वागत गीत छात्रा दीशा शार्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।कार्यकम का संचालन शिक्षिका साधना सिंह ने किया।कार्यक्रम में शिक्षिका अनीता सिंह, सुधा सिंह ,रीना सिंह, नमिता यादव ,रंजना सिंह ,अलका सिंह, शचि सिंह ने महती भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ एजी सिंह, सुशील सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया और कार्यक्रम पुलिस पाठशाला में लोगो को शपथ दिलाई गई।

### किसान और जवान राष्ट्र की मूल पहचान : राजेश सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ पूरा बाजार -अयोध्या** । किसान और जवान मूल पहचान और असली ताकत है किसान और जवान के आपसी समरसता से भारत का हर किसान आत्मनिर्भर के साथ-साथ स्वावलंबी होगा प्रदेश के सबसे बड़े गांव सराय राशि ऋषि सराय से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बैनर तले फौजी चंद्रभूषण के संयोजन में जुड़कर किसने की लड़ाई लड़ते हुए उसे मार्ग के प्रति सजग रहकर किसने की मांगों को मंगवाने के लिए सरकार को मजबूर करना किसी राष्ट्रभक्ति से कम नहीं है क्योंकि ग्राम देवता किसान और सरजमीं पर और देश की सीमा पर देश रक्षा करने वाला राष्ट्र का सपूत फौजी धरती का भगवान है वही ग्राम देवता किसानों के लिए कृषि मंत्र गांव तीर्थ धरतीपुत्र किसान असली देवता और देश की रक्षा करने वाला वीर सैनिक मां भारती का सजग प्रहरी है ।

### प्रतियोगिता में तिरंकारी मणि ने छठवां स्थान प्राप्त किया, जनपद में खुशी की लहर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । डॉ० करणी सिंह शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली में पैरा ओलंपिक कॉमेटी ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में 13 सितंबर से 17 तक आयोजित हुई 4थी जोनल पैरा शूटिंग प्रतियोगिता (2023) में जनपद अयोध्या के तिरंकारी मणि त्रिपाठी जो वर्तमान में विकास भवन में अवस्थित ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सीनियर असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत है ने 10 मी० एयर गन पिस्टल शूटिंग के SH—1 P103 श्रेणी में प्रतिभाग कर 06 वां स्थान प्राप्त किया। श्री तिरंकारी जनपद के पहले पैरा शूटर हैं जो नेशनल खिलाड़ी के तौर अपने आप को स्थापित करने में सफल रहें है। श्री त्रिपाठी अब राष्ट्रीय पैरा शूटिंग खिलाड़ी के तौर पर आगामी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### आकाशीय बिजली से हुई बड़ी घटना ,दो भैंस की मौत, एक बालिका घायल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर -अयोध्या**। गरज चमक के चलते हरिनाथपुर गांव में मंगलवार को देर रात आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक राम चन्द्र की सरिया में बधी दो भैंस की मौत हो गई जबकि उनकी 17 वर्षीय पुत्री भी चपेट में आने से जख्मी हो गई।थाना तारून हरिनाथपुर गांव के पीड़ित रामचन्द्र कोरी पुत्र बुधिराम ने बताया कि आकाशीय बिजली की करंट से दो भैंस की तत्काल मौत हो गई, जिसमें से एक भैंस गर्भित थी , दूसरी दूधमुंही बच्चा को छोड़ कर करंट की चपेट में मर गई, जिसके चलते हुआ लाखों का नुकसान,भैंस के साथ साथ आकाशीय बिजली करंट की चपेट में आई पीड़ित की पुत्री 17 बर्षीय कोमल,चितवन सर्जिकल सेन्टर रामपुर भगन उपचार के बाद हालत में सुधार, शरीर का अंग खतरा से बाहर , डाक्टर ने दवा उपचार कर भेजा वापस घर।घटना की सूचना पाकर लेखपाल सूर्यभान वर्मा ने घटनास्थल पर आकर किया मुआयना करके उच्च अधिकारियों को सूचना दिया है।

### हादसाः आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर -अयोध्या**। आकाशीय बिजली गिरने की वजह से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत का मामला सामने आया है। बीकापुर विकासखंड क्षेत्र की कटारी गांव निवासी सालिकराम उम्र 55 पुत्र राम कृपाल मंगलवार देर शाम घर से अपने खेत की सिंचाई करने गये थे तभी गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसके चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल विकास यादव मौके पर पहुंचे और लिखा पढ़ी कर तहसील प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र हैं।

### मजदूरी करने गये युवक की मौत,बुखार से पीड़ित था युवक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या** । हैदरगंज थाना क्षेत्र के भैरोपुर टिकरा निवासी संसारनाथ पुत्र रमेश कुमार गौड़ उम्र लगभग 30 वर्ष जो लगभग 10 दिन पूर्व जयपुर मजदूरी करने गया था वहां जाने के बाद तीन-चार दिनों से बुखार से गंभीर रूप से पीड़ित होने पर बुधवार देर रात्रि लगभग दो बजे हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई साथ मे रह रहे भाई और रिस्तेदारो द्वारा पोस्मार्टम करवा कर घर शव घर लाने की चर्चा होना बताया जिसकी जानकारी घर वालों को होने पर कोहराम मचा है मृतक के पास दो छोटी-छोटी लड़कियां हैं मेहनत मजदूरी करके किसी तरह से अपना जीवन यापन कर रहा था ।

### भाकियू ने गन्ना मंत्री को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मण्डल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में गन्ना मंत्री उत्तर प्रदेश लक्ष्मी नारायण चौधरी से सर्किट हाउस फैजाबाद में मिलकर पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर गन्ना मूल्य 500 प्रति कुंतल घोषित करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने, अनपेड़ गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज सहित कराने, 1 नवंबर से चीनी मिल चलाने, यार्डों को पक्का बनाने चीनी मिल में बिश्राम घर बनवाने,घटतौली रोकने की मांग किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ,मध्यान्चल सचिव सूर्य नाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, भागीरथी वर्मा, शंकर पाल पांडे, देवीप्रसाद वर्मा सन्तोष वर्मा आदि लोग रहे।

खुलासा — संगठित गिरोह कर रहा नवजात शिशुओ को बेचने का धंधा

# अयोध्या में सामने आई कोख के सौदागरों की काली करतूत




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। रामनगरी में नवजात शिशुओं को बेचने वाले एक गिरोह की सक्रियता सामने आई है। सक्रिय गिरोह ने अयोध्या से लेकर बिहार तक अपना जाल फैला रखा है। गिरोह के सदस्यों के द्वारा गरीब मजलूम बेसहारा औरतों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें पहले सहारा दिया जाता है फिर उनके कोख में पलने पलने वाले नवजात शिशुओं को मुहमांगी रकम लेकर बेंच दिया जाता है। इस खबर का खुलासा मंगलवार को एक पत्रकार की स्टिंग में हुआ है। जब राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज अयोध्या में भर्ती एक बिहार की महिला के नवजात शिशु को महिला दलालों ने बेंचने की कोशिश की। सूत्र बताते है कि शहर में एक कथित समाजसेवी द्वारा नाका क्षेत्र में महिलाओ के शेल्टर सेंटर का संचालन किया जाता है। जिसके द्वारा ऐसी मजबूर महिलाओं को पहले भरोसे में लेकर रोजी रोटी का साधन उपलब्ध कराया जाता है फिर उन्हें गर्भवती होने पर अपनी दलालों के माध्यम से शेल्टर सेंटर की बजाय किराये के मकानों में रखा जाता है। प्रसव के समय उनका गुप्त तरीके से सुरक्षित प्रसव कराकर बिना जच्चा की जानकारी के उसके बच्चे को मुहमांगी रकम लेकर जरूरतमंद निःसंतान लोगो को लाखों में बेंच दिया जाता है। गिरोह के लोग ही उस महिला के फर्जी रिश्तेदार बना दिये जाते है। फिर खरीददार से कहा जाता है कि इस महिला के ऊपर नौ महीनों में हमने कर्ज लेकर 25 या 50 हजार खर्च किया है। जिसको लेकर बच्चे का कुल सौदा लाखो में कर लिया जाता है। रामनगरी में नवजात शिशुओं के हो रहे इस काले कारोबार की खबर मीडिया में आने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने गिरोह में शामिल लोगो की तलाश शुरू कर दिया है। उम्मीद है की जल्द ही इस संगठित गिरोह के कथित समाजसेवी सरगना व महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि इस खबर के चर्चा में आने पर जब एसएसपी राजकरन नैय्यर से बात की गई तो कहा गया कि खबरों के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित को जाएगी।

# मोदी के जन्मोत्सव पर लगातार आयोजित रहे कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर लगातार आयोजित हो रहे हैं। हर संप्रदाय के लोग अपनी आस्थाओं के तरीके से दुआए और प्रार्थनाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार देर शाम को भदरसा कस्बा स्थित राम जानकी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना के लिए सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान भाजपा नेता संतोष सोनी उर्फ गुड्डू सोनी ने प्रधानमंत्री के यशस्वी कार्यकाल को भारत का स्वर्णिम काल करार देते हुए विश्व गुरु नवभारत की कल्पना के साथ हवन किया। राम जानकी मंदिर भदरसा में ही सुंदरकांड पाठ हवन पूजन के बाद एक कार्यक्रम में भाजपा अयोध्या के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह के पुनः लगातार दूसरी बार दायित्व संभालने के अवसर पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नेता संतोष सोनी मंडल अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा ने जिलाध्यक्ष संजीव सिंह को राम जन्मभूमि मंदिर की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। तथा दायित्व ग्रहण करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता संतोष सोनी ने बताया कि नवभारत के शिल्पी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु की कामना तथा अयोध्या धाम को विश्व स्तरीय पटल पर नई पहचान दिलाने के लिए रात दिन एक करने वाले कर्मठी जिला अध्यक्ष संजीव सिंह के सम्मान समारोह में सुंदरकांड पाठ एवं पूजन हवन तथा शुभकामनाओं का दौर देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में समाज में शिल्पी की भूमिका निभाने वाले पांच विभिन्न वर्गों के शिल्पी कारों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा समाज से संबंधित पांच कारीगर जो अलग-अलग क्षेत्र में दशकों से अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं ऐसे कलाकारों को प्रोत्साहित करने के निमित जिला अध्यक्ष संजीव सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, मंडल महामंत्री धर्मराज वर्मा, सभासद प्रेम बाबू मौर्य, डॉक्टर सुनील श्रीवास्तव, पवन चौरसिया, बृजमोहन साहू संजीव संजय सोनी रंजीत सोनी मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### आगामी विधानसभा चुनाव में कुम्भलगढ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का नया चेहरा ही टिकट का होगा प्रबल दावेदार

**कर्मपाल सिंह सवाली,कुम्भलगढ,राजस्थान**। राजसमंद जिले की चर्चित कुम्भलगढ विधानसभा की सीट हमेशा ही विधानसभा चुनाव में चर्चा का विषय बनी रहती है। कांग्रेस क्योंकि लगातार 45 वर्ष तक सीट पर जीतती रही कांग्रेस का इतना मजबूत गढ़ होने के बावजूद भी विकास की गति नहीं बढ़ने पर ग्रामीण जनता ने अपना समर्थक 1993 में कांग्रेस की मजबूत चट्टान को धराशाई करके भाजपा के सुरेंद्र सिंह राठौड़ को मौका दिया अनेक बार कांग्रेस के गणेश सिंह परमार सामने मुकाबले के लिए मैदान में खड़े होते रहे सिर्फ एक बार ही भाजपा के सुरेंद्र सिंह राठौड को कुछ मामूली वोटो पर हरा सके जीतने के बाद कांग्रेस के विधायक बने गणेश सिंह परमार ने लोगों में ज्यादा जनसम्पर्क नहीं होने के कारण इस क्षेत्र में विकास करवाने के लिए सिर्फ ऊंट के मुंह में जीरे वाली कहावत सिद्ध हुई। ज्यादातर जनता का विकास छोड़ अपने विकास में ही लग रहे । गणेश सिंह परमार को समाज के बाहुल्य संख्या होने के बावजूद भी गणेश सिंह परमार से मनमुटाव और विकास और आम लोगों को न्याय नहीं दिलाने से नाराज हुए समाज के हजारों वोटो ने इनका साथ नहीं दिया जिससे लगातार भाजपा को हजारों वोटो से जीत हासिल करके इतिहास बनाते रहे।

### किसान दिवस में किसानों की सुनी गयी समस्याएं, किसानों की मांग छुट्टा जानवरों से दिलायी जाए निजात

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर**। जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशानुसार आज तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में उप निदेशक कृषि नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित किसानों को किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु आस्वस्थ किया गया, किसान दिवस में प्राप्त मुख्य समस्याएं नहरों में पानी पहुंचाने, आवारा पशुओं को गौशाला में संरक्षित करने, बिजली, नलकूप सहित अन्य विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई। किसान दिवस में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं में होने वाली बीमारियों का टीका सभी ब्लॉकों में उपलब्ध है। उन्होंने समस्त स्टाफ को निर्देशित किया की सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण तत्काल शुरू कर दिया जाए । इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राणा, कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रेषु गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी, सूबेदार यादव, सोम प्रकाश गुप्ता, एके0एम0 त्रिपाठी कृषि सलाहकार, कृषि विशेषज्ञ प्रज्ञा भारती, वैज्ञानिक एसके पाण्डेय, एडीओ, दुग्ध विकास विभाग, रेशम विभाग, के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### प्राइवेट बस मालिकों , आरटीओ और पुलिस की गुंडागर्दी से परेशान होकर भील प्रदेश टेम्पो एसोसियन ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**कर्मपाल सिंह सवाली /विकास मीणा ,उदयपुर ,राजस्थान**। सलूंबर के टेम्पो चालकों ने बताया कि आए दिन निजी बस मालिकों द्वारा हमें गाली गलौज करते रहते हैं हमें डराते मारपीट की धमकी देते और बस ऊपर चढ़ाकर मार देंगे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता ऐसा कहते हैं आए दिन हमें परेशान करते रहते हैं इनकी सूचना पुलिस को देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं आरटीओ भी हमारी बातें नहीं सुनता है और खड़ा टेम्पो का चालान काटने की धमकी देता है, अधिकांश बस मालिकों के पास रूट का परमिशन भी नहीं है फिर भी बस ऊपर नीचे सवारी भरकर लाते ले जाते हैं आरटीओ इनका चालान भी नहीं करता है हमें परेशान करते इसी तरह परेशान होकर हमने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया और कलेक्टर द्वारा कार्रवाई की मांग की।

### गोगुंदा विधानसभा काठार ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड तूला के चुनाव संपन्न हुए



**कर्मपाल सिंह सवाली,गोगुंदा/ उदयपुर ,राजस्थान** । गोगुंदा विधानसभा के कठार ग्राम सेवा सहकारी समिति ली.तुला के चुनाव हुवे सम्पन्न ,प्रताप सिंह तुला पुनः चेयरमेन बने, श्रीमती सुशीला कुंवर मोजावत उपाध्यक्ष एवं डायरेक्टर मे विजय सिंह मोजावत , तुलसी राम गमेती, महेंद्र सिंह, गुलाब सिंह,दिनेश टांक , बाबू लाल, हमेरी बाई ,बाबू लाल लोहार , गोपाल दास मेघवाल और अरविन्द कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुवे। चुनाव प्रक्रिया अर्जुन लाल पानेरी चुनाव अधिकारी, सहायक अधिकारी लोकेश श्रीमाली, गिरीश कुमार दवे, आनंदि लाल ने सम्पन्न कराये। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत श्रीमाली, वाटी ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष चौथमल जैन, उपाध्यक्ष अम्बालाल सेन, हिम्मत सिंह राजपूत ,भोपाल सिंह मोजावत,पूना राम गमेती पूर्व सरपंच टमु बाई गमेती बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बधाईया देने वालों का लगा हुआ ताता।

# नेशनल लेवल वर्कशॉप में तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित हुआ




**कर्मपाल सिंह सवाली, बीकानेर , राजस्थान**। 21 सितंबर 2023 कंज्यूमर कनफेडरेशन ऑफ़ इंडिया सीसीआई की राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के 20 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने शिरकत की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य अध्यक्ष देवेंद्र कच्छावा ने कहा कि राज्य आयोग उपभोक्ताओं के हित में फैसला लेती है आम जन को जानकारी के अभाव में अभी तक पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है इसके लिए उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों की जवाब दे ही बनती है कि वह आमजन को जागरुक कर उपभोक्ता अधिकारों के बारे में बताएं ! भारत सरकार के कृषि विपणन सलाहकार रमेश मीणा ने एगमार्क की जानकारी दी , भारतीय मानक ब्यूरो की निदेशक कनिका कालिया ने देश में चल रहे मानकीकरण की प्रक्रिया उपभोक्ता संगठनों के साथ मिलकर चल रहे कार्य के बारे में अवगत करवाया ! जयपुर उपभोक्ता प्रतितोष के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन माथुर ने विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी उन्होंने अपील की बहुत बार सेवा में दोष होने के बावजूद उपभोक्ता अपने अधिकार का उपयोग करने से बचता है जिससे ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हो जाते हैं, जहां सेवा में दोष लगे उसकी भरपाई की मांग अवश्य करनी चाहिए ! तीन दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय नेतृत्व में अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, महामंत्री प्रीति पांडे, उपभोक्ता परामर्श दात्री समिति के सदस्य डॉक्टर अनंत शर्मा, सीसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश के व्यास, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वैष्णव अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष योगेश पालीवाल सहित अनेक राज्यों के प्रतिनिधियों ने चुनाव घोषणा पत्र में अपनी मांगों को शामिल करने का पत्र जारी किया ! इस दौरान कार्यक्रम में बीकानेर सीसीई जिला अध्यक्ष अर्चना सक्सेना, जिला प्रभारी आशा स्वामी, जिला उपाध्यक्ष भगतीराम राम पांडे, कोषाध्यक्ष विजय मुंगिया, योगेश पालीवाल, नरसिंह महाराज, कुशाल चंद, सत्यनारायण, संतोष परिहार, तारा स्वामी उपस्थित रहे !

## एक शाम मां दुधेश्वरी के नाम विशाल भंजन संध्या 23 शनिवार एवं मेला 24 रविवार गांव कूरना में



**कर्मपाल सिंह सवाली,पाली, राजस्थान**। पाली जिला के निकटवर्ती ग्राम कूरना में एक शाम मां दुधेश्वरी के नाम विशाल भंजन संध्या शनिवार को। हीरालाल व्यास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मण्डोरा व्यास परिवारों की कुल देवी मां दुधेश्वरी का 21 वां विशाल मेला गांव कूरना में आयोजित किया जाएगा। जिसमें शनिवार दोपहर को महिला भजन मन्दिर प्रांगण में एवं विशाल भंजन संध्या राजस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकार बाबा मोईनुद्दीन मनचला, पूजा राठौड़ मंच संचालन राष्ट्रीय से सम्मानित ओम आचार्य द्वारा किया जाएगा । रविवार सुबह माताजी का भव्य जुलूस गांव के प्रमुख मार्गो से होते निकलेगा एवं दोपहर महाआरती व महाप्रसादी एवं । इस शुभ अवसर पर तेलंगाना, इन्दौर, अमरावती, उदयपुर,कोटा,बुन्दी, एवं पाली जिले भर के समाज बन्धुओं की उपस्थिति रहेगी।

## गणेश महोत्सव की चारों तरफ धूम



**बलरामपुर**। उत्तर प्रदेश बलरामपुर जनपद में गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है मंदिरों में व पण्डालों में नगर क्षेत्र में चूड़ी मार्केट .नई बाजार .चौक उत्तर लाइन .पहलवारा . खलवा .आदि कई जगह गणेश महोत्सव के मानने के लिए लोगों ने पंडाल सजा रखा है वह भंडारे का भी आयोजन किया गया है ।

# महेचा बने अध्यक्ष ,शिक्षक संघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दूरभाष पर बधाईया दी



**कर्मपाल सिंह सवाली,पाली, राजस्थान**। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा रानी का वार्षिक अधिवेशन व चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए धर्मवीर मैदान रानी में चुनाव अधिकारी श्री मदन लाल नानीवाल के सानिध्य में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह महेचा सभा अध्यक्ष महिपाल सिंह चंपावत उपसभा अध्यक्ष दीपक वैष्णव वरिष्ठ उपाध्यक्ष लचा राम परिहार मंत्री मगाराम सोलंकी महिला मंत्री ज्योतिराज सोडा उपाध्यक्ष महिला रेणुका राजपुरोहित उपाध्यक्ष पुरुष मोतीलाल मेवाड़ा कोषाध्यक्ष सुगंध सिंह राठौड़ पंचायत समिति शिक्षक हंसराम मेघवाल वरिष्ठ अध्यापक राजेंद्र प्रसाद वैष्णव संस्कृत शिक्षा फूलचंद मालवीय सेवा निवृत शिक्षक रतन सिंह राजपुरोहित पंचायत शिक्षक महेश चंद्र राजपुरोहित निर्विरोध निर्वाचित हुए इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र सिंह महेचा ने उपस्थित शिक्षकों को जानकारी दी की मेरा मुख्य उद्देश्य शिक्षक हितों व उनके अधिकारों की रक्षा करना है एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा तथा शिक्षक हितार्थ कार्य पूर्ण मनोयोग से करूंगा तथा उन्होंने बताया की पदोन्नति स्थानांतरण सेवानिवृत शिक्षकों की मदद के लिए राष्ट्रीय शिक्षक संघ हमेशा कार्य करेगा इस अवसर पर मुकनाराम बावल अर्जुन सिंह चारण आसाराम मीणा प्रताप सिंह ,लक्ष्मण सिंह गिरवर अनिल चारण भूपेंद्र सिंह चारण समदरसिंह राजपुरोहित सुमेर सिंह हडवंत सिंह उदावत महिपाल सिंह राठौड़ दिलीप सिंह चारण जोर सिंह चौहान बद्री प्रसाद डॉक्टर विक्रम सिंह सूजाराम चौधरी खेमाराम पवार गिरधारी सिंह पंवार,मांगीलाल दहिया, महावीर सिंह मगाराम सोलंकी, तेजाराम देवासी, ,घेवाराम देवासी, रामेश्वर गुर्जर, भंवरलाल परिहार , शंकर लाल, जोराराम ,चंदनसिह, भाणा राम उपस्थित रहे ।

### राजस्व वसूली के लिए विद्युत विभाग ने चलाया हंटर

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर** । जिलाधिकारी, अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जनपद बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह सितम्बर 2023 के आवंटित/निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य को सन्तोषजनक स्थिति में लाते हुए माह के अन्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक राजस्व हानि वाले चिन्हित 11केवी पोषकों को अधिक राजस्व हानि श्रेणी से बाहर करने के साथ-साथ क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति कराने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय महाभियान को आज प्रथम दिन चलाया गया। इस महाभियान के प्रथम दिन अधिक राजस्व हानि वाले फीडरों से जनपद बलरामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1105 कनेक्शनधारी से राजस्व वसूली रु0 38 लाख, बकाया पर संयोजन विच्छेदन 346 कनेक्शनधारी से रु0 18.22 लाख की कार्यवाही करते हुये राजस्व लाभ प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि बकाये पर विच्छेदित किये जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को तत्काल भुगतान प्राप्त होने के उपरान्त विच्छेदित किये गये कनेक्शनों को पुनः जोड़ने की कार्यवाही भी प्राथमिकता पर महाभियान के दौरान ही करायी गयी। काटे गये कनेक्शनों की निगरानी लाइन स्टाफ, क्षेत्रीय अवर अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, यदि किसी भी बकायेदार विद्युत उपभोक्ता द्वारा बकाये पर काटे गये कनेक्शन को बिना भुगतान किये, पुनः जोड़कर विद्युत का उपभोग करते हुए पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगा। जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों यह राजस्व वसूली महाभियान आगे और तेजी से चलाया जायेगा। भुगतान न करने वाले बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं (विशेषकर रू० पाँच हजार एवं उससे ऊपर के बकायेदार विद्युत उपभोक्ता) से अपील है कि विभाग द्वारा बकाये पर दर्ज करायी जाने वाली प्राथमिकी के साथ-साथ की जाने वाली अन्य अप्रिय कार्यवाहियों से बचने के लिए तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने के लिए अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान तत्काल करें। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से यह भी अपील है कि कृपया जमा किये जाने वाले बिलों के भुगतान रसीद को अपने परिसर पर ही सुरक्षित रखें, जिससे कि महाभियान के दौरान परिसर पर जाने वाली निरीक्षण टीम को परिसर पर उपस्थित परिवार/ प्रतिष्ठान का कोई भी सदस्य जमा रसीद तत्काल दिखा सके, जमा रसीद को निरीक्षण टीम को दिखाये न जाने की स्थिति में परिसर पर बकाया मानते हुए संयोजन को विच्छेदित कर दिया जायेगा, जिससे उत्पन्न होने वाली विषम परिस्थितियों की जिम्मेदारी सम्बन्धित उपभोक्ता की होगी ।

### रेलवे ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट से जगमग हुआ रात के अंधेरे में राहगीर होंगे भयमुक्त



**सैयदराजा(चंदौली)**। विश्वकर्मा पूजा व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर सैयदराजा नगर पंचायत मुख्य बाजार के ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट व एल0ई0डी का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मध्देशिया उर्फ टुन्नू के द्वारा विधिवत् पूजा-पाठ कर और लाइट का स्वीच आन किया। स्वीच आन होते ही ओवरब्रिज जगमग हो गया ।चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मध्देशिया उर्फ टून्नू ने कहा कि भाजपा सरकार विकास करना जानती है। और जो भाजपा कहती है उसको पूरा करती है। इस ओवरब्रिज पर लाइटिंग की व्यवस्था हो जाने से इसपर से गुजरने वाले राहगीरों और पैदल चलने वाले राहगीरों को रात में रोशनी के वजह से भय नहीं रहेगा। नगर पंचायत सासंद प्रतिनिधि अमित कुमार अग्रहरी उर्फ डाली ने कहा कि नगर पंचायत मुख्य बाजार में स्थित ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट का स्वीच चेयरमैन ने आन कर नगरवासियों को एक तोहफा देने का कार्य किया । जो एक प्रशंसनीय कार्य है। इससे उससे गुजरने वाले राहगीरों को अंधेरे का भय नहीं रह जाएगा और वे बेखौफ़ चलने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सभासदगण मनीष कुमार छोटक,राजेश कुमार, अहमद हुसैन, सन्तोष कुमार जायसवाल, शिवा साव, फेराज अंसारी एवं सभासद प्रतिनिधि चन्द्रशेखर प्रजापति, पूर्व सभासद नसीम अंसारी, विष्णु सेठ, सद्दाम अंसारी, रूपेश गुप्ता, पंकज मद्देशिया,इन्तखाब सहित काफी संख्या मे नगरवासी मौजूद रहें।

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से शुरू हुई दुर्गा पूजा की तैयारियां



**सैयद राजा चंदौली** । नगर पंचायत के रामलीला मैदान स्थित आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों के साथ-साथ इलाके में दुर्गा पूजा की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसको लेकर जगह-जगह भूमि पूजन किया जा रहा है। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रामलीला मैदान की ओर से दुर्गा पूजा की तैयारियों के लिए माटी मंगल (भूमि पूजन) किया गया। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा बड़े ही भव्य तरीके से की जा रही है। कलश स्थापन के दिन भक्तों के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। समिति के कोषाध्यक्ष कार्तिक अग्रहरि उर्फ बबलू अग्रहरि ने ने बताया कि मां दुर्गा के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। मां दुर्गा की महा भव्य महा आरती प्रतिदिन शाम को साढ़े सात बजे होगी। इस दौरान सबसे ज्यादा भक्त मंदिर परिसर में रहते हैं। पंडाल का निर्माण कार्य बंगाल के कारीगरों के द्वारा होता है वही मां दुर्गा के प्रतिमा का निमार्ण बंगाल के कारीगरों के द्वारा बनाया जाता है । भूमि पूजन के अवसर पर सीमित, अध्यक्ष निखिल गुप्ता राजू गुप्ता उपाध्यक्ष अजीत कुमार मंत्री विनय सेठ लाल बिहारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आयोजन | माया मेघऋषि जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया

# मेघऋषि पंचमी को लेकर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन हुआ : टी. आर. सिंधल



**कर्मपाल सिंह सवाली,जालौर** । निकटवर्ती बिबलसर में बुधवार को मेघवाल समाज द्वारा माया मेघऋषि जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के तहत समाजबंधुओं द्वारा प्रतिवर्ष माया मेघऋषि जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबा रामदेवजी की पुजा अर्चना करके गिलाराम महाराज के सानिध्य में शुरुआत की। बाबा रामदेव मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन कर प्रसादी वितरित की गई। सामाजिक कार्यकर्त्ता टीलाराम सिंधल बिबलसर ने बताया कि मेघ पंचमी पर्व के उपलक्ष्य पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिलाओं ने मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए मेघ ऋषि व मनोपंचमी का व्रत रखा। पूरे दिन मनसा पदार्थ से बने व्यंजनों का सेवन किया। इसअवसर पर गिलाराम महाराज बिबलसर, सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा युवा कलमकार टीलाराम सिंधल,डायाराम चौहान,फुसाराम,उकाराम,जोईताराम,खेतपाल रांगी,लीलाराम,भावाराम तथा अन्य समाज बन्धु मौजूद थे ।

### जणवा चौधरी समाज के बेटा बेटियों को उच्च शिक्षा से मजबूत बनाना ही लक्ष्य-रमेश पटेल



**कर्मपाल सिंह सवाली,बेंगलुरु कर्नाटक**। अखिल भारतीय जणवा चौधरी (क्षत्रिय ) समाज का सम्मेलन बेंगलुरु कर्नाटक में मारवाड़ से धर्मगुरु छोटूराम महाराज एवं संतोष महाराज के सानिध्य आयोजन हुआ। आजणा समाज के स्थानीय भाजपा नेता मुख्य अतिथि रमेश पटेल ने सम्मेलन में संबोधन करते हुए कहा समाज मे जागरुक करने की और समाज में फैली हुई कूरितियो को मिटाने की जरूरत है। अखिल भारतीय जणवा चौधरी (क्षत्रिय) समाज (हिंगलाज ट्रस्ट दांतीवाड़ा) अध्यक्ष चम्पालाल चौधरी देसूरी मारवाड़ से पहुंचकर सम्मेलन में शिरकत की गई अध्यक्ष चम्पालाल चौधरी का मारवाड़ी परंपरा के अनुसार साफा में माला पहनकर शानदार स्वागत किया गया अध्यक्ष चम्पालाल चौधरी ने भी समाज के सुधार के लिए भी शिक्षा से मजबूत बनाने के लिए पहल करनी होगी ।

# गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा द्वारा 21 छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया



**राजेश कुमार यादव,तारा जीवनपुर** । चंदौली क्षेत्र के गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा द्वारा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों से पुलेखाई छात्र छात्राओं को चयनित कर मेडल देकर सम्मानित करने का काम प्रधानाचार्य राजकुमार द्वारा किया गया जौनपुर में 30 सितंबर को मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इसके तहत जनपद के तमाम स्कूलों के छात्र-छात्राओं को शामिल कर जनपद स्तर पर चयनित किया जा रहा है इसके तहत गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा भारतोलन व फुटबॉल के बच्चों को चयनित करना है इसमें जनपदी स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कराया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों से कुल 21 छात्राओं का चयन किया गया इन छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य राजकुमार ने मेडल देकर सम्मानित करने का काम किया है वही इन बच्चों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने का काम किया है इस मौके पर धनंजय कुमार सिंह राकेश सिंह मिथिलेश सिंह शाहीद तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## ख़ास ख़बर

### बहिमर चौक पर आयोजित अर्ध मासिक अखंड हरी कीर्तन में शामिल हुए हजारीबाग विधायक



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित बहिमर चौक स्थित बजरंगबली परिसर में अर्ध मासिक अखंड हरि कीर्तन अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को इस अनुष्ठान में हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और महिला श्रद्धालुओं संग हरी नाम संकीर्तन किया तथा संध्या कालीन आरती में शामिल हुए। इससे पूर्व यहां विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनकर और अंग-वस्त्र भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की एक पखवाड़े का हरी नाम संकीर्तन का अखंड आयोजन से इस इलाके में भक्ति की बयार बह रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातन संस्कृति को जीवंत और अछून्न बनाए रखने में ऐसे सामाजिक आयोजन मिल का पत्थर साबित होगा । मौके पर विशेष रूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, महिला भाजपा नेत्री बिजुल देवी, देवनारायण सिंह, राजेश यादव,सुमन रॉय,प्रेमसागर रॉय, सिकंदर यादव,उमेश पांडे,रमेश पांडे,प्रमोद सिंह,बलकरन पांडे,अंगद पांडेय,दयानंद रॉय,जय किशोर राम,राहुल यादव,दयानंद पांडेय,रंजित राणा,बिजुल देवी,भोला यादव,उपेंद्र यादव,सुनील विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉ रंजना झा के नेतृत्व में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित निशुल्क एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर नगर के वार्ड नंबर एक टीवी टावर स्थित दलित बस्ती में लगाया गया। जिसमें डॉक्टर रंजना झा द्वारा उस बस्ती के बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं का चेकअप किया गया। जिसमें जांच के क्रम में ज्यादातर महिलाओं में खून की कमी देखी गई। जिसका वहीं पर जांच कर दवाई एवं बेहतर उपचार किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना झा सहित उनकी पूरी नगर की टीम के द्वारा इस कार्यक्रम को बेहतर और सफल बनाने का काम किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, चंद्र भूषण ठाकुर, जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल, क्रीडा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बबन झा, लोकसभा सह संयोजक गोविंद अधिकारी, सीमा झा, प्रभात मिश्रा, पूनम सिंह, चांदनी देवी, नीलू शाह, भारती देवी, गीता देवी, श्वेता राय ,आभा कुमारी, नीलम कुमारी, रीना तिवारी, अर्चना देवी, नेहा किरण ,नीतू पासवान, पुष्पा कुमारी एवं अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुई।

### खेदन महतो की मौत को लेकर चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर परिजनों का हंगामा

**चरही।** चरही थाना अंतर्गत इंदिरा पंचायत के चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कार्यरत हेन्देगड़ा पंचायत निवासी खेदन महतो पिता निर्मल महतो उम्र 45 वर्ष का बुधवार को इलाज के अभाव में मृत्यु हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों ने चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड पर कंपनी प्रबंधन के द्वारा इलाज में लापरवाही और कंपनी के अंदर बगैर सेफ्टी किट के जबरन जान जोखिम में डालकर कार्य कराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बता दें कि चितपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विगत 25 अप्रैल को कंपनी में कार्यरत खेदन महतो कंपनी के सर्किट हाउस में करीब 40 फीट की ऊंचाई से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में कंपनी द्वारा कंपनी के एंबुलेंस से ही था होप हॉस्पिटल रामगढ़ में भर्ती किया गया और करीब 2 महीने तक कंपनी प्रबंधन के द्वारा इलाज का खर्चा भी दिया गया। दो माह बाद कंपनी प्रबंधन इलाज कराने से इनकार कर दिया और किसी भी प्रकार के खर्चा देने से भी इनकार किया। ऐसे में परिवार की दयनीय स्थिति को लेकर इलाज के अभाव में उसकी बुधवार को मृत्यु हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने इलाज में लापरवाही और कंपनी प्रबंधन के द्वारा बगैर सेफ्टी किट के कंपनी में कार्य कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कंपनी के गेट के सामने शव के साथ जमकर हंगामा किया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों के द्वारा कंपनी प्रबंधन से नौकरी और मुआवजे की मांग की गई। इस मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य संजय महतो ने कंपनी प्रबंधन पर सख्त नाराजगी जताते हुए कंपनी पर आरोप लगाया कि बगैर सेफ्टी अप्लायंसेज के कंपनी के मजदूरों से काम कराया जाता है और उनकी जान जोखिम में डालकर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने खेदन महतो के मौत पर नाराजगी जताते हुए कंपनी प्रबंधन से 20 लाख रुपए मुआवजा राशि और परिवार के दो सदस्यों को कंपनी में नौकरी की मांग की।

# करेंट की चपेट में आने युवक की मौत, हंगामा







**चहनियाँ (चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज बाजार में बुधवार को पुलिस चौकी के सामने 33 हजार की करेंट के चपेट में आने से 38 वर्षीय विरेन्दर राय उर्फ पहरु की मौत हो गयी । युवक प्राइवेट में बिजलीं मैकेनिक का काम करता था । युवक की मौत के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस चौकी के सामने हंगामा मचा दिया । जो देर तक हंगामा चलता रहा । हुदहुदीपुर सेवड़ी मड़ई गांव निवासी विरेनदर राय प्राइवेट में बिजलीं मैकेनिक था । जो गरीबी के कारण घूमकर इधर उधर थोड़ बहुत काम कर लेता था । मोहरगंज बाजार में मंगलवार को विजली विभाग के जेई द्वारा चेकिंग अभियान में कई लोगो की बिजली कि सप्लाई काट दी गयी थी । बुद्धवार को एक दुकानदार द्वारा विरेन्दर को बुलाया गया । जो इनका भी कनेक्शन काटा गया था । वह पुलिस चौकी के सामने श्रीराम जानकी मंदिर परिसर के अंदर पीपल के पेड़ पर चढ़कर तार जोड़ने लगा । पुलिस चौकी से सटा खम्भा से केबिल खिंचकर ऊपर से पेड़ पर चढ़ गया । जो 33 हजार का तार पेड़ के बीच मे था उसे खिंच लिया । वह तार में सटकर जलने लगा । कुछ सेकेंड बाद जलती हालत में नीचे गिर गया । वहां आसपास भगदड़ मच गयी । पुलिस चौकी में मौजूद चौकी प्रभारी अमित सिंह ने तत्काल एम्बुलेंस को सुचना देकर बुलाकर चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए । जहां युवक कि हालत गम्भीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । साथ मे चौकी इंचार्ज व प्रधान आशुतोष सिंह भी गये । जिला अस्पताल चन्दौली के गेट पर पहुचते ही युवक ने दम तोड़ दिया । डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । मौत की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया । बुलाने वाला दुकानदार खुली दुकान छोड़ फरार हो गया । इस संदर्भ में प्रभारी थाना इंचार्ज अवध बिहारी यादव ने बताया की परिजनों द्वारा तहरीर मिला है । जांच कर कार्रवाही की जायेगी ।

सेवड़ी मड़ई निवासी विरेन्दर राय निहायत गरीब है । थोड़ बहुत बिजलीं का कार्य कर परिजनों का जीविकोपार्जन करता था । मौत की खबर सुनते ही पत्नी मीरा देवी ,16 वर्षीय काजल,14 वर्षीय आकांक्षा,10 वर्षीय अंकिता,6 वर्षीय ज्योति,4 वर्षीय पुत्र रचित का रोकर बुरा हाल है ।

## किशनगंज में जदयू ने भाजपा के विरूद्ध जुलूस निकाला और मनाया काला दिवस





**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)।** जदयू परिवार किशनगंज द्वारा भाजपा के विरूद्ध काला दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान जदयू पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आज कबीर चौक से सुभाषपल्ली चौक तक जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम, प्रमंडलीय प्रभारी सह पूर्व विधान पार्षद भूमि पाल राय, जदयू भागलपुर प्रमंडलीय प्रभारी प्रहलाद सरकार के नेतृत्व में मार्च निकाला। मार्च में बड़ी तादाद में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। और भाजपा एवम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरूद्ध जबरदस्त नारे बाजी की। ईस अवसर पर श्री प्रह्लाद सरकार ने कहा कि भाजपा एक जनविरोधी पार्टि है यही कारण है कि भाजपा 2014 में केन्द्र की सत्ता में काबिज होने के बाद से लगातार जनविरोधी कार्यों को अंजाम दे रही है। भाजपा की कथनी एवम करनी में जमीन आसमान का अंतर होता है ।भाजपा की झुट एवम जनविरोधी नीति के कारण आज देश का बुरा हाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश की सम्पत्तियों को अपने मित्रों के हाथों बेच रहे हैं। महंगाई निरंतर आसमान छु रही जिससे लोगों का जिना दूभर हो गया है। श्री प्रह्लाद सरकार ने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी बेरोजगारी की मार झेल रही है और ईस प्रकार आज देश के 21 करोड से अधिक युवा डिग्रियां लेकर दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। उस पर सितम यह है कि केन्द्र की भाजपा सरकार सरकारी नौकरी के अवसर समाप्त कर रही है और ईस प्रकार केन्द्र की यह जनविरोधी एवम आरक्षण विरोधी यह सरकार आरक्षण को भी समाप्त करने का षडयंत्र रच रही है। श्री प्रह्लाद सरकार ने कहा कि भाजपा नेता केवल अपनी तिजौरियां भर रहे हैं और गरीब जनता का बूरा हाल है एवम भाजपा केवल हिन्दू मुस्लिम करके देश का माहौल खराब करके अपनी सियासी दुकान चला रही है जिस कारण आज देश में हर तरफ डर एवम भय का वातावरण बना हुआ है ।

## किसान दिवस में किसानों की सुनी गयी समस्याएं



**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशानुसार आज तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में उप निदेशक कृषि नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित किसानों को किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु आस्वस्थ किया गया, किसान दिवस में प्राप्त मुख्य समस्याएं नहरों में पानी पहुंचाने, आवारा पशुओं को गौशाला में संरक्षित करने, बिजली, नलकूप सहित अन्य विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई। किसान दिवस में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं में होने वाली बीमारियों का टीका सभी ब्लॉकों में उपलब्ध है। उन्होंने समस्त स्टाफ को निर्देशित किया की सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण तत्काल शुरू कर दिया जाए । किसानों द्वारा किसान दिवस में बताया गया कि ललिया और आबर पैगापुर ग्राम सभा में गौशाला बनायी जाए जिससे छुट्टा जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान से निजात मिल सके। इस दौरान किसानों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा एफ0पी0ओ0 के साथ-साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार की कृषक सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राणा, कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रेषु गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी, सूबेदार यादव, सोम प्रकाश गुप्ता, एके0एम0 त्रिपाठी कृषि सलाहकार, कृषि विशेषज्ञ प्रज्ञा भारती, वैज्ञानिक एसके पाण्डेय, एडीओ, सहायक निबन्धक सहकारिता अमरेश मणि त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दूबे, मत्स्य अधिकारी, एलडीएम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सिंचाई, नलकूप, दुग्ध विकास विभाग, रेशम विभाग, के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर दिनेश चन्द्र के साथ कई ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**शुभ भास्कर, डीडीयू नगर।** प्रखर वक्ता साहित्यकार रेलवे से रिटायर पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी दिनेश चन्द्र ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होने यह सदस्यता उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष ग्रहण किया। इनके साथ ही अकरम अली ने भी बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की साथ ही साबिर अली ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगो को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस पार्टी का तिंरगा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। इस मौके पर रामजी गुप्ता शहर अध्यक्ष मुगलसराय,आंनद शुक्ल पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे ।

### बसपा का एक दिवसीय कैडर कैंप व कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन



**चकिया।** विधानसभा क्षेत्र के मुजफ्फरपुर बौद्ध बिहार पार्क में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय कैडर कैम्प व विधानसभा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं मुख्य सेक्टर प्रभारी आजमगढ़ वाराणसी फैजाबाद घनश्याम चंद्र खरवार ने कहा कि बसपा अपने नीति कार्यक्रम और मजबूत संगठन के बुते लोकसभा चुनाव जीतेगी कार्यकर्ताओं को जीत की रणनीति की जानकारी देते हुए कहा कि किसी के बहकावे में न आये और बहन जी पर पूरा भरोसा रखें बसपा की सरकार बनने पर गरीबों दलितों-पिछड़ों वंचित अल्पसंख्यकों और सर्व समाज का भला होगा उन्होंने बूथ स्तर पर मजबूती से डटे रहने का जोर दिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी ताकत से निभाएं विशिष्ट अतिथि मुख्य सेक्टर प्रभारी वाराणसी मंडल डॉक्टर विनोद कुमार ने कहा कि बसपा की मजबूत सरकार बनेगी बसपा में हर वर्ग के लोगों कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान है आने वाले दो माह बहुत महत्वपूर्ण है कार्यकर्ता बूथ स्तर की संघन समीक्षा कर ले कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहां की बसपा के लोग शोर नहीं मचाते जमीन धरातल पर काम करते हैं इस बार लोकसभा के चुनाव में परिणाम चौकाआने वाले होंगे।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत



**चंदौली।** जिले के सैयदराजा थाना क्षेत्र के लोकमनपुर रेलवे गेट को पार करते समय बाइक चालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल व सैयदराजा पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंच गए । उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। बता दें कि बनसिंहपुर निवासी बद्रीनाथ त्रिपाठी (उम्र लगभग 62 वर्ष) प्रतिदिन की भांति रामनगर से नौकरी करके अपने घर के तरफ जा रहे थे और धारूपुर गांव में तेरही का निमंत्रण होने के कारण जल्दी में थे। उसी कारण वह रेलवे गेट बंद होने के बावजूद बाइक लेकर ट्रैक पार करने की कोशिश करने लगे तभी दोनों तरफ से आती हुई ट्रेन की चपेट में आ गए और जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना आरपीएफ व सैयदराजा पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची सैयदराजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि जैसे हादसे की सूचना परिजनों को हुई तो परिजन के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव में मातम छा गया। परिजन व ग्रामीण सैयदराजा थाने पर आकर मृतक का पोस्टमार्टम की कार्यवाही रात में ही करने की मांग करने लगे। जिस पर सैयदराजा थाना प्रभारी ने विधिक करवाई करते हुए रात में ही पोस्टमार्टम कार्य कार्यवाही करने के लिए उच्च अधिकारी को सूचित कर दिया।

### राजस्व वसूली के लिए विद्युत विभाग ने चलाया हंटर

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** जिलाधिकारी, अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जनपद बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह सितम्बर 2023 के आवंटित/ निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य को सन्तोषजनक स्थिति में लाते हुए माह के अन्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक राजस्व हानि वाले चिन्हित 11केवी पोषकों को अधिक राजस्व हानि श्रेणी से बाहर करने के साथ-साथ क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति कराने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय महाभियान को आज प्रथम दिन चलाया गया। इस महाभियान के प्रथम दिन अधिक राजस्व हानि वाले फीडरों से जनपद बलरामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1105 कनेक्शनधारी से राजस्व वसूली रु0 38 लाख, बकाया पर संयोजन विच्छेदन 346 कनेक्शनधारी से रु0 18.22 लाख की कार्यवाही करते हुये राजस्व लाभ प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि बकाये पर विच्छेदित किये जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को तत्काल भुगतान प्राप्त होने के उपरान्त विच्छेदित किये गये कनेक्शनों को पुनः जोड़ने की कार्यवाही भी प्राथमिकता पर महाभियान के दौरान ही करायी गयी। काटे गये कनेक्शनों की निगरानी लाइन स्टाफ, क्षेत्रीय अवर अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, यदि किसी भी बकायेदार विद्युत उपभोक्ता द्वारा बकाये पर काटे गये कनेक्शन को बिना भुगतान किये, पुनः जोड़कर विद्युत का उपभोग करते हुए पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगा।

**अभियान** हज़ारीबाग और रामगढ़ की जनता भाग्यशाली है कि हमें ऐसे सांसद मिले

## सांसद जयंत सिन्हा को वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष किया गया नियुक्त




**हज़ारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह हम सभी हजारीबाग लोकसभा वासियों के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल सेवा केंद्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा नेताओं ने बताया कि जयंत सिन्हा को वर्ष 2023 व 2022 में भी सर्वश्रेष्ठ सांसद और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ समिति के रूप में चुना गया था। उनके नेतृत्व वाली वित्त समिति महत्वपूर्ण विषयों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है, जिसके आधार पर केंद्र सरकार की नीति बनती है। यह समिति वित्त मंत्रालय से जुड़े विधेयकों का अध्यन्न करती है और समिति के सुझावों के आधार पर केंद्र सरकार संशोधनों को सदन में लाती है, जिससे देश का कानून बनता है। उनकी अध्यक्षता वाली समिति देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। सांसद जयंत सिन्हा देश का बजट जनहित में हो और लोगों की भलाई व सुविधा के लिए कानून बनें, यह सुनिश्चित करने में योगदान दे रहे हैं। उनका सांसद के रूप में लोकसभा में बहुत ही बेहतर प्रदर्शन रहा है। वे हज़ारीबाग लोकसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए सदन के सभी सत्रों में क्षेत्र व राष्ट्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाते रहे हैं। उन्होंने सदन में देशहित से जुड़े कई प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किये हैं। साथ ही उनकी उपस्थिति लगभग 100 प्रतिशत रही है। जयंत सिन्हा ने इस सुअवसर पर सर्वप्रथम हज़ारीबाग लोकसभा के निवासियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज मैं जो दायित्व निभा रहा हूँ, वो मेरे क्षेत्रवासियों के सहयोग व समर्थन के कारण है। हज़ारीबाग व रामगढ़ के मेरे क्षेत्रवासी पूछतें हैं कि आप दिल्ली में क्या करते हैं? मैं उनसे यही कहता हूँ कि आपने मुझे चुनकर देश के कानून और योजनाएं बनाने के लिए भेजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मैं यह ज़िम्मेदारी पूरी निष्ठा व समर्पण से निभा रहा हूँ। मेरा मूलमंत्र 'सेवा परमो धर्मः' है। मैं हज़ारीबाग लोकसभा की जनता के आशीर्वाद व विश्वास से ही सेवा कर पा रहा हूँ। जयंत सिन्हा ने लोकसभा की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में एक बार पुनः ज़िम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री जी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगातार पांचवीं बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेरे ऊपर जताए गए इस भरोसे से अभिभूत हूँ। अपनी ज़िम्मेदारियों का दोगुनी ऊर्जा व निष्ठा से निर्वहन करता रहूंगा। नए भारत के निर्माण में योगदान देना मेरे लिए अत्यंत गर्व व सौभाग्य की बात है।

## 1960 के दशक में पहली बार जनसंघ ने मोतिहारी सीट को जीता था



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** जिले में कीर्तन मंडली के माध्यम से भक्ति भाव पूर्ण गायीकी से लोकप्रिय हुये चंद्रिका यादव ने पहली बार जनसंघ के टिकट पर 1966 में मोतिहारी विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार चंपारण मे कांग्रेस पार्टी को शिकस्त देकर विरोधी दल का परचम लहराया था। यद्यपि बाद मे जनसंघ ने इसका भरपूर लाभ नहीं लिया और लंबे अंतराल तक जनसंघ-भाजपा सत्ता से बाहर रही। 1980 के दशक में अवनीश कुमार सिंह ने ढाका में अपना परचम लहराया और जनमानस के भावना को समझते हुये वहां राम लहर लाने मे कामयाब रहे ।जनता ने उन्हें विधायक बनाया। यद्यपि ढाका मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र रहा है , तत्कालीन कांग्रेसी नेता मोतिउर रहमान का वर्चस्व लंबे समय तक वहां रहा लेकिन भाजपा के फार्मूला को अवनीश कुमार ने आधार बनाया और राम दरबार लगाकर एक बार पुरे क्षेत्र में रामलहर पैदा कर उसका लाभ उठाया, वे लगातार कई बार विधायक बने। उस समय पूर्वी चंपारण जिले में भाजपा का एक भी ६विधायक नहीं था ।अवनीश कुमार ने जनता को जोड़ा और भाजपा का एक मजबूत जनाधार खड़ा किया। जिले मे रामलहर लाने मे वे कामयाब रहे। राम लहर का लाभ भाजपा को भरपूर मिला ।उस समय ढाका के चंदनवारा मे बिहार का बहुत बडा भूमिगत मदरसा बन रहा था ।मदरसा को टारगेट रखकर उन्होंने अपनी रणनीति चलाई और इसमें उन्होंने विजय हासिल की ,लेकिन भाजपा के कद को बढ़ाने वाले और कम समय में जिले मे भाजपा के बडे नेता के रूप में आगे बढ़ने वाले अवनीश कुमार को अपने ही दल का कोप भाजन होना पड़ा और उन्हें भाजपा ने 6 वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। अमूमन ऐसा सभी दलों में होता रहा है लेकिन निष्कासन के चंद वर्ष के अंदर उनकी वापसी भी हो जाती रही है लेकिन अवनीश कुमार सिंह की वापसी 6 वर्ष तो क्या 10 वर्ष बीत जाने पर भाजपा ने नहीं कराई। आज चंपारण में भाजपा के विधायकों और सांसदों की संख्या काफी है लेकिन अब जड धीरे-धीरे हिलता हुआ नजर आने लगा है। क्योंकि इस बार एनडीए और इंडिया के बीच सीधी टक्कर होने जा रही है । वोट का प्रतिशत जिसका अधिक होगा वही चुनाव जीतेगा। विकास और चुनावी गणित दोनों अपने देश मे अलग-अलग रहा है। देश मे चंद्रबाबू नायडू जैसे नेता भी दरकिनार होते रहे है। बिहार में जात-पात और धर्म के समक्ष सारे समीकरण बौना साबित होते रहे है। पूर्वी चंपारण मे मुस्लिम वोट को अभी भी कोई भेद नहीं पाया है। वह वोट राजद और जदयू खेमा में ही जाता है ,साथ-साथ यादव ,कुर्मी अनुसूचित जाति जनजाति का ज्यादातर वोट भी लालू खेमा मे जाता है । मोदी सरकार मुफ्त में राशन खिलाकर भी उस वोट को पुरी तरह से अपने पक्ष मे नही कर पाई है। आजादी के बाद कांग्रेस ने अनुसूचित जाति जनजाति के वोट के लिए बहुत कुछ किया फिर भी वे कांग्रेस के नही हुये और विरोध में वोट दिए। ऐसी स्थिति में बिहार में अभी जो गठबंधन की सरकार है इन के वोट बैंक प्रतिशत को अगर मिला दिया जाय तो भाजपा उनके सामने कमजोर साबित होगी, ऐसी स्थिति में भाजपा को अपने पुराने साथियों को दल में शामिल कर एक बार फिर अपने पुराने तेवर को बनाना होगा अन्यथा भाजपा को कडी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा ने समर्पित जिला अध्यक्ष रहे यादव की भी अवहेलना की,वे नाराज होकर दल से अलग हुए । जिले के उभरते तेज तरार नेता अशोक श्रीवास्तव, अमरेंद्र सिंह सरीखे कितने ऐसे नौजवान भाजपा में समर्पित होकर कार्य किये लेकिन उन्हें दरकिनार किया गया और इस तरह से भाजपा अंत में सिर्फ नरेंद्र मोदी के बल पर जिले में अपने आप को जिंदा रखे हुए है।ऐसी बात नही कि जो लोग भाजपा छोड़ कर अन्य दलो मे गये , उनकी वापसी नहीं हुई । अगर इस रूप में भी देखा जाए तो चंपारण के ही बेतिया के सांसद डॉक्टर मदन जयसवाल और उनके पुत्र डॉक्टर संजय जयसवाल जिन्होंने आरजेडी ज्वाइन किया था लेकिन उनको भाजपा ने वापस लिया ,वे पूनः सांसद बने। पूर्वी चंपारण में रमादेवी जो आरजेडी सरकार मे कैबिनेट मंत्री थी, सीताराम सिंह के पुत्र ई०राणा रणधीर सिंह आरजेडी में ही थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें गले लगाया ऐसे बहुत लोग हैं श्याम बाबू,बबलू गुप्ता ,सीकटा के पूर्व विधायक दिलीप वर्मा जिन्होंने समाजवादी पार्टी से भी चुनाव लड़ी थी, का भी नाम आता है।

# खास ख़बर

### सकलडीहा में शुरू हुआ ब्याजमुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स लोन मेला

**सकलडीहा**। देश के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन आदित्य विज़न की ओर से मंगलवार से तीन दिवसीय सकलडीहा कस्बा में ब्याजमुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स लोन मेले का आयोजन किया गया है। मेले में सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आसान ब्याजमुक्त किस्तों पर मुहैया कराये जा रहे है। इसके लिये गरीबों को मात्र 990 रुपये के आसान ब्याजमुक्त किस्तों पर टीवी , फ्रिज, वाशिंग मशीन , एयर कंडीशनर , स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि सामान उपलब्ध होगा। एरिया मैनेजर प्रवीण ने बताया कि ब्याजमुक्त फाइनेंस पर सुलभता से सामान की खरीदारी किया जा सकता है बगैर व्याज की। खरीद पर उपहार जीतने का मौका भी मिलेगा।

### फलाहारी बाबा मंदिर के सन्त का निधन

**चहनियां**। **चंदौली**। बलुआ सराय स्थित फलाहारी बाबा मंदिर के सन्त 65 वर्षीय लक्ष्मणदास का मंगलवार को निधन हो गया । ये बाबा मोहनदास के चेला थे । मोहनदास ने इन्हें मन्दिर की जिम्मेदारी सौंपी थी । मंगलवार की देर शाम को ग्रामीणों ने इनके शव को गंगा में प्रवाहित किया । इस दौरान छोटेलाल चौरसिया,सन्तोष शर्मा,मनोज पाण्डेय,राजू सिंह, अंजनी पाण्डेय,क्षमा शंकर पाण्डेय,श्रीराम सिंह, विजय सिंह, गुड्डू प्रजापति,शिव शर्मा आदि लोग उपस्थित थे ।

### एसपी ने नौ इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**चंदौली**। जनपद में एसपी डॉ अनिल कुमार कानून व्यवस्था को चुस्त एवं दुरुस्त रखने तथा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर लगातार सक्रिय दिख रहे हैं। और उन्होंने इसके लिए लगातार बैठक कर विभागीय अधिकारियों की भी नकल कसी है। वही लगातार लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। और उनके कार्य क्षेत्र में बदलाव भी किया जा रहे हैं। उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने मंगलवार की देर रात्रि 9 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करने के साथ ही कई निरीक्षकों को पुलिस लाइन का भी रास्ता दिखाते हुए लाइन हाजिर कर दिया। तो वही कुछ लोगों को इसलिए लाइन बुलाया गया कि उनका गैर जनपद स्थानांतरण होना है। इलिया थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह और बबुरी थानाप्रभारी अमित सिंह का स्थानांतरण गैर जनपद के लिए हो गया। उनकी जगह पर एसपी ने नये थाना प्रभारियों को भेजा।

### बाबा कीनाराम की छठी आज



**चहनिया**। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम जी का जन्मोत्सव समारोह के 8 बजे से छठी मनाया जायेगा । जिसमे मठ के पुजारी द्वारा पूजन अर्चन किया जायेगा । इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है । रामगढ़ में बाबा कीनाराम जी का 13 से 15 सितम्बर तक जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया । अब छठी की तैयारी शुरू हो गयी है । गुरुवार को छठी धूमधाम से मनाया जायेगा । इसके लिए मठ के अंदर सफाई कर्मियों द्वारा साफ सफाई किया जा रहा है । प्रसाद वितरण के लिए प्रसाद बनाने की भी तैयारी चल रही है । सुबह बाबा कीनाराम का आरतीं के बाद 8 बजे से भजन ,कीर्तन,रामायण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का कमालपुर बाजार में हुआ स्वागत



**कमालपुर**। भाजपा धानापुर पूर्वी मंडल मंत्री दिलीप त्रिशूलिया के नेतृत्व में बुधवार को कस्बा में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।मौके पर भाजपाइयों, व्यापारियों व युवा कमेटी ने जय श्री राम व भारत माता की जय के नारा लगाया। चकिया विकास खण्ड निवासी काशीनाथ सिंह को केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा का जिलाध्यक्ष बनाया है।इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी दिख रही है।बुधवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह का कमालपुर में भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके प्यार व सहयोग से जनपद में विकास की लकीर खींचने का काम किया जाएगा।आप सभी को कभी भी मेरी जरूरत हो तो सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा।आपके संघर्षों में कंधा से कंधा लगाकर चलने का काम किया जाएगा।देश हित के लिए सभी को जुड़कर काम करना होगा।इस मौके पर शंकर गुप्ता, दिलीप त्रिशूलिया, अशोक मौर्या, शिवजी वर्मा,अरविंद वर्मा, अरुण गुप्ता, निकेश जायसवाल छोटू, पप्पू अली, मनोज अग्रहरि, अखिलेश रस्तोगी, दिव्यांश जायसवाल, आशीष गुप्ता, विपिन रस्तोगी, विजय गुप्ता आदि रहे।

# बाबा लतीफशाह की दरगाह पर जियारत करने पहुंचे हजारों जायरीन, उमड़ी भीड़





**चंदौली**। चकिया क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बाबा लतीफशाह का मेला परंपरागत ढंग से शनिवार को बाबा की मजार पर जियारत, दुआख्वानी के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान लतीफशाह मजार परिसर में मेले का आयोजन हुआ। मेले में बिहार प्रांत सहित चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर तथा आसपास के तमाम जायरीनों का भीड़ उमड़ी रही। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। क्षेत्र के प्रीतपुर में स्थित कर्मनाशा नदी के कछार पर कौमी एकता के मिसाल बाबा लतीफशाह की मजार, सैय्यद शाह अजमेरी की मजार और बनवारी दास का मंदिर हैं। जो गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक केंद्र है। लतीफशाह में वर्ष भर लोग जियारत, चादरपोशी और दुआख्वानी के लिए आते हैं। वहीं लतीफशाह बंधे के नीचे पिकनिक भी मनाते हैं। पुरानी परंपरा के अनुसार तीज के तीसरे दिन ऐतिहासिक मेला लतीफशाह का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाता हैं। यहां काफी संख्या में हिंदु-मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ बाबा के मजार पर जियारत करते हैं। शनिवार को मेले के अवसर पर बाबा के मजार पर जायरीनों ने चादरपोशी की तथा तबर्रूक चढ़ाकर मन्नते मांगीं। इस अवसर पर जायरीनों ने मजार पर दुआख्वानी की। वहीं मजार के पास ही में स्थित बाबा वनवारी दास की समाधि पर भी श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। मेले के दौरान लतीफशाह की मजार परिसर के अलावा कर्मनाशा नदी के पश्चिमी तट पर स्थित बाबा सैयद शाह अजमेरी की मजार पर भी जायरीन उमड़े रहे। मेला पश्चिमी छोर पर भी लगा। मेले में चाट-पकौड़ी, गुड़हिया जलेबी, बिसातबाने, घरेलु सामग्री, खिलौने, गुब्बारों की दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी की।

**सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजामः** बाबा लतीफशाह व बाबा बनवारी दास के प्राचीन मेल को लेकर जायरीनों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चारों तरफ वर्दी के साथ-साथ सादे देश में भी पुलिसकर्मी वह महिला पुलिसकर्मी भी चक्रमण करते नजर आ रही थी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की कमान पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज व थाना प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने खुद संभाल रखी थी। और लगातार परिसर का चक्कमण करते नजर आ रहे थे। जिससे कि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घाट सके और जायरीनों को आसानी से बाबा लतीफ शाह का दर्शन मिल सके।

**कल होगा भव्य कजरी महोत्सव का आयोजनः** बाबा लतीफशाह मेले के 21 सितंबर को नगर के उप जिलाधिकारी आवास परिसर में विराट कजरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर चंदौली जनपद के प्रभारी मंत्री संजीव गौंड कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे इसके बाद विभिन्न जनपदों से आए गायक कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे?

## भारी मात्रा में शराब बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)**। धान की भूसी के अंदर छिपाकर और फ़र्जी बिल्टी बनाकर बिहार ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप जनपद चंदौली के थाना नौगढ़ क्षेत्र में पुलिस सर्विलांस स्वाट की टीम ने बरामद की।पकड़ी गई शराब की बाजार में कीमत करीब 90 लाख बताई जाती है,मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चंदौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बरामदगी व दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25000 का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा जनपद मे शराब व मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली व क्षेत्राधिकारी नौगढ चन्दौली के पर्यवेक्षण मे थाना नौगढ की पुलिस व जनपद चन्दौली की स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसीएम मे धान के भूसी की बोरियों के बीच शराब तस्करों द्वारा शराब लादकर बिहार बेचने हेतु ले जाया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर थाना नौगढ के जयमोहनी बार्डर के पास भारी मात्रा मे इम्पीरियल ब्लू की नाजायज अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए 02 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में रखा राम भीचर पुत्र सालगा राम भीचर सा० ककराला थाना सेडवा जनपद बाड़मेर राजस्थान वह दिनेश कुमार जांगुर पाबू राम जांगुर ग्राम लकडा थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान बताए जाते है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी बरही के उपलक्ष्य मे देवी जागरण कार्यक्रम



**चकिया चन्दौली**। बुधवार को चकिया नगर के वार्ड नंबर 6 स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बरही के उपलक्ष में भव्य देवी जागरण और झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापारी ,भाजपा नेता कैलाश जायसवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया..। वही कार्यक्रम आयोजक किशन चौहान ने मुख्य अतिथि को माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कैलाश जायसवाल ने कहा हमारे हिंदू समाज का यह एक काफी महत्वपूर्ण व बड़ा त्यौहार है इसे हम सबको हर्षोल्लाश पूर्वक मानना चाहिए उन्होंने कहा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज को एक नई गति व दिशा मिलती है बताया कि चकिया के सहदुल्लापुर के वासियों से हमारा बहुत ही पुराना रिश्ता है और हमारे पिताजी यही के निवासी थे। वही कार्यक्रम में कलाकारों ने श्री राधा कृष्ण, भगवान शिव पार्वती, गणेश जी, नंदी महाराज की वेशभूषा में अपने अद्भुत कला के माध्यम से लोगों की वाहवाही लूटी, सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व बच्चे कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी व पदाधिकारी शुभम मोदनवाल ने किया इस दौरान कैलाश जायसवाल, वीरेंद्र चौहान, किशन चौहान, दरोगा चौहान, शुभम मोदनवाल, अनुराग जा, अखिलेश चौहान ,धनतेरस यादव, विजय यादव, कुमार चौहान, संजय ,बाबू ,राहुल, अनिल, मुरली श्याम, गुरु, बसंती चौहान मौजूद रहे।

# बिहार ले जाई जा रही 90 लाख की अवैध शराब बरामद



**चंदौली**। खबर जनपद चंदौली से है जहां डीसीएम में धान की भूसी के अंदर छिपाकर और फ़र्जी बिल्टी बनाकर बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप के साथ दो अंतर्राज्जीय तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बता दें कि यह बड़ी सफलता थाना नौगढ़, स्वाट टीम और सर्विलांस पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में मिली है। पकड़ी गई शराब की बाजार में कीमत करीब 90 लख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चंदौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सतत अभियान के क्रम में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बरामदगी व दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25000 का इनाम देने की घोषणा की है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी चंदौली डा0 अनिल कुमार ने बताया की जनपद मे शराब व मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम मे थाना नौगढ की पुलिस व जनपद चन्दौली की स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसीएम मे धान के भूसी की बोरियों के बीच शराब तस्करों द्वारा शराब लादकर बिहार बेचने हेतु ले जाया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर आज थाना नौगढ के जयमोहनी बार्डर के पास भारी मात्रा मे इम्पीरियल ब्लू की नाजायज अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए 02 शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों रखा राम भीचर पुत्र सालगा राम भीचर सा० ककराला थाना सेडवा जनपद बाड़मेर राजस्थान व दिनेश कुमार जांगुर पाबू राम जांगुर ग्राम लकडा थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान ने पूछताछ बताया कि हम लोग फर्जी बिल्टी बनवाकर डीसीएम के उपर धान की भूसी रखकर अन्दर गैर प्रान्त की बनी अग्रेजी शराब रखकर विहार प्रान्त ले जा रहे थे। हम लोगो को वहा सस्ती मिलती है। बिहार प्रान्त में शराब बन्दी होने के कारण महगी बिकती है जिससे हम लोगो को ज्यादा लाभ मिलता है। नौगढ़ पुलिस ने बरामद कुल पैंतीस सौ लीटर शराब व डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

### डॉ. भारत भूषण बने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**चहनियां**। अयोध्या में भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रवादी) के संरक्षक यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रसिद्ध संत आचार्य जय कृष्ण दास जी के नेतृत्व में बिहार एवं उत्तर प्रदेश के लगभग ढाई सौ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. रामचंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष विधि चंद्र यादव की उपस्थिति में संरक्षक आचार्य जयकृष्ण दास जी ने डॉ.भारत भूषण यादव को भाकियू का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया। जिसका सभी पदाधिकारीयों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। इस अवसर पर डॉ. भारत भूषण यादव ने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। इस बैठक में देश भर से लगभग ढाई सौ प्रतिनिधि उपस्थित थे। डॉ. भारत भूषण यादव को इस नई जिम्मेदारी को मिलने पर डॉक्टर अनवर हुसैन, त्रिलोकी नाथ पांडेय, कैलाश विश्वकर्मा, ज्ञानी जैल सिंह प्रधान, रामलाल सेठ, हुकुमचंद यादव, सूबेदार यादव, प्रशांत कुमार यादव, नीरद यादव, दीप्ताशु यादव, डॉ.संध्या यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि डॉ.यादव के इस संगठन से जुड़ने के उपरांत संगठन का व्यापक रूप से विस्तार होगा और किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाये जाएंगे।

### स्वस्थ्य रहने का यह अभियान, साफ सफाई का रखे ध्यानः जसवंत सिंह



**चन्दौली/डीडीयू नगर**। नियामताबाद ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम सभा अमोघपुर कंमपोजिट विद्यालय में आज सी कम्पनी 3बटालियन आरपीएसएफ कम्पनी कमांडर जसवंत सिंह के निर्देशन में स्वच्छता और बृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमे की सर्व प्रथम विद्यालय प्रांगण में आरपीएसएफ कम्पनी कमांडर जसवंत सिंह ने कहा अपने जवानों के साथ साफ सफाई किया और उपस्थित बच्चों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में पाम ट्री और फलदार वृक्ष संयुक्त रूप से सुनील चौहान ग्राम प्रधान और सुनील सिंह विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा लगाया गया उक्त अवसर पर देव नारायण उप निरीक्षक आरपीएसएफ, एस के गौर,एम सी मीना,ध्रुव सिंह,अभिषेक सिंह,सोहन, आदेश,उमेश कुमार,जितेन्द्र सिंह,दिलीप राठौर,शंकेरपुरी,डी एस पाण्डेय,सुनील कुमार सिंह,इरफ़ान अहमद,रीता तिवारी,सरोज गुप्ता,बीना कुमारी,सुनीता गुप्ता,संजय शर्मा (ग्राम पंचायत सदस्य) स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाए साथ ही अन्य आरपीएसएफ के जवान उपस्थित रहे।

### विकलांग मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र



**चहनियां**। **चंदौली**। चहनिया स्थित खण्ड विकास कार्यालय सभागार में ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल व खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने विकलांग आवास योजना के 89 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे गये । जिन्हें आवास स्वीकृति पत्र मिलते ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे । इस दौरान ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालन कर रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है। सरकार की मात्र एक ही कोशिश है कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ मिले । आज विकलांग लाभर्थियों का पक्का मकान का सपना पूरा हो रहा है। खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने कहा कि आवास का धन सीधे लाभार्थी के खाते में भेजा जायेगा वहीं मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से गांव में जाकर धात्री गर्भवती महिलाओं व बच्चों को समय समय पर विटामिन की गोलियां, फल ,पोषाहार व शिक्षा देने का निर्देश दिया । साथ ही जो समस्या उत्पन्न हो रहा है । उसे अवगत कराये जिससे उस समस्या का निस्तारण किया जाय ।

### भाजपा को मजबूत करने के लिए होगा काम-काशीनाथ सिंह



**धीना**। धानापुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को शारदा देवी महाविद्यालय कम्हारी जनौली में स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह का कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह,ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, पूर्व जिपंस सुशील सिंह जनौली ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, ड़ा0 श्याम प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारी पूर्वक ने निर्वहन करूंगा। संगठन की मजबूती के लिए मेरा पूरा जीवन समर्पित है। इसके लिए कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर भाजपा के लिए कार्य किया जाएगा।कार्यकर्ताओ का मान सम्मान ही मेरी पहली सोच है।आज देश व प्रदेश में पार्टी विकास को नया आयाम दे रहा है।आइए हम सभी मिलकर पार्टी को मजबूती देते हुए आगामी चुनाव में अपनी ताकत दिखलाने का काम करें। संचालन सांसद प्रतिनिधि रामजी तिवारी ने किया।

**सम्मान** वीरेंद्र सिंह यादव का न्याय पंचायत नादी में माल्यार्पण तथा अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया

# राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित बिरेन्द्र को किया सम्मानित




**चहनियां**। **चंदौली**। कंपोजिट विद्यालय नादी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में राज्य शिक्षक पुरस्कार 2022 से सम्मानित वीरेंद्र सिंह यादव का न्याय पंचायत नादी में माल्यार्पण तथा अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया । न्याय पंचायत नादी के शिक्षण संकुल सचिन सिंह द्वारा आयोजित शिक्षण संकुल के बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ0 माया सिंह एवं डायट प्रवक्ता राजेश सिंह ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वीरेंद्र सिंह यादव का सम्मान किया गया । डॉ0 माया सिंह ने बताया कि वीरेंद्र सिंह यादव एक अच्छे ,कर्मठ और लग्नशील शिक्षक हैं । उनके द्वारा विद्यालय में बहुत सारी शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करते हुए शिक्षण व्यवस्था को चुस्त --दुरुस्त बनाने में तथा प्रबंधन का दायित्व निभाते हुए, इन्होंने विद्यालय को निरंतर ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम किया है । काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने वीरेंद्र सिंह यादव को सम्मानित करते हुए बताया उनके बच्चे आज विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना परचम लहरा रहे हैं !ब्लॉक से लेकर जिले तक इनकी पहचान तथा उनके विद्यालय की पहचान स्थापित हो रही है । न्याय पंचायत के वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर महेंद्र सिंह यादव ने अपने अनुज शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत ने आज इनको इस मुकाम तक पहुंचा है आगे भी निरंतर अपने को स्थापित करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करते रहेंगे । खंड शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने अपने विकासखंड से लगातार दो बार राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के शिक्षक नंदकुमार शर्मा तथा वीरेंद्र सिंह यादव का आभार व्यक्त किया कि इनकी वजह से हमारे विकासखंड का नाम निरंतर आगे बढ़ रहा है इन लोगों की उपलब्धि पर आज मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं । इस अवसर पर एआरपी मनोज कुमार गुप्ता,मोहनलाल गुप्ता ,अशोक यादव ,विजय शंकर पांडे, रामसुख यादव ,रामरति चौहान ,सलमा शाहीन ,शाहिद अली ,सुदर्शन यादव ,प्रवीण तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर महेंद्र सिंह यादव ने किया तथा संचालन डॉक्टर आत्म प्रकाश पांडे ने किया ।

### पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में स्थानांतरण

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल सिंह ने जनपद चंदौली में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत 9 इंस्पेक्टर सहित 2 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया स्थानांतरण। निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय को पीआरओ से प्रभारी निरीक्षक बबुरी, निरीक्षक हरिश्चंद्र राम को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल से प्रभारी निरीक्षक इलिया,निरीक्षक रमेश यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक धीना, निरीक्षक हरिनाथ प्रसाद भारती को विवेचना सेल से प्रभारी निरीक्षक चकरघट्टा, निरीक्षक राजेश राम को प्रभारी निरीक्षक चकरघट्टा से पुलिस लाइन, निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, उप निरीक्षक दीपक कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी एंटी रोमियो सेल वह निरीक्षक जय सिंह को निरीक्षक अपराध थाना बलुआ से पुलिस लाइन भेजा गया।

# सरकारी हैण्डपम्प के खराब होने से पानी को तरस रहे है बंशीपुर मुहल्ले के लोग



**शुभ भास्कर, बबुरी,चन्दौली**। कस्बे के बंशीपुर मुहल्ले में लगा इंडिया मार्का सरकारी हैण्डपम्प बीते कई महीने से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पानी पीने को तरस रहे हैं। ग्रामीणों के कई-बार शिकायत करने पर भी ग्राम प्रधान या कोई जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। न ही उस खराब पड़े हैण्डपम्प को बनवाने की जहमत उठा रहे है। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि कई महीने बीत जाने के बाद भी खराब पड़े हैंड पम्प का मरम्मत नहीं हो पा रहा है। हैण्डपम्प के आस पास बड़े बड़े घास उग गये है तथा मरम्मत के अभाव में हैण्डपम्प में जंग पकड़ने लगा है। मुहल्ले के दर्जनों परिवार पानी के लिए के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।किसी तरह अन्य जगह से पीने के पानी की व्यवस्था करने को विवश हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि काफी समय से हैंड पम्प खराब पड़ा है। इसकी शिकायत हम लोगों ने ग्राम प्रधान तथा अधिकारियो से कई बार किया, लेकिन अभी पिछले कई महीनों से खराब पड़े हैंड पम्प को बनवाया नहीं गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पिछले लगभग चार महीना से हैंड पम्प खराब पड़ा है, शुद्ध साफ पानी पीने के लिए लोग दूसरे मोहल्ले में जाकर लेकर आते है। सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों को उठानी पड़ती है जानकारी न होने पर यह प्यास ही चले जाते हैं। नरसिंग मौर्य, अनिल मौर्य, राम जी, ज्ञान चंद्र, अजय, राकेश, अनिल पाल, सुनील कुमार पाल इत्यादि लोगों ने कहा कि अगर इस हैण्डपम्प को जल्द नही बनवाया गया तो हम लोग अब इसकी शिकायत विधायक के जन चौपाल में करेंगे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।